माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 98, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 14

जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 13

जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

वाराणसी। मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

लखनऊ। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गईं। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

किसान नेताओं ने टाला दिल्ली कूच, आज निकालेंगे कैंडल मार्च

किसान नेताओं ने कहा-अगले कदम के बारे में 29 फरवरी को फैसला

चंडीगढ़, एजेंसी

किसानों ने दिल्ली चलो आंदोलन को 29 फरवरी तक टाल दिया है। किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने 'दिल्ली चलो' आंदोलन को लेकर अगले कदम के बारे में 29 फरवरी को फैसला करेंगे। शनिवार को 'कैंडल मार्च' निकाला जाएगा और उसके दो दिन बाद वे केंद्र का पुतला फूंकेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने शुक्रवार शाम को यह निर्णय लिया। केएमएम नेता सरवन सिंह पंधेर ने खनौरी सीमा पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'आंदोलन के तहत अगले कदम की घोषणा 29 फरवरी को की जाएगी।' उन्होंने घोषणा की कि वे 24 फरवरी को कैंडल मार्च निकालेंगे और 26 फरवरी को केंद्र का पुतला फूंकेंगे। किसान नेताओं ने खनौरी में झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद बुधवार को 'दिल्ली चलो' आंदोलन को दो दिनों के लिए रोक दिया था।

मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

चंडीगढ़। किसान नेताओं ने कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब अधिकारियों ने बताया कि संभव नहीं है।

हरियाणा में पुलिस और किसानों में फिर टकराव

हिसार/अमृतसर। पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने काला दिवस मनाया और हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके।

किसान नेताओं पर रासुका लगाने का फैसला वापस

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि वह किसान आंदोलन का हिस्सा रहे कुछ किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के प्रावधानों को लागू करने के अपने फैसले को वापस ले रही है। एक दिन पहले अंबाला पुलिस ने कहा था कि वह आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत किसान नेताओं को हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर रही है।

एक नजर

लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन

मुंबई। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

सुहानी के परिजनों को आमिर ने बंधाया ढांढस

फरीदाबाद। बॉलीवुड फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर की मौत के बाद अभिनेता आमिर खान ने गुरुवार को यहां उनके परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। सुहानी भटनागर (19) की 16 फरवरी को दिल्ली एम्स में बीमारी के चलते मौत हो गई थी। सुहानी के करीबी रिश्तेदार नवनीत भटनागर ने शुक्रवार को बताया कि आमिर खान गुरुवार शाम छह बजे फरीदाबाद स्थित सुहानी के घर पहुंचे। दंगल फिल्म में आमिर खान ने अभिनेत्री के पिता का किरदार निभाया था। आमिर करीब 20 मिनट तक सुहानी के घर रूके और परिवार के सदस्यों से बातचीत कर ढांढस बंधाया।

हवलदार ने राइफल छीनकर साथी को गोली मारी, मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

छावनी क्षेत्र का मामला

- 6 ईएमई बटालियन में तैनात थे कमल जोशी, आरोपी हिरासत में

अमृत विचार : छावनी क्षेत्र में हवलदार ने संतरी की इन्सास राइफल छीनकर साथी हवलदार की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी हवलदार को गिरफ्तार कर लिया है।

संतरी ने पुलिस को तहरीर दी है। कैंट पुलिस के अनुसार असम के गांव हापलैंड निवासी 40 वर्षीय कमल जोशी 6-ईएमई बटालियन देहरादून में तैनात थे। सेवानिवृत्ति के दस्तावेज जमा करने के लिए वह बरेली छावनी क्षेत्र के मेहता द्वार स्थित यूनिट में आए थे। शुक्रवार की रात करीब 9.30 बजे कमल जोशी साथियों से बात कर रहे थे। उसी समय हवलदार रत्ना राजेश आया और उसने ड्यूटी पर तैनात संतरी ब्रजलाल की इन्सास राइफल छीनकर कमल की गर्दन पर रखकर गोली मार दी। गोली लगते ही कमल जोशी की मौत हो गई। वहां मौजूद दूसरे सैनिकों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर राइफल कब्जे में ले ली है। एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ तृतीय और सीओ प्रथम, कैंट इंस्पेक्टर विश्वजीत प्रताप सिंह व बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडेय मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने भी जांच की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

झोपड़ी में आग से 4 बच्चियां जिंदा जलीं

संवाददाता, फरीदपुर (बरेली)

अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को एक मकान की छत पर झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे चार बच्चियों की मौत हो गई। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने आग बुझाई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

गांव नवादा बिलसंडी में तीन भाई अमिताभ, भीम, अर्जुन पूरे परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। मकान छोटा होने के कारण छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। शुक्रवार दोपहर सभी भाई मजदूरी करने गए थे। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। आग की लपटें देख बच्चे झोपड़ी में घुस गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और झुलसने से मानवी, नीतू, प्रियांशी की मौके पर मौत हो गई, जबकि आराध्या बुरी तरह से झुलस गई। उसे पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत गंभीर होने पर निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। सूचना मिलने पर डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, पुलिस अधीक्षक देहात दक्षिणी मानुष पारीक घटनास्थल पर पहुंचे।

घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाते फील्ड यूनिट के सदस्य। ● अमृत विचार

- लुकाछिपी खेल रहे थे सभी बच्चे अचानक आग लगने से नहीं भाग सके
- फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी में हुआ हादसा, डीएम-एसएसपी पहुंचे

कानून से खेली महिला प्रोफेसर कोर्ट ने लगाया 15 लाख जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- सीनियर्स ने नियमित कक्षाएं लेने को कहा तो दर्ज करा दिया एससी-एसटी एक्ट में केस

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय(इविवि) के तीन वरिष्ठ प्रोफेसरों के खिलाफ एससी-एसटी कानून के तहत फर्जी प्राथिमिकी दर्ज कराने के लिए एक महिला प्रोफेसर पर शुक्रवार को 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

अदालत ने प्राथमिकी भी रद कर दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने इन तीन प्रोफेसरों- मनमोहन कृष्ण, प्रह्लाद कुमार और जावेद अख्तर की याचिकाओं पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा, इस मामले में कानून की धज्जियां उड़ाई गई हैं। शिकायतकर्ता ने विभागाध्यक्ष से व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने के लिए उन्हें और उनके साथियों को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास किया। कोर्ट ने कहा, जब वरिष्ठ अध्यापक, विभागाध्यक्ष उसे उचित ढंग से पढ़ाने और नियमित कक्षाएं लेने को कहते, वह उनके खिलाफ शिकायत करती। शिकायतकर्ता कानून के प्रावधानों को भलीभांति जानती है और वह निजी लाभ के लिए इन प्रावधानों का दुरुपयोग करती रही है। अदालत ने प्रत्येक मामले में पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की एक सहायक प्रोफेसर द्वारा चार अगस्त, 2016 को स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि तीन प्रोफेसरों द्वारा उसका अपमान किया गया और डांटते समय जाति सूचक शब्द कहे गए।

विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बैंक लोन धोखाधड़ी मामला

- दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए
- विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई।

अब अंतिम सांस ले रहा वामपंथी उग्रवाद: शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने विकास और सुरक्षा के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ नक्सलियों को जबरदस्त झटका दिया है, वामपंथी उग्रवाद अब अंतिम सांस ले रहा है। शाह ने हैशटैग 'नक्सल फ्री भारत' के साथ 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि केंद्र की नीतियों के कारण वामपंथी उग्रवाद अब आधार खो चुका है। सरकार ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों का दिल जीत लिया है।

पेपर लीक की चर्चा, डिग्री जलाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सुसाइड नोट में लिखा क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी

अमृत विचार : पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है।

सदर हवालात का सरिया काट हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

तीन पुलिसकर्मी निलंबित

- कोर्ट परिसर स्थित हवालात से हुए फरार, जेल से पेशी पर लाए गए थे

अमृत विचार : न्यायालय परिसर स्थित सदर हवालात से हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और गैंगेस्टर सचिन सैनी सरिया काटकर फरार हो गए। दोनों को बिथरी चैनपुर स्थित केंद्रीय कारागार दो से कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। मामले में एसएसपी ने एसआई वीरेंद्र कुमार, सिपाही प्रांशु कुमार और रॉबिन को निलंबित कर दिया है।

अभियोजन में तैनात दरोगा वीरेंद्र कुमार की तरफ से कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के लिए केंद्रीय कारागार-दो से 61 बंदियों को लाया गया था। शाम को पेशी के बाद जेल ले जाने को गिनती की गई तो कोतवाली के बिहारीपुर ढाल निवासी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी नहीं मिले। देखा गया तो हवालात की दो सरिया कटी मिली। जानकारी पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह पहुंचे। कोर्ट का चप्पा-चप्पा खंगाला गया लेकिन नहीं मिले। एसएसपी ने बताया कि सदर हवालात से दो बंदी फरार हुए हैं। चार टीमें तलाश कर रही हैं।

धरोहर शेरकोट महल, सियाऊ महल, शाहनपुर किला और धामपुर की प्राचीन इमारत के लिए राजघरानों के वंशजों ने पर्यटन विभाग में किए आवेदन

बिजनौर में कई हवेलियां, प्राचीन इमारतें और किले बनेंगे हेरिटेज होटल

अनुपम सिंह, बरेली

- सरकार की पर्यटन नीति के तहत प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल में बदलने की है योजना

अमृत विचार : राजाओं की हवेलियां, किले और आजादी से पहले बनीं प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए सरकार की पर्यटन नीति-2022 राजघरानों के वंशजों को रास आ रही है। बड़ी संख्या में राजाओं के वंशज इसके लिए आवेदन कर रहे हैं। मुरादाबाद मंडल के बिजनौर जिले में महल, किला और हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए चार आवेदन पर्यटन विभाग में किए गए हैं। बरेली मंडल में पीलीभीत से राजा लालता प्रसाद, हरिप्रसाद के वंशज राहुल प्रसाद अपनी पुस्तैनी हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए पहले ही आवेदन कर चुके हैं। पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष सिंह के अनुसार इन संबंध में अनुमोदन को लेकर विचार चल रहा है।

शेरकोट स्टेट में स्थित राजा रणजीत सिंह का महल।

बरेली मंडल के साथ ही मुरादाबाद मंडल के पर्यटन विभाग का क्षेत्रीय ऑफिस बरेली में है। बिजनौर की जिन चार प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किए गए हैं। उनका पुरातात्विक महत्व भी है। धामपुर तहसील में शेरकोट महल को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन करने वाले मानवेंद्र सिंह बताते हैं कि उनके परदादा रणजीत सिंह ने 1595 स्क्वायर मीटर में 1902 में महल का निर्माण कराया था। मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर स्थित इस महल को उन्होंने हेरिटेज होटल बनाने के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व से शेरकोट हाउस करीब 40 किमी दूर है। ऐसे में हेरिटेज होटल बनने के बाद महल पर्यटकों से गुलजार होगा। करोड़ों रुपये खर्च करके जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। बिजनौर के चांदपुर तहसील क्षेत्र में स्थित सियाऊ महल को हेरिटेज होटल में बदलने के लिए आवेदन करने वाले अनंत सिंह के मुताबिक, उनके पूर्वजों ने 1542 में महल का निर्माण कराया था। करीब 480 साल पुराने महल में 106 कमरे हैं, लेकिन होटल के लिए 30 कमरे बनवा रहे हैं। महल में पहले से ही विदेशी पर्यटक आते रहे हैं। डिजाइन में बदलाव किए बिना स्वीमिंग पुल से लेकर तमाम सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, ताकि आने वाले पर्यटक इसका लुत्फ ले सकें। नजीबाबाद तहसील में शाहनपुर किला को भी हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किया गया है। पूर्व सांसद राजा भारतेंदु सिंह के अनुसार माल्यन नदी के निकट करीब 1600 ईसवी में पूर्वजों ने किले का निर्माण कराया था। बताया कि वह चुनाव नहीं लड़ रहे इसलिए पूरा समय किले को हेरिटेज होटल बनाने में दे रहे हैं। धामपुर में स्थित प्राचीन इमारत को हेरिटेज होटल बनाने के लिए सादविन आसिफ ने आवेदन किया है।

...ताकि जिंदा रहे पूर्वजों की यादें

बिजनौर की धरती देवभूमि और तपोभूमि के लिए भी जानी जाती है। आवेदन करने वाले राजघरानों के वंशजों के मुताबिक पूर्वजों की यादों को बनाए रखने के लिए उन्होंने किला, हवेली को हेरिटेज होटल बनाने का निर्णय लिया है। पर्यटकों की चहलकदमी से हवेली, किले की ख्याति भी दूर तलक होगी। इससे पूर्वजों का नाम भी लोगों की जुबान पर रहेगा।

शहर में आज

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महिला समन्वय विभाग का संजय गांधी कम्युनिटी हॉल में तरुणी सम्मेलन दोपहर 12 बजे।
- बीडीए कार्यालय पर शिविर सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक।
- प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सुबह 11:30 बजे।
- उत्तर प्रदेश उद्योग एवं पर्यटन विकास द्वारा सेमिनार होटल एलए में शाम 4 बजे
- कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था पर समीक्षा बैठक दोपहर 1:30 बजे ।

कुतुबखाना पुल बनने के बाद भी खत्म न हुआ जाम तो क्या करेंगे

शहामतगंज और सेटेलाइट पुल की तरह बनने लगे टेंपो के अवैध स्टैंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कुतुबखाना पुल पर अगले सप्ताह से वाहनों का आवागमन शुरू हो सकता है। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी लेकिन कोहाड़ापीर और कोतवाली के सामने जाम की समस्या हो सकती है, क्योंकि इन दोनों छोर पर ऑटो-टेंपो वाले खड़े होकर सवारियां भरते हैं। वहीं पुल के नीचे भी जाम की समस्या हो सकती है। यही समस्या शहामतगंज और सेटेलाइट पुल बनने के बाद अवैध ऑटो स्टैंड से हो रही है।

शहामतगंज पुल बनने से शहर के एक छोर से दूसरे छोर जाने की समस्या काफी हद तक खत्म हो गई लेकिन पुल के एक छोर पर ईंट पजाया चौराहा और दूसरी छोर पर मानसिक चिकित्सालय के पास वाहन उतरने के दौरान जाम लगता है। पुल के नीचे भी जाम लगता है, क्योंकि इन सभी जगहों पर अतिक्रमण है और ऑटो-टेंपो खड़े होकर सवारियां भरते हैं। इससे दुकानदार भी परेशान हैं। शहामतगंज व्यापार मंडल के संरक्षक जफर बेग कई बार एसपी ट्रैफिक से मिलकर शहामतगंज में ऑटो की संख्या तय करने की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

कुतुबखाना में भी जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कुतुबखाना पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल लगभग बनकर तैयार है लेकिन यहां भी पुल के दोनों छोर पर जाम की समस्या हो सकती है। मौजूदा समय में अस्पताल रोड पर अतिक्रमण है। घंटाघर चौराहे, कोहाड़ापीर पुलिस चौकी और पेट्रोल पंप के पास ऑटो खड़े होकर सवारियां भरते हैं। इससे जाम लगता है। वहीं घंटाघर के पास मोतीपार्क के पास ऑटो स्टैंड है, इसलिए यहां भी जाम की समस्या रहेगी।

कोहाड़ापीर में पुल के सामने चौराहे पर जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

- पुल के नीचे जाम की समस्या रहेगी जस की तस
- कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास अब भी ऑटो से लगता है जाम

बड़ा पुल तो जाम लगने के स्थान भी ज्यादा

शहामतगंज पुल जहां 1017 मीटर है तो वहीं कुतुबखाना पुल 1305 मीटर लंबा है। पुल बड़ा होने की वजह से नीचे जाम लगने के स्थान भी ज्यादा हो सकते हैं। पुल बनने के बाद कोतवाली के सामने, घंटाघर, कुतुबखाना चौराहा, पुलिस चौकी के पास, पेट्रोल पंप के पास अन्य जगह जाम लग सकता है। शहामतगंज पुल के नीचे शाहदाना चौराहे, सैलानी मोड़ के अलावा अन्य जगह पर जाम लगता है।



कुतुबखाना पुलः डामर सड़क और व्यू कटर का काम भी पूरा

बरेली, अमृत विचार : कुतुबखाना पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। शुक्रवार को डामर सड़क भी बनकर तैयार हो गई। पुल के दोनों तरफ व्यू कटर लग चुके हैं, सिर्फ फाइबर शीट लगाने का काम रह गया है। सेतु निगम के डीपीएम अरुण कुमार का कहना है कि 111 करोड़ रुपये से 1305 मीटर लंबे कुतुबखाना पुल पर एक मार्च से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन चल सकेंगे। इससे नावल्टी से कोहाड़ापीर तक का करीब 20 मिनट का रास्ता तीन मिनट में पूरा हो जाएगा। पुल के नीचे सर्विस रोड का निर्माण भी अंतिम दौर में है। पुल पर स्ट्रीट लाइटें भी लग गई हैं।

बीडीए कार्यालय में आज लगेगा रजिस्ट्री शिविर

बरेली, अमृत विचार : बीडीए रामगंगा नगर में ग्रेटर बरेली योजना में 50 फीसदी रजिस्ट्री कराने के लिए शनिवार को सुबह 11 बजे से कार्यालय में शिविर लगाएगा। इसमें 70 करोड़ रुपये की रजिस्ट्री की उम्मीद की जा रही है। शिविर में करीब 26 किसान बीडीए के पक्ष में अपनी रजिस्ट्री कराएंगे। रामगंगा नगर में नर्मदा, गंगा ब्रह्मपुत्र, कावेरी, अलकनंदा और अन्य योजनाओं में सैकड़ों लोगों ने भूखंड का पूरा भुगतान तो कर दिया है लेकिन रजिस्ट्री कराने में पीछे हट रहे हैं। इसका कारण रजिस्ट्री कार्यालय में लगने वाली भीड़ और समय का अभाव है। इसकी वजह से शनिवार को शिविर लगाया जा रहा है। इसमें भूमि अर्जन वालों के साथ-साथ आवंटियों के भूखंड की भी रजिस्ट्री कराई जाएगी।

डोर टू डोर : साफ्टवेयर से एजेंसी के कार्यों की निगरानी की जाएगी

बरेली, अमृत विचार : शहर में एक मार्च से एजेंसियां डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू करेंगी। कूड़ा कलेक्शन की निगरानी साफ्टवेयर के माध्यम से की जाएगी। शुक्रवार को एजेंसी ने नगर निगम के ट्रिपल आई सी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) में साफ्टवेयर का प्रस्तुतीकरण दिया।

- अफसरों ने देखे साफ्टवेयर के जरिए नजर रखने के तरीके

शुक्रवार को दोपहर कमांड कंट्रोल सेंटर में अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक लेखाधिकारी ने एजेंसियों की तकनीक को देखा। एजेंसी ने बताया कि साफ्टवेयर के जरिए एप से अफसर किसी भी समय डोर टू डोर एजेंसी के कर्मचारियों की हर गतिविधि पर नजर रख सकेंगे।

हर घर से कूड़ा उठा या नहीं, किसी मोहल्ले या गली में एजेंसी का वाहन गया तो वहां कितनी देर रुका रहा, गली में समय ज्यादा लगाया या कम, इस पर भी नजर रखी जा सकेगी। इसके अलावा मोहल्ले में दो वाहनों की जरूरत है और एजेंसी ने एक वाहन लगाकर काम कराया तो यह भी अनियमितता की श्रेणी में आएगा। इस संबंध में अफसरों ने बताया कि एक मार्च से एजेंसी काम करना शुरू कर देगी। उसकी तैयारी की जा रही है।

गर्मियों की छुट्टियों के लिए अभी से कर लें ट्रेनों में सीट की बुकिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभी चूके तो आगे कन्फर्म टिकट मिलना होगा मुश्किल
- गरीब रथ, अवध असम समेत कई ट्रेनों में अभी से वेटिंग दिखने लगी

अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियों में ट्रेन से कहीं जाने की योजना बना रहे हैं तो जरूरी है कि एक बार ट्रेनों में बर्थ की उपलब्धता जांच लें। नहीं तो टिकट मिलना मुश्किल हो सकता है। समर सीजन में ट्रेनों की डिमांड इस कदर है कि कई ट्रेनों में अभी से वेटिंग शुरू हो गई है। गरीब रथ, अवध असम, पुरबिया, न्यू जलपाई गुड़ी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के अंदर मई में कन्फर्म टिकट मिलना बेहद मुश्किल है। खास तौर से स्लीपर श्रेणी में। दूसरी ट्रेनें भी तेजी के साथ वेटिंग की तरफ बढ़ रही हैं।

शुक्रवार शाम तक की स्थिति के अनुसार ट्रेन संख्या 12204 सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस में 11 मई को 27 वेटिंग, 12 मई 32 वेटिंग, 15 मई 30 वेटिंग, 18 मई को 29 वेटिंग, 15910 अवध असम एक्सप्रेस में 10 मई को 6 वेटिंग, 11 मई को 15 वेटिंग, 12 मई को 11 वेटिंग, 13 मई को 4 वेटिंग, 15280 पुरबिया एक्सप्रेस में 10 मई को 13 वेटिंग, 13 मई को 12 वेटिंग, 17 मई को 14 वेटिंग, 20 मई को 10 वेटिंग, 19601 उदयपुर न्यू जलपाई गुड़ी एक्सप्रेस में 11 मई को 3 वेटिंग, 18 मई को 5 वेटिंग, 25 मई को 3 वेटिंग, एक जून को 5 वेटिंग दिखा रहा है। इसके अलावा अप्रैल में भी अधिकतर ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल है। हालांकि अप्रैल, मई और जून में कई ट्रेनों में टिकट उपलब्ध हैं। जल्द ही इनमें भी उपलब्धता तेजी के साथ कम होगी।

मुंबई की ट्रेन मई-जून में पूरी तरह पैक

मुंबई जाने वाले सबसे लोकप्रिय रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस मई और जून में पूरी तरह पैक हो चुकी है। इस ट्रेन की स्लीपर श्रेणी में मई में तो थोड़ी जगह फिर भी बाकी है, लेकिन एसी श्रेणी जून में पूरी तरह फुल है। 22976 रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस की स्लीपर श्रेणी में 3 मई को 69 वेटिंग, 17 मई को 58 वेटिंग, 24 मई को 69 वेटिंग, 31 मई को 98 वेटिंग, 07 जून को 84 वेटिंग, जबकि एसी श्रेणी में 21 जून तक लंबी वेटिंग है।

समर स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए प्रस्ताव

समर स्पेशल ट्रेनें चलाने के लिए इज्जतनगर रेल मंडल से प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है। वहीं मुरादाबाद रेल मंडल से कई रूटों पर समर स्पेशल ट्रेनों को दौड़ाने की तैयारी है। इज्जतनगर रेल मंडल ने काठगोदाम से मुंबई सेंट्रल के बीच समर स्पेशल चलाने का प्रस्ताव भेजा है। अनुमति मिलने के बाद अप्रैल में इस ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा।

तेल हो या दूध सभी में मिलावट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 539 नमूनों की जांच में 257 खाद्य पदार्थ खाने योग्य नहीं निकले
- 217 नमूने अधोमानक और 40 नमूने पाए गए असुरक्षित

अमृत विचारः जिले में खाद्य पदार्थों के रूप में किस हद तक जहर बिक रहा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा लिए गए नमूनों में करीब 48 प्रतिशत फेल हो गए, जाहिर है यह खाने लायक नहीं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) द्वारा पिछले साल लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों में जनवरी माह तक 539 की रिपोर्ट आ चुकी है, जो बेहद चिंतित करने वाली है। इनमें 257 खाद्य पदार्थों के नमूने फेल हुए हैं। 217 नमूने अधोमानक और 40 नमूने असुरक्षित पाए गये। इसके अलावा 24 मिथ्या छाप और 10 नमूने नियमों के विरुद्ध पाए गए।

जो नमूने असुरक्षित पाए गए हैं, उनमें दूध व दूध से बने उत्पाद, तेल और नमकीन जैसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं। जाहिर है सैंपलिंग से पहले इन खाद्य पदार्थों की बिक्री भी की जा रही थी और जमकर इनका सेवन भी हुआ। फिलहाल विभाग की तरफ से वाद दायर कराए गए हैं।

> बीते साल जो नमूने लिए गए थे उनमें 539 की रिपोर्ट जनवरी तक आई है। जबकि इस वित्तीय वर्ष में 450 खाद्य पदार्थों के नमूने अब तक लिए जा चुके हैं। जो नमूने अधोमानक व असुरक्षित पाए गए हैं उनमें वाद दायर किया गया है। - **अपूर्व श्रीवास्तव**, सहायक आयुक्त द्वितीय, एफएसडीए

होली पर अभियान चलाकर होगी कार्रवाई

होली पर रंगीन कचरी, मावा, तेल, रिफाइंड, मिठाई की जमकर बिक्री होती है। इस दौरान खाद्य पदार्थों में जमकर मिलावट की जाती है। ऐसे में विभाग की तरफ से अभियान चलाकर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मुख्यालय से आदेश मिलने के बाद नमूने लिए जाएंगे।

टैक्स और निर्माण मुद्दों पर अफसरों को घेरने की तैयारी में जुटे पार्षद

- नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 28 को होगी
- 700 करोड़ का बजट पास होने का अनुमान

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 28 फरवरी होगी। इसमें विकास कार्यों के लिए बजट को रखा जाएगा। 700 करोड़ का बजट पास होने का अनुमान है। खास बात यह है कि इस बार सुबह कार्यकारिणी तो शाम को बोर्ड की बैठक होगी। टैक्स, निर्माण के मुद्दों पर पार्षद एक बार फिर अफसरों को घेरने की तैयारी में जुट गए हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले निगम ने विकास कार्यों की रुपरेखा तैयार कर ली है। इसके लिए बोर्ड बैठक में बजट पास कराने की प्रक्रिया चल रही है। इस बार का बजट पिछली बार से ज्यादा होगा। बैठक में शिकमी किरायेदारों का मामला हल नहीं होने तक किराये बढ़ाने पर भी चर्चा की जा सकती है। साथ ही टैक्स विभाग की कमियों को भी उठाने की तैयारी है। जनता से लिए जा रहे अनर्गल टैक्स के बारे में पार्षदों ने साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। उपसभापति सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि बैठक में शहर के विकास को लेकर सदस्य चर्चा करेंगे। कार्यकारिणी समिति की ओर से बजट स्वीकृति मिलने के बाद एक सप्ताह में सदन में बजट पेश किया जा सकेगा।

मरम्मत के चलते लिया शटडाउन एक लाख घरों में गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई इलाकों में सात घंटे तक की गई कटौती, परेशानी से जूझे लोग
- अनुरक्षण कार्य खत्म होने के बाद लोगों ने ली राहत की सांस

अमृत विचारः गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए लाइनों पर की जा रही मरम्मत लोगों के जी का जंजाल बन गई है। शुक्रवार को अलग-अलग इलाकों में अनुरक्षण कार्यों के चलते करीब एक लाख घरों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। अनुरक्षण कार्य खत्म हुए तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

विद्युत उपकेंद्र कोहाड़ापीर के गांधीनगर और नैनीताल फीडर, संजय नगर, जोगी नवादा, बाबा वनखंडी नाथ मंदिर फीडर, शाहदाना विद्युत उप केंद्र के ही हजियापुर, माधोबाड़ी, कांकरटोला, शास्त्री मार्केट, मठ की चौकी, गंगापुर, रबड़ी टोला, कसाई टोला, सैलानी, पुराना शहर, कटरा चांद खां, सेमलखेड़ा, सिंधुनगर फीडर और विद्युत उप केंद्र डीडीपुरम की बिजली कटौती 220 केवी दोहना लाइन के अनुरक्षण कार्य की वजह से शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक सात घंटे के लिए बाधित रही। इसकी वजह से करीब 36 हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए।

नगरीय विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को मेंटिनेंस कार्य कराने के लिए 11 केवी महानगर पार्ट टू फीडर दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक बंद रखा गया। 11 केवी पीर बहोड़ा फीडर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहा। वहीं जगतपुर उपकेंद्र पर 33 केवी की नई लाइन के लिए कार्य कराया गया। जिससे जगतपुर क्षेत्र से जुड़े समस्त क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रही। करीब 25,500 उपभोक्ताओं को कटौती झेलनी पड़ी। वहीं, विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रथम के एक्सईएन अमित आनंद ने बताया कि कुतुबखाना क्षेत्र में दो घंटे के लिए अनुरक्षण कार्य किए गए जिससे 14,500 उपभोक्ता प्रभावित हुए। विद्युत वितरण खंड बरेली प्रथम के अधिशासी अभियंता यूसी सोनकर ने बताया कि विद्युत उप केंद्र फतेहगंज पश्चिमी से निर्गत 11 केवी की लाइन पट्टी, शाही, सर्जन, भिटौरा, राजश्री व इनसे संबंधित अन्य विद्युत लाइनों पर अनुरक्षण कार्य किया गया। जिसकी वजह से करीब 14 हजार घरों में सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

इन इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अनुरक्षण कार्यों के चलते शनिवार को भी उपभोक्ताओं को तकलीफ झेलनी पड़ेगी। 11केवी आशुतोष सिटी फीडर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। जिससे आशुतोष सिटी, सृजन स्टेट, छोटी विहार, संभव अस्पताल के आस पास आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 केवी जगतपुर पोषक सुबह 11 बजे से 5 बजे तक बंद रहेगा। यहां भूमिगत केबल को डबल पोल पर चढ़ाने का कार्य किया जाएगा जिससे जगतपुर, मीरा की पेठ, चकचुंगी, रोहली टोला, पशुपति विहार, सतीपुर आदि क्षेत्र में सप्लाई बाधित रहेगी। 11 केवी वीरसावरकर नगर फीडर अनुरक्षण कार्य के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा जिससे वीर सावरकर नगर, अंबिका आवास, नॉर्थ सिटी एक्सटेंशन, बन्नूवाल नगर, जागेश्वर धाम कॉलोनी, कुर्मांचल नगर, हनुमान सिटी की आपूर्ति बाधित रहेगी।

प्रभारी मंत्री आज कानून व्यवस्था और पर्यटन कार्यों की समीक्षा करेंगे

बरेली, अमृत विचार : पर्यटन विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी जयवीर सिंह शनिवार को विकास कार्य, कानून व्यवस्था और पर्यटन विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करने के लिए आ रहे हैं। इसको लेकर शुक्रवार को सभी विभागों के अफसर कागजी आंकड़े दुरुस्त करने में जुटे रहे, ताकि मंत्री के सामने हर सवाल का जवाब दे सकें।

पर्यटन मंत्री सुबह करीब सवा दस बजे फरीदपुर की लौंगपुर ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा राशन की दुकान का उद्घाटन करेंगे। 11.30 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। 12 बजे सर्किट हाउस में ही पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करेंगे।

ऐसे ही हो रहे काम, मौके पर नहीं जा रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दुर्गानगर में सड़क पर सीमेंट-पत्थर की परत के बजाए कीचड़ की परत बिछाई जा रही थी

अमृत विचार : कागजों में मजबूती से बनाई जा रही सड़क मौके पर भी मजबूत है कि नहीं इसे देखने की फुर्सत अधिकारियों के पास नहीं है। ठेकेदार ने सड़क बनाने के लिए कीचड़ को सुखाकर उसकी परत डाल दी और जिम्मेदार नदारद रहे। दुर्गानगर में पूर्व पार्षद की सक्रियता ने अफसरों और ठेकेदार की मंशा पर पानी फेर दिया लेकिन ऐसे कितने ही निर्माण कार्य मनमानी के फेर में फंसे हैं।

मेयर डा. उमेश गौतम, डीएम रविन्द्र कुमार के साथ-साथ नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स भी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं करने की बात हर बैठक में करते हैं लेकिन अधीनस्थों पर इसका असर नहीं हो रहा। निर्माण कार्यों में जब कंक्रीट का काम हो रहा हो तब मौके पर एई-जेई का रहना जरूरी होता है ताकि माप पुस्तिका में निर्माण कार्य में लगी सामग्री का सही आंकलन दर्ज हो सके।

दुर्गानगर में जिस तरह का काम हो रहा था उसने अफसरों और ठेकेदारों की मिलीभगत की पोल खोल दी है। पूर्व पार्षद नरेश पटेल की सक्रियता ने जनता को खराब गुणवत्ता वाली सड़क से भले ही बचा लिया लेकिन निर्माण कार्यों से जुड़े जानकारों का कहना है कि ठेकेदार का साहस नहीं है कि वह गुणवत्ता से समझौता करने की सोच सके अगर उसे सह न मिली हो। बताया गया कि सड़क पर सीमेंट युक्त पत्थर की परत बिछानी चाहिए थी लेकिन नहीं बिछाई गई। उसकी जगह टूटी नाली के बोल्डर और नाली से निकली कीचड़ का प्रयोग किया जा रहा था। वीडियो में भी टूटी नाली के बड़े पत्थर दिखाई पड़ रहे है।

पूर्व पार्षद नरेश पटेल ने बताया कि इस सड़क को बनाने के लिए दो साल से प्रयासरत थे। अपने कार्यकाल में मार्ग नहीं बनवा पाए लेकिन अब सड़क बनना शुरू हुई है तो निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराने की जिम्मेदारी अफसरों की है। वह मौके पर होते तो गड़बड़ी नहीं होती।

दुर्गानगर में कीचड़ को सुखाकर सड़क निर्माण में किया जा रहा इस्तेमाल। ● अमृत विचार

> ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। वह एस्टीमेट के अनुसार ही काम कराए। गुणवत्ता से समझौता होने पर कार्रवाई की जाएगी।
> -**पुनीत ओझा**, मुख्य अभियंता नगर निगम

शहर में 27 से भूड़ से शुरू होगा सफाई अभियान

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम 27 फरवरी से सफाई अभियान चलाएगा। इसकी शुरुआत भूड़ वार्ड से की जाएगी। इस अभियान में शहर में हर चौराहा, खाली प्लाट, नालियों में सफाई कराई जाएगी और जनता को भी जागरूक किया जाएगा। इस दौरान स्कूल-कालेजों में बच्चे रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश देंगे।

नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग में काफी सुधार होने के बाद शहरवासियों की भी जिम्मेदारी बढ़ गई है। इसी के लिए स्वच्छता महाअभियान चलाया जा रहा है। इसमें जनता को खुले में कूड़ा नहीं फेंकने और सूखा गीला कूड़ा अलग करके देने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान दीवारों पर पेटिंग कराकर भी जनता को जागरूक किया जाएगा। बताया कि बरेली को प्रदेश में सफाई के मामले में 11वीं रैंक मिली है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर कई अभियान चलाए गये इसके लिए भी जागरूक किया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना बनाई गई है। दुकानों के साथ साथ सब्जी मंडी, ठेलों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को घर से ही बैग लेकर चलने की आदत डालनी चाहिए। दुकानदार यदि ग्राहकों को सुविधा देना चाहते है तो पेपर बैग रखें ओर उसमें सामान दें।

धूप से बढ़ेगा पारा कल छाए रहेंगे बादल

बरेली, अमृत विचार : मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। दिन में तेज धूप की वजह से गर्मी हो रही है और रात में ठंड हो रही है। पिछले तीन दिनों में रात के तापमान में आठ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। आने वाले दिनों में तेज धूप खिलने से अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। हालांकि 25 जनवरी को बादल छाए रहेंगे। शुक्रवार को जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.2 और न्यूनतम पांच डिग्री कम 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में अब मौसम पूरी तरह साफ रहेगा।

उद्योग बंधु की बैठक में फिर छाई रहीं समस्याएं, समाधान कुछ नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- टोल प्लाजा पर जाम, औद्योगिक क्षेत्र की बदहाल सड़कें जलभराव समेत कई मुद्दे उठे
- सीडीओ की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में हुई बैठक

अमृत विचारः उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने खुलकर गुस्सा जाहिर किया। कहा कि सालों से लगातार जो समस्याएं उठाते आ रहे हैं वे बरकरार हैं। औद्योगिक क्षेत्र की बदहाल सड़कें, जलभराव, बिजली, पानी की समस्याएं हल होने में नहीं आ रहीं।अधिकारी शिकायत पर हर बार आश्वासन देते हैं लेकिन होता कुछ नहीं।

विकास भवन सभागार में शुक्रवार को सीडीओ जगप्रवेश की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने नाराजगी के साथ एक के बाद एक समस्याएं गिनाना शुरू कीं तो अधिकारी बगलें झांकने लगे। भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी अजय शुक्ला ने सीडीओ के सामने बैठक के औचित्य पर ही सवाल खड़े कर दिए। कहा कि टोल प्लाजा वाले इंडस्ट्रीयल एरिया वालों के पास नहीं बनाते।

जबकि टोल बनाते समय वादा किया था कि कोई परेशान नहीं होनी दी जाएगी। टोल की पांच लेन में तीन अधिकांश बंद रहने पर अक्सर जाम लगने की समस्या से अवगत कराया। इस पर सीडीओ ने टोल वालों पर शिकंजा कसने की बात कही।

रजऊ औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने कहा कि प्लाईवुड फैक्ट्री के लिए लाइसेंस नहीं मिल रहे हैं। पूर्व में इस समस्या को कई बार रखा जा चुका है। अधिकारियों की ओर से हर बार आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समस्या जस की तस है। जिसके चलते कोई नई प्लाइवुड इंडस्ट्री नहीं लग पा रही है। रिछा राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरिफ ने ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्या रखी। उपायुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मै. डेयरी क्राफ्ट इण्डिया लि को मेगा फूड पार्क में भूखंड आवंटित है। इस भूखंड से नदी की दूरी 30 मीटर है जो चिंताजनक है।

उक्त स्थान पर रिटेनिंग वाल बनाने के लिए पांच करोड़ 93 लाख सिंचाई विभाग को दिए जा चुके हैं। बैठक में बिमल रेवाड़ी, अभिनव अग्रवाल, राजेश कुमार गुप्ता, लाखन सिंह, आस मोहम्मद, सुरेश सुंदरानी आदि मौजूद रहे।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद अधिकारी और उद्यमी। ● अमृत विचार

परसाखेड़ा में सड़कें सलामत न स्ट्रीट लाइटें

बैठक में परसाखेड़ा में सड़कों के चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइटों का भी मुद्दा उठा। भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में पानी निकास की समस्या लंबे समय बाद भी दूर न होने पर उद्यमियों ने नाराजगी जताई। इस पर उपायुक्त उद्योग ने कहा कि जल निगम की ओर से 29 .55 लाख का प्रस्ताव मुख्यालय भेज दिया गया है। भोजीपुरा के उद्यमियों को 20 किमी के दायरे में टोल पास दिलाने आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बानखाना में आठ घरों में पकड़ी बिजली चोरी

बरेली, अमृत विचार : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रवर्तन दल प्रथम के उप निरीक्षक नरेश कुमार ने टीम के साथ अभियान चलाकर आठ घरों से बिजली चोरी पकड़ी। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। टीम को बानखाना में सनाऊल मुस्तफा, फरजान, आरिफ रजा, आसमा, फैजान, शाकिर, विनोद पाल औरा कोहाड़ापीर में जाबिर के यहां बिजली चोरी पकड़ी गई। टीम में अवर अभियंता इंद्रराज, हेड कॉन्सटेबल नरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

लपटों से घिरीं चारों बच्चियां जान बचाने को इधर-उधर भागती रहीं

लोगों का आरोप आग बुझाने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची दमकल

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : मकान की छत पर भूसे और पुआल रखी झोपड़ी में आग लगने से चार बच्चियों की दर्दनाक मौत से हर कोई दुखी है। कई गांव वालों ने बच्चियों को लपटों में घिरे होने के दौरान चिल्लाते हुए जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते देखा लेकिन वह कुछ नहीं कर सके।

लोगों ने बताया कि छत के ऊपर बने झोपड़ियों में भूसे और पुआल रखे थे। जिसमें ऊपर पन्नी भी चढ़ाई थी। बच्चियां आग की चपेट में आ गईं और बच्चे के लिए झोपड़ी में ही इधर से उधर भागती रहीं। वह चिल्लाते हुए खुद को बचाने के लिए भाग रही थीं। शोर-शराबा के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई और बॉल्टी से पानी डालकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि आग बुझाने के एक घंटे बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। वहीं दमकल कर्मियों का कहना है कि रेलवे फाटक बंद होने की वजह से थोड़ी देर हुई। अमिताभ के पांच बच्चों में से चार बेटियां और एक बेटा है। अमिताभ के छोटे भाई भी के दो बेटियां हैं। जिसमें एक बेटी की जलकर मौत हो गई। तीसरी भाई अर्जुन के तीन बेटियां हैं, जिसमें एक बेटी आराध्या की जलने से मौत हो गई। विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल घटनास्थल पर पहुंचे और बच्चियों के परिजनों को सांत्वना दी। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किए। क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार, प्रभारी निरीक्षक रामसेवक, तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह सहित राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। तहसीलदार फरीदपुर दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि आग कैसे लगी है, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों की हर संभव मदद की जाएगी।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

घटनास्थल पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान।

गांव में था भंडारा, एक साथ पहुंचे सभी लोग

गांव में भंडारा था, जिस कारण गांव के सभी लोग वहां पर एकत्र थे। वहीं से बच्चे भंडारा खाकर वापस घर आकर छत पर खेल रहे थे। धुआं उठता देख भंडारे में इकट्ठा हुए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए और पानी डालकर आग बुझाने में लग गए।

छोटे से मकान के ऊपर झोपड़ी बनी हुई थी। जिसमें आग लगने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल की निरीक्षण किया। पुलिस-प्रशासन परिजनों का पूरा सहयोग कर रहा है।

– **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

खेत में आग लगी महिला की झुलसकर मौत

शेरगढ़, अमृत विचार : शेरगढ़ के गांव नगरिया कला में गुरुवार शाम खेत में अलाव तापते समय गन्ने के खेत में आग लग गई। आग बुझाने के दौरान बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव नगरिया कलां निवासी शशि देवी (60) पत्नी स्वर्गीय मुन्नालाल गुरुवार के दिन किच्छा नदी की तलहटी स्थित अपने खेत को देखने गई थी। उसके साथ में नाती और नातिन भी थे। ठंड होने पर वह अलाव जलाकर तापने लगीं, इसी दौरान गन्ने के खेत में आग लग गई, जिसे बुझाने के चक्कर में वह बुरी तरह झुलस गई। बच्चों ने शोर मचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बच्चों ने घर आकर घटना की सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग खेत की ओर दौड़े और आग को बुझाया, हालांकि तब तक शशि देवी 50 प्रतिशत से अधिक झुलस चुकी थी। परिजन उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी शेरगढ़ ले गए लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। शशि की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रखा है।

एसडीओ के लिए रिश्वत लेता संविदा कर्मी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने शाहदाना स्थित विद्युत उपकेंद्र से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। अरविंद यह रिश्वत एसडीओ गौरव शर्मा के लिए ले रहा था। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसडीओ घर पर ताला लगाकर फरार हो गए।

एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के मुताबिक इज्जतनगर के सैनिक कॉलोनी निवासी संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार विद्युत उपकेंद्र शाहदाना स्थित कार्यालय में कार्यरत था। बारादरी के नवादा शेखान निवासी राकेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनके मकान और दुकान का डेढ़ लाख रुपये बिजली बिल बकाया होने के चलते कनेक्शन काट दिया गया था।

उन्होंने ओटीएस योजना के अंतर्गत एक लाख दस हजार रुपये दिसंबर 2023 में एसडीओ गौरव शर्मा से बातचीत करने के बाद जमा किए थे। आरोप है कि उनका दोबारा कनेक्शन जोड़ने के लिए एसडीओ से एनओसी मांगी गई थी। एसडीओ ने अपने कार्यालय में संविदा कर्मी के माध्यम से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन के टीम के साथ शुक्रवार को अरविंद कुमार को विद्युत उपकेंद्र शाहदाना स्थित कार्यालय से शाम 4 बजे गिरफ्तार कर लिया। एसडीओ गौरव शर्मा और संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एफआईआर दर्ज होने के बाद घर पर ताला लगाकर एसडीओ फरार

एंटी करप्शन टीम ने जैसे ही संविदा कर्मी अरविंद कुमार को को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया, वैसे ही एसडीओ गौरव शर्मा कार्यालय से फरार हो गए। टीम ने एसडीओ के आवास पर गई तो वहां भी ताला लगा मिला। एसडीओ को मोबाइल नंबर भी बंद जा रहा है। हालांकि टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार तलाश कर रही है। इससे पहले सुभाषनगर में भी बिजली कर्मचारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार एसडीओ गौरव शर्मा के लिए 20 हजार की रिश्वत ले रहा था। जिसे टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में जांच की जा रही है।

– **यशपाल सिंह**, सीओ एंटी करप्शन

एक नजर

गुजरात में बरेली के युवक की मौत, हत्या का आरोप

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव अंगूरी टांडा के युवक की सूरत, गुजरात में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक के पिता ने गांव की ही युवती और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

अंगूरी टांडा के अरशद ने बताया कि उनके बेटे शब्बू (19) को गांव की एक लड़की ने प्रेमजाल में फंसा लिया। लड़की अपने पति को छोड़कर पिता के पास रहती है। उन्होंने बेटे का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया था। रिश्ता तय होने की भनक लगने पर लड़की, उसकी बहन और गांव का एक युवक उनके बेटे को बहला फुसलाकर सूरत ले गए। उन्होंने शब्बू को तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। 22 फरवरी को सुभाषनगर पुलिस से सूचना दी कि उनके बेटे का शव गुजरात से आया है। उनके बेटे का शव युवती लेकर आई थी। जब उन्होंने युवती और उसके परिजनों से पूछताछ की तो कुछ भी नहीं बताया। अरशद का आरोप है युवती ने अपने साथियों की मदद से बेटे की हत्या करा दी है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक की मौत फांसी लगाने से हुई है।

घरेलू हिंसा मामले में निदा की अपील पर सुनवाई टली

विधि संवाददाता, बरेली : समाजसेवी निदा खान ने घरेलू हिंसा मामले में निचली अदालत के फैसले को जिला जज की अदालत में क्रिमिनल अपील दायर कर चुनौती दी है। इस मामले में निदा ने पति शीरान रजा खान और उनके परिजन उस्मान रजा खान उर्फ अंजुम मियां, सिम्मी, ईकान रजा खान आदि को विपक्षी बनाया है। विपक्षियों पर कोर्ट का नोटिस तामिल न होने के कारण सुनवाई टल गई। निदा के वकील भूपेंद्र भड़ाना ने बताया कि अदालत ने अपील पर सुनवाई को 28 फरवरी की तिथि नियत की है।

मोहनपुर रोड पर सड़क निर्माण से हो रही परेशानी

बरेली, अमृत विचार : नकटिया में मोहनपुर रोड पर लंबे समय से काम चल रहा है। पहले जगह-जगह आरसीसी सड़क बनाई गई। अब जिस जगह सड़क बनी उसके किनारे ईंटें लगाई जा रही हैं। निर्माण कार्य की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

कर चोरी की आशंका पर कार हाउस पर मारा छापा

कार हाउस शोरूम पर छापेमारी के दौरान जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रामपुर गार्डन में एसआईबी की टीम पहुंची तो मची खलबली**
- **कई दुकानदार शटर गिराकर खिसके, देर शाम हुई जांच**

अमृत विचार: जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की टीम ने रामपुर गार्डन में एक कार हाउस शोरूम पर छापेमारी की। इससे आसपास के दुकानदारों में खलबली मच गई। टीम ने शोरूम से क्रिय-विक्रय संबंधी अभिलेख चेक किए। देर शाम तक जांच जारी रही।

राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड वन ओपी चौबे ने बताया कि एक गोपनीय शिकायत पर पर शुक्रवार को एसआईबी की टीम रामपुर गार्डन स्थित कार के स्पेयर पार्ट्स बिक्री करने वाले शोरूम कार हाउस पर जांच के लिए पहुंची। इसकी जानकारी होने पर कई दुकानदार शटर गिराकर खिसक लिए। छापेमारी के दौरान टीम ने दुकान में मिले स्टाक का अभिलेखों से मिलान किया। वहीं, खरीद गए माल के बिलों की बारीकी से जांच की। ओपी चौबे के मुताबिक प्रथम दृष्टया जांच में गड़बड़ी मिली है। टीम ने कई अभिलेख कब्जे में लिए हैं। शनिवार को जांच पूरी होने पर पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

सड़ा गेहूं बांटने के मामले में अफसरों में मची खलबली

बरेली, अमृत विचार: प्रेमनगर थाना क्षेत्र में जनकपुरी के एक कोटेदार द्वारा सड़ा हुआ गेहूं बांटे जाने के मामले के बाद अधिकारियों में खलबली मची हुई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल अक्टूबर व नवंबर में आठ कोटेदारों के यहां से गेहूं के सैंपल लिए गए थे।

इनमें एक कोटेदार के यहां का सैंपल फेल हुआ था। दिसंबर में रिपोर्ट आने के बाद जनवरी में ही कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अनुमोदन को खाद्य आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ को पत्र लिख दिया गया था। पूर्ति विभाग से पता चला है कि जिस कोटेदार के यहां सड़ा हुआ गेहूं बांटने की बात की जा रही है उसके यहां कुल 240 ही कार्ड हैं। सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि कोटेदार के खिलाफ वाद दायर करने के लिए आयुक्त के अनुमोदन को रिपोर्ट जनवरी में ही भेज दी गई थी।

जिलाधिकारी ने बेटी का कांधरपुर आंगनबाड़ी केंद्र में कराया दाखिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **डीएम रविंद्र कुमार की भी गांव में ही शुरुआती शिक्षा हुई थी**
- **महंगे स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने को स्टेटस सिंबल मानने वालों को दिखाया आईना**

अमृत विचार : अधिकारियों, नेताओं के साथ सामान्य लोग भी अपने बच्चों को महंगे और चकाचौंध वाले स्कूलों में पढ़ाने का मोह त्याग नहीं पाते। ऐसे में डीएम रविंद्र कुमार ने अपनी सवा दो साल की बेटी रुद्राणी का आंगनबाड़ी केंद्र में दाखिला कराकर मिशाल पेश की है। उनकी भी शुरुआती शिक्षा गांव में ही हुई थी।

क्यारा ब्लॉक के कांधरपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। डीएम रविंद्र कुमार ने इसी केंद्र पर अपनी बेटी का पंजीकरण 20 फरवरी को कराया। पहले दिन डीएम की पत्नी खुद बेटी को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं। उन्हें देख आंगनबाड़ी कर्मियों में खलबली मच गई। उन्होंने माहौल सहज किया और बेटी को वहीं छोड़ दिया। शुक्रवार को रुद्राणी का आंगनबाड़ी केंद्र पर तीसरा दिन था। संचालिका के मुताबिक, जिलाधिकारी की बेटी तीन दिन से लगातार आ रही है। अन्य बच्चों के साथ काफी घुल मिल गई है।

जिलाधिकारी ने खुद भी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही एक हिंदी माध्यम स्कूल से प्राप्त की थी। बेटी का भी आंगनबाड़ी केंद्र में दाखिला कराकर उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी शिक्षा की बुनियाद पर प्रशासनिक सेवाओं की मजबूत इमारत खड़ी हो सकती है। इसी के साथ वह अन्य अधिकारियों के लिए भी उदाहरण बन गए। डीएम की इस पहल से जिले के बाकी अफसर प्रेरणा लें तो ठीक लेकिन यह तय है कि ऐसे कदमों से सरकारी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का रास्ता बनता है।

आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ती डीएम की बेटी।

डीएम की बेटी का दाखिला होने के बाद खत्म हुई जलभराव की समस्या

जिलाधिकारी की बेटी का दाखिला आंगनबाड़ी केंद्र में होने के बाद इसके सामने हमेशा रहने वाली जलभराव की समस्या दूर हो गई है। बताते हैं कि आसपास के लोग आंगनबाड़ी केंद्र के सामने पानी फेंकते थे जो भर जाता था। आने-जाने में भी दिक्कत होती थी। डीएम की बेटी का दाखिला होने की जानकारी के बाद उन लोगों ने पानी फेंकना बंद कर दिया है।

निजी अस्पताल पर आंख का गलत इलाज करने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : एक व्यक्ति ने एक निजी अस्पताल पर आंख का गलत इलाज करने और एक्सपायर ड्रॉप देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीएमओ से की है। सीएमओ ने जांच के लिए बोर्ड गठित किया है।

शहर के मोहल्ला साहूकारा निवासी संजय मेहरोत्रा ने सीएमओ को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी दायीं आंख का ऑपरेशन 25 दिसंबर को शहर के निजी अस्पताल में कराया था। ऑपरेशन के बदले में अस्पताल प्रबंधन ने 37 हजार 500 रुपये लिए। ऑपरेशन के कुछ दिन बाद आंख में दिक्कत होने लगी। दोबारा अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टर ने एक ड्रॉप दिया, लेकिन इससे कोई आराम नहीं मिला। ड्राप का रेपर देखने पर पता चला कि वह एक्सपायर है। इसकी शिकायत अस्पताल के डॉक्टर से की, लेकिन कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला। दूसरे नेत्र अस्पताल में जांच कराई तो पता चला कि आंख की दृष्टि में बदलाव आया है।

साक्षी की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दहेज में 10 लाख रुपये और कार लाने का दबाव बनाने और मारपीट का लगाया आरोप**

अमृत विचार : प्रेम विवाह कर चर्चा में आईं एक वरिष्ठ नेता की बेटी साक्षी मिश्रा ने ससुरालियों पर दहेज मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज में कार और दस लाख रुपयों की मांग की और मना करने पर मारपीट की। एसएसपी के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

साक्षी मिश्रा ने चार साल पहले वीर सावरकरनगर निवासी अजितेष से प्रेम विवाह किया था। अब साक्षी ने ससुर हरीश कुमार नायक, सौतेली सास शीला, जेठ अभिषेक कुमार, ननद अंवतिका रानी, जेठानी गुंजन अग्रवाल, जेठ अभिषेक कुमार और दादी सास सुशीला देवी पर दहेज मांगने का आरोप लगाया है। साक्षी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी उन पर पिता से दस लाख रुपये व कार लाने का दबाव बना रहे हैं। दहेज न लाने पर मकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि कई बार सामान फेंकने की कोशिश की। जब वह आठ माह की गर्भवती थीं, तब ननद और ससुर ने मारपीट की थी। दादी सास और सौतेली सास पर गाली गलौज करने और चरित्र पर उंगली उठाने का आरोप लगाया। बताया कि 18 फरवरी को जब उनके सुरक्षा कर्मी खाना खाने के लिए गए थे, तब शाम 5.30 बजे ससुर हरीश कुमार, जेठ अभिषेक कुमार और शील कुमार ऊपर आए और गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि सभी ने कहा कि तुम्हारे पिता विधायक नहीं रहे और अब कुछ नहीं कर पाओगी।

सोशल मीडिया पर वृद्धा को लाइव देख पहुंचे परिजन

बरेली, अमृत विचार: बरेली जंक्शन पर शुक्रवार देर रात कई घंटे से बैठी वृद्धा को रोते लोगों ने देखा तो समझा कि उन्हें कोई स्टेशन पर छोड़ गया है। इसके बाद कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर लाइव चलाना शुरू कर दिया।

लाइव देख थोड़ी देर में ही इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाले उनके रिश्तेदार जंक्शन पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वृद्धा की मानसिक हालत ठीक नहीं है जिसके चलते वह घर से निकल आईं। वह बदायूं की रहने वाली हैं। वहां से भी परिजन आ गए। लाइव वीडियो देखने पर जानकारी हुई तो पता चला कि वह जंक्शन पर पहुंच गई हैं। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि बुजुर्ग महिला को उनके परिजन अपने साथ ले गए हैं। वह संभवतः ट्रेन से स्टेशन पर आ गई होंगी।

ब्लेड से काटी हवालात की सरिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और गैंगस्टर सचिन सैनी के कोर्ट परिसर स्थित हवालात की सरिया काटकर फरार होने के बाद पुलिस तमाम तरह की आशंकाएं जता रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हेक्सा ब्लेड (आरी का ब्लेड) से सरिया को काटा गया। दोनों के पास ब्लेड का आधा हिस्सा था। दोनों ने दो बार पेशी पर आने के दौरान सरिया को काटा था। सवाल उठ रहा है कि दोनों के पास ब्लेड कहां से आया और किसने उपलब्ध कराया। बहरहाल एसओजी समेत पुलिस की चार टीमें दोनों की तलाश कर रही हैं।

अभियोजन में तैनात दरोगा वीरेंद्र कुमार ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दोनों खिड़की की दो सरिया काट कर फरार हो गए। दीवार से सटा हुआ एक पेड़ लगा हुआ है जिसकी एक डाल टूटी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि यहीं से दोनों कूदकर फरार हुए होंगे।

हवालात की काटी गईं सरिया।

फरार बंदी सचिन सैनी और अंकित यादव।

जेल अधीक्षक के आवास पर भी फायरिंग कर चुका अंकित

बरेली, अमृत विचार : हवालात से फरार बदमाश अंकित यादव के भाई की जेल में जेल कर्मियों ने पिटाई कर दी थी। इससे आक्रोशित होकर उसने वर्ष 2017 में जेल अधीक्षक के आवास पर फायरिंग कर दी थी। वहीं 2022 में जेल अधीक्षक के सीयूजी नंबर पर कॉल करके वार्डन को जान से मारने की धमकी भी दी थी। उसने चौकी गेट पर व्यापारी को फायर कर घायल कर दिया था। कोतवाली पुलिस जब उसके घर पर दबिश देने गई तो उसने कुत्ते दौड़ा दिए थे। आरोपी तत्कालीन बिहारीपुर चौकी इंचार्ज पर भी फायरिंग कर चुका है।

हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव पर दर्ज हैं 47 मुकदमे

आरोपी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव पर चोरी, लूट, अपहरण समेत गंभीर धाराओं में कुल 47 मुकदमे दर्ज हैं। उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। 28 दिसंबर को वह आर्म्स एक्ट में जेल भेजा गया था। सचिन सैनी पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज है। उसे बारादरी पुलिस ने जेल भेजा था। बारादरी पुलिस ने ही उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी।

हाथ-पैर गवां चुकी बेटी कैसे दे परीक्षा, डीएम से मदद की गुहार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पीड़िता के पिता बोले- परीक्षा के दौरान महिला को साथ रखने की दी जाए अनुमति**
- **चार महीने पहले शोहदों ने छात्रा को सीबीगंज में ट्रेन के आगे फेंक दिया था**

अमृत विचार : करीब चार महीने पहले सीबीगंज क्षेत्र में शोहदों द्वारा ट्रेन के आगे फेंकी गई छात्रा के पिता बोर्ड परीक्षा में मदद की गुहार लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर पीड़िता के पिता ने कहा कि घटना में उनकी बेटी हाथ-पैर गवां चुकी है। मौजूदा समय में बोर्ड की परीक्षा चल रही है। उनकी बेटी इंटर की छात्रा है। परीक्षा देने में समस्या हो रही है। दाहिना हाथ तो है, लेकिन बायां हाथ ऊपर से कटे होने की वजह से कॉपी पर पटरी से लाइन खींचने से लेकर अन्य तमाम समस्याएं हो रही हैं।

छात्रा के पिता ने डीएम से कहा कि ऐसी स्थिति में बेटी का भविष्य न खराब हो, इसलिए एक महिला को बेटी के साथ परीक्षा के दौरान मदद के लिए साथ में रहने की अनुमति दिलवा दीजिए, जिससे परीक्षा में वह मदद कर सके। जिलाधिकारी ने उन्हें मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने मामले में डीआईओएस को निर्देशित किया है। पीड़िता के पिता ने छात्रा के कृत्रिम हाथ, पैर लगवाने की मांग की। इसके बाद छात्रा और उसके पिता विकास भवन स्थित जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण के कार्यालय पहुंचे और अपनी बात कही। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि छात्रा की उम्र अभी 17 साल के आसपास है। उन्होंने आश्वास्त किया कि 18 की उम्र पूरी करते ही दिव्यांग पेंशन की योजना में उसे शामिल कर लिया जाएगा। कृत्रिम हाथ-पैर लगाने की व्यवस्था विभाग के पास नहीं है।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
    - 24 घंटे के अन्दर
    - 14 दिन के बाद भी
    - हथेली व तलुवे का भी पीला होना
    - Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना

(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

नौकरी लगवाने का झांसा दे महंत और साथियों ने पांच लाख ठगे

बाल विकास और वन विभाग में नौकरी लगवाने को लिए थे रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यमंत्री कार्यालय में की शिकायत, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : बाल विकास और वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक महंत और उसके साथियों ने कई लोगों से पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। नौकरी न लगने पर आरोपियों से पैसे मांगे तो आरोपी फरार हो गया। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत भेजी, जिसके बाद इज्जतनगर थाना पुलिस ने प्रतापगढ़ निवासी महंत, बदायूं निवासी एक व्यक्ति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के गांव अलखिया निवासी प्रेमपाल ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि मार्च 2023 में वह बदायूं जिले के थाना फैजगंज बेहटा के आसफपुर गांव में पुल वाले सिद्ध बाबा मंदिर पर टाइल्स लगाने गया था। इसी दौरान उनकी पहचान श्यामपुर निवासी राजवीर और प्रतापगढ़ जिले के कोटी अकबरपुर समसपुर निवासी महंत बाबा लक्ष्मणदास से हो गई। राजवीर और लक्ष्मणदास ने बताया कि सचिवालय में उनकी अच्छी पहुंच है। वह वन विभाग और बाल विकास विभाग में रिक्तियां निकलने पर नौकरी लगवा सकता है। कुछ दिन बाद आरोपियों ने बताया कि रिक्तियां निकली हैं और दो लाख रुपये देने होंगे।

दोनों की बातों पर भरोसा करके प्रेमपाल ने बेटी रूबी की नौकरी लगवाने के लिए एक लाख रुपये दे दिए और कुछ दिन बाद लक्ष्मणदास ने एक नियुक्ति पत्र दिया। जिस पर सचिव अनामिका सिंह के नाम के हस्ताक्षर थे। आठ मई को दोपहर 12 बजे राजवीर और लक्ष्मणदास पीड़ित के घर पर आए और वन विभाग में नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपियों ने उनके साले कैंट के पालपुर निवासी तनुज व तरुण के अलावा ऊधमसिंह नगर के गांव भकाय थाना किच्छा निवासी नेमचंद्र और अनिल से चार लाख रुपये ले लिए।

भेज दिए फर्जी नियुक्ति पत्र

मई में राजवीर ने अनिल, तनुज और नेमचंद्र के व्हाट्सएप पर नियुक्ति पत्र भेजे और कहा कि डाक से नियुक्त पत्र मिलने पर चार्ज लेने के लिए पहुंच जाना। कई माह तक जब नियुक्त पत्र नहीं आए तो पता चला कि व्हाट्सएप पर फर्जी नियुक्ति पत्र भेजे गए थे। जब पैसे वापस मांगने के लिए मंदिर पर पहुंचे तो पता चला कि लक्ष्मणदास फरार हो चुका है तो राजवीर से रुपये मांगे। इस पर राजवीर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मणदास, राजवीर और अनामिका सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के दोषी को पांच साल कैद

विधि संवाददाता, बरेली

- कोर्ट ने एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार : महिला के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के आरोपी बदायूं सिविल लाइन्स ग्राम पड़ौआ निवासी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव को परीक्षण में दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने अभियुक्त को पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है और दुष्कर्म, मारपीट, धमकी देने के आरोप से बरी कर दिया गया। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि पीड़िता ने 11 अक्टूबर 2020 को डीआईजी को तहरीर देकर बताया था कि उसके पास अरविंद अष्ट विनायक कंपनी के एरिया मैनेजर बनकर काम करने आते थे। वह प्रापर्टी डीलर का काम भी करता था और उसने कम पैसों में मकान दिलाने का वादा करके दो बार में पांच लाख रुपये ले लिए थे लेकिन उसने मकान अपने नाम करा लिया। आरोप है कि उसने 18 अप्रैल 2017 को मकान पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाये। वह करीब नौ महीने तक अरविंद के साथ पत्नी की तरह रही। 21 दिसम्बर 2017 को अरविंद उसे अपने गांव बदायूं ग्राम पड़ौआ ले गया और अपने माता-पिता को पत्नी बताया। वह वहां करीब दो महीने रही। इसी दौरान अरविन्द की पहली पत्नी घर वापस आ गई। 23 फरवरी 2018 को अरविंद के माता-पिता ने मारपीट कर पीड़िता को घर से निकाल दिया। उसके बाद वह सुभाषनगर थाना क्षेत्र स्थित मकान में वापस आकर रहने लगी, जहां उसके साथ अरविंद ने अप्राकृतिक संबंध बनाए। शासकीय अधिवक्ता ने छह गवाह पेश किये।

पुलिस ने तमंचे के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : किला पुलिस ने तमंचे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने बताया कि फरीदपुर पुलिस की सूचना पर स्वालेनगर रेलवे फाटक के पास से नई बस्ती किला निवासी राजकुमार को गिरफ्तार किया।

पुलिस सत्यापन में 120 हिस्ट्रीशीटर मिले मृत

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने अपराधियों की निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया, जिसमें 120 की मौत हो चुकी है और 2260 हिस्ट्रीशीटर जीवित हैं। इसके अलावा 80 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

जिले में 41 आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, जिसमें कुल 217 सक्रिय सदस्य शामिल हैं। वहीं 120 हिस्ट्रीशीटर जिला छोड़कर चले गए हैं। इसके अलावा 275 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है और 25 अपराधियों को जिला बदर किया गया। वहीं गैंगस्टर एक्ट के तहत 67 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिनमें 281 अपराधियों को आरोपी बनाया गया है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि चुनावों के दौरान हुए विवादों का भी पुलिस रिकार्ड खंगाल रही है। अपराधियों का सत्यापन कराया जा रहा है, जो भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

किसानों ने काली पट्टी बांधकर दिया मौन धरना

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता डॉ. रवि नागर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गांधी उद्यान में एकत्र हुए किसान

अमृत विचार: संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान एकता संघ के पदाधिकारियों ने गांधी उद्यान में काली पट्टी बांधकर मौन धरना दिया। धरना स्थल पर सिटी मजिस्ट्रेट राजीव मिश्रा को मंडल प्रभारी डॉ. रवि नगर ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

डॉ. रवि नागर ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार पर किसान आंदोलन की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि सरकार को किसान आंदोलनकारियों के ऊपर की जा रही बर्बरता को तत्काल बंद करना चाहिए। पं. राजेश शर्मा, श्यामपाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष सतीश मेहता, बहोरन लाल गुर्जर, जयसिंह यादव, डॉ. अंशु भारती, गिरीश गोस्वामी, संजय पाठक, राजेंद्र तिवारी, सत्येंद्र यादव, लालाराम गुर्जर, जयहिंद आदि किसान उपस्थित रहे।

कोर्ट के आदेश पर 11 महीने बाद पुलिस ने लिखी लूट की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना पुलिस ने 11 महीने बाद कोर्ट के आदेश पर लूट और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है।

सुभाषनगर की तिलक कॉलोनी निवासी बीना उपाध्याय ने बताया कि 12 मार्च 2023 को शाम सात बजे उनका बेटा शानू फिनिक्स मॉल से संजयनगर के रास्ते घर आ रहा था। रास्ते में संजयनगर निवासी रोहित ठाकुर, उसके भाई गोलू ठाकुर, रोहन ठाकुर और चार अज्ञात बदमाशों उनके बेटे की बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया और 20 हजार रुपये छीन लिए। आरोपियों ने तमंचों की बट मारकर घायल कर दिया और बारादरी थाने के सामने फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने उनके बेटे को झूठा मुकदमा लगाकर जेल भेज दिया था और उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रोहित, गोलू, रोहन और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

ठेकेदार भुगतान मामले में जांच के दावे को व्यापारियों ने नकारा

बरेली, अमृत विचार : ठेकेदार के भुगतान मामले में एक ओर जहां पीडब्ल्यूडी के अफसर जांच करने का दावा कर रहे हैं, वहीं व्यापारी नेता इसे सिरे से नकार रहे हैं। दरअसल, बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल और महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल की अगुवाई में पदाधिकारियों ने एसई अभिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा था। जिलाध्यक्ष का आरोप था कि पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार शिव कुमार का करीब दो साल से 50 लाख रुपये का भुगतान शेष है। इस दौरान प्रकरण की जांच के लिए कमेटी गठित करने की मांग की गई। व्यापारी नेताओं ने कहा कि कमेटी मौके पर जांच करने जाए तो व्यापार मंडल के एक पदाधिकारी भी बुलाया जाए। इस पर सहमति बन गई। एक्सईएन नारायण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कमेटी ने मौके पर जांच की। ठेकेदार की ओर से अतिरिक्त कार्य कराने की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट मिलने पर भुगतान को लेकर निर्णय लिया जाएगा। वहीं महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल का आरोप है कि जांच कमेटी में शामिल कोई अधिकारी मौके पर नहीं गया।

दो चोरों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

बरेली, अमृत विचार : किला में तीन युवकों ने दरवाजा चोरी करने वाले दो चोरों को किला पुलिस के हवाले कर दिया। किला इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले किला क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर का स्टील का दरवाजा चोरी हो गया। सेंथल निवासी शाहिद अली ने किला छावनी निवासी जाफर अली और ताहिर अली की मदद से किला छावनी के सोहिल और आरिफ को पकड़ लिया। दोनों के पास से स्टील का चोरी हुआ दरवाजा भी बरामद कर लिया है।

सार-संक्षेप

सफाई कर्मियों ने ऑनलाइन उपस्थिति का जताया विरोध

बरेली, अमृत विचार : ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रामलाल कश्यप के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमें ऑनलाइन उपस्थित में सफाई कर्मचारियों को आने वाली समस्याओं को बिंदुवार उठाया। डीपीआरओ ने ज्ञापन को शीघ्र ही निदेशक पंचायती राज को प्रेषित कर समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रविंद्र कश्यप, जिला महामन्त्री राजेश वाल्मीकि, जिला कोषाध्यक्ष कमलेश सागर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रनवीर सिंह पटेल, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह कोली आदि उपस्थित रहे।

आईजी ने कोतवाली का किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : आईजी डॉ. राकेश सिंह शुक्रवार दोपहर अचानक कोतवाली पहुंच गए। इससे पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। आईजी ने कोतवाली में कार्यालय, रजिस्टर, महिला डेस्क और निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि महिला अपराध में तत्काल प्रभाव से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करें। थाने में आने वाला कोई भी शिकायतकर्ता मायूस होकर न लौटे।

दबंगों ने बैंक की बंधक संपत्ति पर किया कब्जा

बरेली, अमृत विचार : पंजाब नेशनल बैंक की बंधक संपत्ति पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपी दंपती और उनके साथियों ने सुरक्षाकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी। एसपी सिटी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फतेहपुर जिले के दमापुर गांव निवासी मानवेंद्र सिंह ने एसपी सिटी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह जीएसएफ कंसल्टेंसी सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर हैं। नुसरत अली ने पंजाब नेशनल बैंक शाखा सिविल लाइंस से कर्ज लिया था। लोन न चुकाने पर बैंक ने इज्जतनगर के मुंशीनगर भाग दो बिहारमान नगला स्थित बंधक संपत्ति को पांच फरवरी को सीज कर कब्जा ले लिया। सुरक्षा के लिए उनकी कंपनी के गार्ड श्रीपाल व रजनेश को तैनात कर दिया गया। आरोप है कि सात फरवरी को नुसरत अली, उनकी पत्नी पाकीजा बेगम 25-26 लोगों के साथ बंधक संपत्ति पर पहुंचे। इनमें आठ-दस महिलाएं भी शामिल थीं। आरोपियों ने गार्ड श्रीपाल और रजनेश के साथ अभद्रता कर उनके मोबाइल छीन लिए। बैंक की ओर से लगाई गई सील को भी तोड़ दिया। दोनों सुरक्षा कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी।

सार-संक्षेप

इमेजिका किड्स फेस्ट बना यादगार

बरेली, अमृत विचार : लेडीज सर्किल इंडिया की ओर से शुक्रवार को रतन फार्म्स, डोहरा रोड पर इमेजिका किड्स फेस्ट आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्हें एक यादगार अनुभव प्रदान किया गया। किड्स फेस्ट के अन्य लोग भी हिस्सा बने। आयोजकों के अनुसार यह सिर्फ एक मेला नहीं था, बल्कि एक सामाजिक अभिवृद्धि भी था, जिसमें बच्चों में स्वयंसेवा के साथ उद्यमिता की भावना विकसित की गई।

बीसी सखी सविता को सीएम ने किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : वित्तीय वर्ष 2023-24 के राज्य स्तरीय वैनर्स समिति की तृतीय समीक्षा बैठक लखनऊ में हुई। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीसी सखी सविता गंगवार और रोहित कुमार को गांव परंधौली भोजीपुरा में अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया। वहीं, सामाजिक कार्य में केशव प्रसाद पाठक और विकास खंड मझगवां की अनीता का विशेष योगदान रहा।

धर्म की रक्षा के लिए अवतरित हुए थे श्रीराम

बरेली, अमृत विचार : बिहारीपुर स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में शुक्रवार को कथाव्यास पं. प्रकाश चंद्र पांडे ने कहा कि श्रीराम धर्म की रक्षा के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए। श्री राम ने समाज को जोड़ने का काम किया। डॉ. नीतू शर्मा, प्रेमलता, उषा राठौर, कुसुम रस्तोगी, दीपक सेठी, मयंक पांडे आदि मौजूद रहे।

वानप्रस्थ आश्रम के लिए भूमि पूजन कल

बरेली, अमृत विचार : श्री चित्रगुप्त समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट की ओर से पीलीभीत रोड स्थित ग्राम अड़ूपुरा जागीर में श्री धर्म हरि चित्रगुप्त धाम व वानप्रस्थ आश्रम के लिए भूमि पूजन 25 फरवरी को होगा। लल्ला मार्केट में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष राकेश सक्सेना ने बताया कि भूमि पूजन के बाद भंडारा होगा। रवि जौहरी, संदीप कुमार, प्रदीप सक्सेना, रिंकेश सौरखिया, अशोक कुमार सक्सेना, आतुर सक्सेना, अशोक सक्सेना, सुधीर सक्सेना, पूनम, प्रतिभा, प्रतिमा, नीलम रानी, अशोक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

कम खर्च में किया जा सकता है मुर्गी पालन

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के संयुक्त निदेशालय प्रसार शिक्षा विभाग की ओर से चलाए गए पांच दिवसीय मुर्गी पालन उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि पशुपालन में खर्चा अधिक आता है वहीं मुर्गी पालन बहुत कम खर्च में किया जा सकता है। कृषक महिलाएं भी इसको स्वरोजगार का साधन बना सकती हैं। प्रशिक्षण में 53 किसानों ने भाग लिया। प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को मुर्गी पालने के लिये 50 किग्रा दाने भी वितरित किए गए। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राम सिंह सुमन, डॉ. महेश चंद्र, डॉ. श्रुति, डॉ. मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

अनिल ब्लाक अध्यक्ष और रूपेंद्र बने मंत्री

बरेली, अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से शुक्रवार को बीआरसी में मझगवां ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। इसमें अनिल कुमार सिंह ब्लाक अध्यक्ष और रूपेंद्र सिंह मंत्री चुने गए। प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश गंगवार, पुष्पराज गंगवार और मनोज गंगवार की निगरानी में चुनाव हुआ। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ललित सिंह को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। मांडलिक मंत्री केसी पटेल, बलवीर सिंह, विजय गंगवार, मोर किशोर मौर्य, अंशु गंगवार, राहुल गंगवार, रवि पटेल आदि मौजूद रहे।

ज्योति कॉलेज में नर्सिंग छात्रों ने ली शपथ

बरेली, अमृत विचार : ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टैक्नोलॉली में शुक्रवार को लैंप लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. एबी भटनागर, डा. मनोज कुमार, डा. अक्षत अग्रवाल, डा. सीमा कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डीडी शर्मा ने नर्सिंग की जनक फ्लोरेन्स नाइटिंगेल के जीवन प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने नर्सिंग पाठ्यक्रम के पहले वर्ष के छात्रों को शपथ ग्रहण कराई। नर्सिंग उप-प्राचार्य विवेक त्रिवेदी, शिक्षिका अखिला एस नायर, उप-निदेशक अखिलेन्द्र सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनीता चौहान, कार्यकारी अधिकारी आरएस पाल, प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

अब एमबीबीएस परीक्षा की होगी रिकार्डिंग, कार्यक्रम बदला गया

तीन केंद्रों पर 28 से शुरू होगी परीक्षा, प्रभारियों को निर्देश जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस परीक्षा का शुक्रवार को एक बार फिर से कार्यक्रम बदल दिया है। एमसीआई (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया) ने परीक्षा के दौरान रिकॉर्डिंग के निर्देश जारी किए हैं, जिसकी वजह से विश्वविद्यालय ने नए कार्यक्रम जारी कर परीक्षा केंद्रों प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।

एमबीबीएस प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रोफेशनल भाग एक और दो की मुख्य और पूरक परीक्षा 28 फरवरी से शुरू हो रही है। चार मेडिकल कॉलेजों की परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं।

इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक परीक्षा की तिथि की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और इसकी सीडी बनाकर उपलब्ध कराई जाएगी। वीडियो रिकॉर्डिंग की वजह से प्रश्नपत्रों के बीच में अंतर किया गया है। अब परीक्षा 28 फरवरी से 13 मार्च तक होंगी।

इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

यूपी बोर्ड : नागरिक शास्त्र में 1889 छात्रों ने दी परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को सचल दलों ने दोनों पालियों में तीस केंद्रों पर छापेमारी की। पहली पाली में हाईस्कूल की फारसी की परीक्षा में पंजीकृत एक छात्र परीक्षा देने नहीं आया। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र की परीक्षा में 1961 पंजीकृत बालकों में से 1775 उपस्थित रहे और 2869 बालिकाओं में से 2755 बालिकाएं परीक्षा देने पहुंची। हाईस्कूल की संगीत गायन की परीक्षा में पंजीकृत 30 बालकों में से दो अनुपस्थित और 263 बालिकाओं में 13 अनुपस्थित रहीं। इंटर के व्यावसायिक वर्ग की सामान्य आधारिक विषय की परीक्षा में 445 पंजीकृत बालकों में से 423 उपस्थित और 22 अनुपस्थित और 519 बालिकाओं में से 8 अनुपस्थित रहीं। कृषि शस्य विज्ञान भाग एक की परीक्षा में 879 छात्रों में से 784 उपस्थित रहे। कृषि शस्य विज्ञान के छठे पेपर में 713 में से 700 छात्रों ने परीक्षा दी।

मल्टीमीडिया विषय की परीक्षा में शतप्रतिशत रही उपस्थिति

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12 वीं की मल्टीमीडिया विषय की परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति शतप्रतिशत रही। शुक्रवार को सुबह की पाली में अलखनाथ स्थित केंद्र ब्रज भूषण लाल पब्लिक स्कूल में परीक्षा हुई। इसमें सभी 26 छात्रों ने भाग लिया।

डिजिटल पेमेंट के लिए जागरूक कर रहा डाक विभाग

बरेली, अमृत विचार : छोटे दुकानदार व व्यवसायियों को डाक विभाग के डिजिटल पेमेंट सिस्टम से जोड़ने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पांच मार्च तक अभियान चलाया जाएगा। तीन हजार से अधिक दुकानदारों को डिजिटल सिस्टम पेमेंट से जोड़ने का लक्ष्य बरेली परिक्षेत्र की ओर से दिया गया है।

● **तीन हजार से अधिक दुकानदारों को डिजिटल सिस्टम पेमेंट से जोड़ने का लक्ष्य**

प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि डाक विभाग के डिजिटल पेमेंट सिस्टम से जुड़ने वाले दुकानदारों का इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाया जाएगा। इस अभियान में फल, सब्जी, दवा, परचून, इलेक्ट्रिक, फूल दुकानदार सहित छोटे एवं मध्यम व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को डाकघर से जोड़ने की दिशा में पहल कर डिजिटल लेनदेन के महत्व की जानकारी दी जा रही है। अभियान से पूर्व डाक मर्चेंट की महत्ता को आम जन तक पहुंचने के लिए आईपीपीबी प्रबंधक एवं विभाग के सभी डाक निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। इसके लिए डाकियों को भी प्रशिक्षण दिया गया है।

यूक्रेन के विश्वविद्यालय से रुविवि ने किया एमओयू

एमओयू के दौरान मौजूद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षक। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब यूक्रेन के सुमी स्टेट विश्वविद्यालय में जाकर और वहां के विद्यार्थी यहां आकर पढ़ाई कर सकेंगे। शुक्रवार को कुलपति समिति कक्ष में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) हुआ।

इसके तहत फैकल्टी और रिसर्च एक्सचेंज के साथ अन्य समझौतों पर दोनों विश्वविद्यालय के बीच आने वाले समय में कार्य किया जाएगा। एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन मात्र एक कागजी कार्रवाई होकर नहीं रहना चाहिए बल्कि इसके अंतर्गत दोनों ही विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों एवं शोधार्थियों को इसका लाभ प्राप्त होना चाहिए। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स प्रो. एसके पांडे, प्रो. सरबजीत सिंह बेदी, प्रो. भोला खान, प्रो. संजय गर्ग, डॉ. अतुल कटियार, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. एमएस करुणा, डॉ. आशुतोष प्रिय, डॉ. देश दीपक शर्मा और सुमी स्टेट यूनिवर्सिटी से वासिल डी. करपुषा, इवान एस. कोजी, कोस्त्यन्तिन किरिचेंको, ओलेक्सी ल्यूल्योव और विटालिया कोइबिचुक मौजूद रहे।

छात्रों को कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग में जागरूक किया

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सीएसआईटी विभाग में फाउंडेशन ऑफ प्रोग्रामिंग स्ट्रैटजीज एंड सॉल्यूशन विषय पर वैल्यू एडेड प्रोग्राम हुआ। इसके माध्यम से बीटेक और एमसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में जागरूक किया गया। इससे छात्रों को कॉन्सेप्ट, लॉजिक, सिंटेक्स को समझने में मदद मिलेगी और कम्प्यूटर की नई भाषाओं को सीखने में रुचि बढ़ेगी। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. विनय ऋषिवाल, डॉ. इरम नईम, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. पूजा यादव, डॉ. प्रीति यादव, डॉ. अनिल बिष्ट, दीपिका यादव, प्रभात कुमार, सुमी मुखर्जी, आशुतोष शंखधार और हरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

जरा सी अनदेखी बच्चों को बना रही मेनिनजाइटिस का शिकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बच्चे को कई दिनों से बुखार आ रहा है तो कतई अनदेखी न करें। इससे बच्चा गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकता है। दरअसल, जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में एक माह में चार बच्चों में जानलेवा मेनिनजाइटिस की पुष्टि हुई है। स्टाफ ने परिजनों ने जानकारी की तो पता चला कि बच्चे को कई दिनों से बुखार आ रहा था। कुशल चिकित्सक से इलाज न कराने के चलते बच्चा मेनिनजाइटिस से ग्रसित हो गया। इस समय मेनिनजाइटिस से ग्रसित दो बच्चों का इलाज चल रहा है।

क्या होता है मेनिनजाइटिस : वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीस बेग के अनुसार बच्चे को लगातार बुखार आ रहा है तो इसको नजर अंदाज न करें। मेनिनजाइटिस बीमारी एक विषाणु ग्रुप बी वायरस के कारण होता है। यह विषाणु बहुत थोड़े समय में मस्तिष्क के स्पाइनल कार्ड तथा मस्तिष्क की झिल्लियों (मेनिनजीज) में संक्रमण पैदा करता है। सुधार न होने पर मौत हो जाती है। इसलिए बच्चे को दो दिन से अधिक बुखार होने पर फौरन कुशल चिकित्सक की सलाह लें।

बच्चा वार्ड में भर्ती मरीज।

● **जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में दो बच्चों में मेनिनजाइटिस की पुष्टि**

ये हैं लक्षण

बुखार, सिर दर्द, गर्दन में अकड़न, पेट खराब, उल्टी, चिड़चिड़ापन, भूख न लगना, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली परत में सूजन

होम्योपैथिक अस्पताल की ओपीडी में बुखार रोगियों की संख्या बढ़ी

बरेली, अमृत विचार : मौसम में बदलाव के साथ बुखार और पेट संबंधी रोगियों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में हर रोज 40 रोगी बुखार के पहुंच रहे हैं। कुछ समय पहले त्वचा रोगियों की संख्या अधिक थी। औसतन प्रतिदिन ओपीडी में 110 से अधिक रोगी पहुंच रहे हैं। इनमें पेट संबंधी रोगियों की संख्या 20 से अधिक रहती है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कल्पना चौहान ने बताया कि नवंबर में नए रोगियों की संख्या 1430 थी, जो दिसंबर में बढ़कर 1500 हो गई। अस्पताल में सीनियर मेडिकल ऑफिसर के पद पर शासन की ओर से डॉक्टर की तैनाती कर दी गई है। जल्द ही डॉक्टर कार्य भार ग्रहण करेंगी। इससे मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी।

कार्यक्रम में मौजूद पंजाबी महासभा युवा इकाई की सदस्य और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पंजाबी महासभा युवा इकाई की किटी का नया राउंड शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पंजाबी महासभा युवा इकाई की किटी का नया राउंड शुरू हो गया। स्टेशन रोड स्थित एक होटल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 65 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। किटी के दौरान महिलाओं ने गायन और नृत्य प्रस्तुत किया। अध्यक्ष नेहा साहनी ने महिलाओं का अभिनंदन कर संस्था से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष नीतू सेठी, अंकिता भाटिया, आरती पूरी, जूही आनंद, नीति पूरी, शिल्पा साहनी, सीमा वर्मा, नेहा अंगद, सिमरन बाग, जूही भाटिया, विनती, गीतिका उपस्थित रहीं।

शुभलेश का मॉडल राज्य स्तर पर चयनित

बरेली, अमृत विचार : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से आयोजित इंस्पायर मानक अवार्ड योजना के तहत भुता ब्लाक के हरेली के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठ के छात्र शुभलेश के मॉडल का राज्य स्तर पर चयन हुआ है।

प्रधानाध्यापिका दीप्ती चंद्रा ने बताया कि छात्र परियोजना को पूरा कर सके, इसके लिए 10 हजार रुपये उनके खाते में मंत्रालय की ओर से भेज दिए गए हैं। शुभलेश ने बहुउद्देश्य चूल्हा तैयार किया है।

भाजपा नेताओं ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई

● **उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत कार्यक्रम में करेंगे शिरकत**

बरेली, अमृत विचार: सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित कर रणनीति बनाई गई। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि शनिवार से तीन दिवसीय प्रवास पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड त्रिवेंद्र सिंह रावत आ रहे हैं। वह महानगर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वह शनिवार को स्मार्ट सिटी हाल में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पीलीभीत प्रभारी गुलशन आनंद, प्रभु दयाल लोधी, डॉ तृप्ति गुप्ता, विष्णु शर्मा, देवेंद्र जोशी, रेखा श्रीवास्तव, बंटी ठाकुर, अजय प्रताप सिंह, विष्णु अग्रवाल, शीतल गुलाटी, सूर्यकांत मौर्य, राजीव गुप्ता, अमरीश कठेरिया, संजीव शर्मा, ज्ञान प्रकाश लोधी, विक्रम सिंह, नरेंद्र मौर्य, कन्हैया राजपूत, राजीव कश्यप, मोहित कपूर, गौरव गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कैशलेस इलाज के लिए 26 से बनेंगे हेल्थ कार्ड

बरेली, अमृत विचार : सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों के कैशलेस इलाज के लिए विकास भवन में छह दिवसीय कैंप लगाकर हेल्थ कार्ड बनाए जाएंगे। सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों व उनके आश्रितों के कैशलेस इलाज की सुविधा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत संबद्ध सभी अस्पतालों में उपलब्ध होगी। कार्ड बनवाने के लिए विकास भवन के भूतल सभागार में 26 फरवरी से 2 मार्च तक कैंप आयोजित किया जाएगा।

अमृत भारत स्टेशनों का प्रधानमंत्री 26 को करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

बरेली, अमृत विचार : अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके अलावा आरयूबी और आरओबी का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को इन कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें इज्जतनगर मंडल के भी स्टेशन शामिल हैं। इस संबंध में शुक्रवार को इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने डीआरएम कार्यालय सभागार में प्रेसवार्ता में बताया मंडल के छह अमृत भारत स्टेशनों और 49 आरयूबी और आरओबी का प्रधानमंत्री शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इज्जतनगर रेलमंडल में गुरसहायगंज पर 8.90 करोड़, बरेली सिटी पर 10.90 करोड़, पीलीभीत पर 16.60 करोड़, टनकपुर पर 15.90 करोड़, काशीपुर पर 10.70 करोड़, कन्नौज पर 13.00 करोड़ रुपये अमृत भारत के तहत खर्च किए जा रहे हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देतीं डीआरएम रेखा यादव।

समाज में महिलाओं का योगदान भारतीय सभ्यता और संस्कृति की है पहचान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रोजगार भारती के पालक आलोक प्रकाश ने कहा कि शादियों से महिलाओं का सम्मान और समाज की प्रगति में उनका योगदान भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान रही है। समाज के सकारात्मक विकास में महिलाओं की भूमिका हमेशा से निर्णायक रही है। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को केशव कृपा स्थित संघ कार्यालय पर मीडिया से बातचीत में कहीं। बोले कि तरुणियों को इस दायित्व के निर्वहन के लिए तैयार करने के लिए समाज की ओर से समय समय पर मार्गदर्शन किया जाता है।

बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महिला समन्वय विभाग की ओर से शनिवार को संजय कम्युनिटी हॉल में दोपहर 12 बजे से तरुणी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें 15 से 30 साल की बेटियां प्रतिभाग करेंगी। सम्मेलन में साध्वी अरुन्धती मुख्य वक्ता, बरेली कॉलेज में वनस्पति विभाग की प्रो. डा. आशा सिंह मुख्य अतिथि और एकल विद्यालय की प्रमुख सारिका सिंह विशिष्ट अतिथि होंगी। अध्यक्षता फन सिटी की डायरेक्टर अमिता अग्रवाल करेंगी।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते रोजगार भारती के पदाधिकारी।

● **संजय कम्युनिटी हाल में आज तरुणी सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी 15 से 30 साल की बेटियां**

मेला संयोजक अभिनव कटरू ने बताया कि 25 फरवरी को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यायल में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इससे युवक और युवतियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मेले में 140 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी। कम से कम 7500 युवाओं को नौकरी दिलाने का प्रयास रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विद्यार्थी विभाग की ओर से तीन मार्च को संजय कम्युनिटी हॉल में युवा सम्मेलन होगा। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत, विमल यादव, विकास सक्सेना, विशाल चित्रांश, जसपिन्दर, संजू गुप्ता, आयुष सक्सेना, अनिरूद्ध मित्तल, नीरज गर्ग मौजूद रहे।

इन्वर्टिस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ इन्वर्शिया की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम ने कार्यक्रम आरंभ किया**

● **पहले दिन कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं, विजयी टीमें पुरस्कृत**

अमृत विचार : इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को इन्वर्शिया 2024 की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। इस दौरान खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं।

मुख्य सभागार में कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी अध्यक्ष सोनल गौतम ने इन्वर्शिया की शुरुआत की। इस मौके पर डॉ. गौतम ने बताया कि इन्वर्शिया विद्यार्थियों को ऐसे मौके देता है, जिससे वह ऐसे खुशनुमा मौके संजो सकते हैं जो यादों के खजाने को अनमोल कर देते हैं।

पहले दिन स्ट्रीट डांस, पेंट बॉल, इकोटोपिया, स्क्विड मेनिया, रोबो रंबल, डायस डायनेस्टी, गूंज रिलोडेड आदि कार्यक्रम हुए। बैडमिंटन, कबड्डी में डेयरडेविल्स, वॉलीबाल में स्मैशर, फुटबॉल में अंडरडॉग और क्रिकेट में इन्वर्टिस पिच स्मैशर आदि टीम अव्वल रहीं। इन टीमों को पुरस्कृत किया गया। फैकल्टी डांस प्रोग्राम व मिस्टर और मिस इन्वर्शिया में 26 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार शाम को स्टार नाइट है। इसमें युवा गायक परमिश वर्मा और आस्था गिल प्रस्तुति देंगे।

कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम, कुलपति प्रो वाईडीएस आर्य, कुलसचिव संतोष कुमार, संयोजक सारंधा शर्मा, प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. मनीष गुप्ता, प्रो. एसएस त्रिपाठी, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. जेएन श्रीवास्तव, प्रो. केके दुबे समेत सभी विभागों के अध्यक्ष और संकाय सदस्य मौजूद रहे।

इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

संत गाडगे के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान



कार्यक्रम में बोलते बहुजन आम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश भास्कर।

बरेली, अमृत विचार : बहुजन आम पार्टी ने शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र में संत गाडगे की जयंती मनाई। इस दौरान संत गाडगे के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

मुख्य अतिथि एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश भास्कर ने संत गाडगे के जीवन पर प्रकाश डाला और दलित व पिछड़ों की आवाज बुलंद करने को कहा। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाल चौधरी ने कहा कि संत गाडगे एक समाज सुधारक थे। ओमप्रकाश भास्कर एडवोकेट ने कहा कि पार्टी चाहती है कि संत गाडगे के सपने साकार हों और देश में समतामूलक समाज की स्थापना हो। अध्यक्षता राजकुमार एडवोकेट ने की। संजय गुप्ता, राजेश दिवाकर, अजय वर्मा, विनोद चौधरी, रघुवीर, श्रीराम माथुर, दिनेश प्रधान, पूरन लाल, मुनीश प्रधान, डॉ. डालचंद भास्कर, डॉ. मुक्ता प्रसाद, प्रदीप दिवाकर, मनोज भास्कर, संदीप दिवाकर आदि मौजूद रहे।

किसानों को नवीन तकनीक से खेती करने की दी जानकारी

बरेली, अमृत विचार : उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने शुक्रवार को एकीकृत बागवानी विकास योजना के तहत आईवीआरआई के कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया। इसमें किसानों को नवीन तकनीक से खेती करने की जानकारी दी। बागवानी विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह ने अमरूद की खेती के संबंध में नवीनतम जानकारी साझा की। प्रगतिशील किसान रामवीर सिंह ने हाइड्रोपोनिक तकनीक से शाकभाजी, शिव दयाल गंगवार ने पॉली हाउस में खीरा, मनोज शर्मा ने औषधीय एवं सुगंधित पौध की वैज्ञानिक विधि से खेती करने के बारे में जानकारी दी। उपनिदेशक उद्यान श्याम कुमार गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी, राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र, डा. संजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693

गर्मियों में धूल उड़ी तो जिम्मेदारों की खैर नहीं

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जिला प्रशासन सहित विभिन्न विभागों को पत्र भेज व्यवस्था को कहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- धूल उड़ने पर जिम्मेदार संस्था पर की जाएगी कार्रवाई
- शहर भर में चल रहा निर्माण कार्य, धूल पर डाला जाए पानी

अमृत विचारः मौसम बदल रहा है। दिन में गर्मी होने लगी है। गर्मी बढ़ेगी तो साथ में लू भी चलेगी। लू के साथ उड़ने वाली धूल लोगों को सांस का रोगी बना देती है। साथ में दूसरी तमाम दिक्कतें भी पैदा होती हैं। स्मार्ट सिटी का दर्जा प्राप्त बरेली में इन दिनों निर्माण कार्य हो रहे हैं। जगह-जगह मिट्टी के ढेर लगे हैं। धूल से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए विभिन्न विभागों को पत्र जारी किए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्त लहजे में कहा है कि धूल से लोगों को परेशानी न हो इसके लिए सभी संबंधित विभाग व्यवस्था करें। शहर में विभिन्न स्थानों पर हो रहे सिविल निर्माण स्थलों पर पानी का नियमित छिड़काव कर धूल को उड़ने से रोका जाए। भवनों के निर्माण के दौरान हरे पर्दे लगाए जाएं।

साथ ही शहर भर में अधिक से अधिक पौधरोपण कर वातावरण को शुद्ध रखने के प्रयास किए जाएंगे। पूर्व में जिन स्थानों पर पौधरोपण किया गया है। उन में नियमित रूप से सिंचाई कर हरा भरा रखा जाएगा। इसकी निगरानी होगी और लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

निर्माण स्थलों पर धूल से परेशान हो रहे लोग

शहर में कुतुबखाना पुल निर्माण, मूर्ति नर्सिंग होम चौराहा पर सड़क चौड़ीकरण, हार्टमन पर सड़क चौड़ीकरण, चौपुला में भी सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा सेटेलाइट, शहामतगंज, सिविल लाइन्स चौराहा आदि विभिन्न स्थानों पर खोदाई कार्य हो रहा है। निर्माण कार्यों के चलते आम जनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर जाम के दौरान वाहनों से निकलने वाला धुंआ भी वायु प्रदूषण की वृद्धि की बड़ी वजह है।

> मुख्यालय के निर्देश पर नगर निगम, जल निगम, परिवहन और जिला प्रशासन को पत्र भेजकर जरूरी दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया है। इसके अलावा शहर में दो इंडिकेटर भी लगाए गए हैं। जिनके माध्यम से वायु प्रदूषण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और शासन को रिपोर्ट भी भेजी जा रही है। जरूरत पड़ने पर उचित विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।
>
> -**रोहित सिंह**, आरओ, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE

Creating life.... completing families.

RISAA IVF

दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क ~~₹200/-~~ ₹100/-

प्रत्येक सोमवार प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

हेल्पलाइन नं० 6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-

- निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें,
- टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
- इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड,
- ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
- उच्चतम सफलता दर,
- विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :

IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

गुनाहों से तौबा कर सच्चाई के रास्ते पर चलें

बरेली, अमृत विचार : मिशन सूफिज्म एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट ने शब-ए-बारात के मौके पर ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत करने की अपील की है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दरगाह भीटा शाह बाबा प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी ने कहा कि इस मौके पर मरहूम रिश्तेदारों के लिए मगफिरत की दुआ करें। अपने गुनाहों से तौबा कर सच्चाई के रास्ते पर चलें। साथ ही मुल्क की खुशहाली और तरक्की के लिए भी दुआ करें ।

आभा आईडी पर जोर रोजाना देनी होगी रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : ई-सुश्रूत योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में मरीजों को ऑनलाइन सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। इसी के तहत पांच माह पहले आभा की सुविधा शुरू की गई थी। आंकड़ों के अनुसार पहले रोजाना 100 से 150 मरीजों की आभा आईडी बनाई जा रही थी, अब इसकी संख्या दोगुनी यानी करीब 300 तक पहुंच गई है। बुधवार को 280 मरीजों की आभा आईडी बनाई गई। इसके लिए दो की जगह अब 7 काउंटर लगाए जा रहे हैं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने कर्मचारियों को अधिक से अधिक मरीजों की आभा आईडी बनाने का आदेश दिया है। वहीं इसकी रोजाना रिपोर्ट भी भेजने को कहा है। उन्होंने बताया कि आभा आईडी होने पर मरीजों को फौरन ऑनलाइन सलाह मिल सकेगी।

दूसरे राज्यों में पुलिस के जाने के बाद भी युवती की नहीं हो सकी पहचान

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र में युवती की हत्या कर फेंके गए शव की पहचान 25 दिन बाद भी नहीं हो पाई है। युवती की पहचान के लिए पुलिस की टीमें हरियाणा और राजस्थान भी गईं और वहां पुलिस में गुमशुदगी के रिकार्ड चेक किए। वहीं 20 दिसंबर को भी कैंट के ठिरिया निजावत के बाग में मिले युवती के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है। 30 जनवरी को सीबीगंज क्षेत्र के परधौली गांव के पास हाइवे किनारे खेत में युवती की हत्या कर शव फेंका गया था। युवती की पहचान के लिए पुलिस ने मंडल के सभी जिलों के होटलों से लेकर थानों में दर्ज गुमशुदगी की जानकारी की। इसके बाद पुलिस हरियाणा और राजस्थान पुलिस मुख्यालय में पहुंची। वहां से भी गुमशुदगी के रिकार्ड चेक किए लेकिन अभी तक युवती की पहचान नहीं हो सकी है। सीबीगंज थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि टीमें अलग-अलग प्रदेशों में जाकर युवती की पहचान की कोशिश कर रही हैं, लेकिन, अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

सपा और कांग्रेस की संयुक्त बैठक 28 को

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस के जिला और महानगर अध्यक्षों ने शुक्रवार को बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन और आंवला से नीरज मौर्य को जिताने को लेकर रणनीति पर चर्चा की। 28 फरवरी को नेहरु युवा केंद्र पर दोनों पार्टियों के जिला और महानगर के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक करने का निर्णय लिया। बरेली लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी सहित सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, रविन्द्र यादव, पंडित दीपक शर्मा, शिव प्रताप यादव, सुरेंद्र सोनकर, राज शर्मा, अनुज गंगवार, दीपक वाल्मीकि, महेन्द्र सिंह, नाजिम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

कोई भी भ्रामक सूचना वायरल नहीं करें

भोजीपुरा, अमृत विचार : कोई अपने क्षेत्र में नई परंपरा न डालें। कोई समस्या हो तो पुलिस को बताएं, यह बातें थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने कहीं। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर कोई भी भ्रामक सूचना वायरल न करें त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं समाज में भाईचारा बनाए रखें। क्षेत्राधिकारी हाईवे नितिन कुमार ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह खुराफातियों पर नजर रखें शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इस अवसर पर एसएचओ जगत सिंह थाने व थाने का समस्त स्टाफ तथा ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे।

पुलिस पर दुष्कर्म के आरोपी को बचाने का आरोप

नवाबगंज, अमृत विचार : एक महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर नवाबगंज पुलिस पर दुष्कर्म के आरोपी के बचाने का आरोप लगाया। पीड़िता ने दुष्कर्म के आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति बरात में ढोल बजाने का काम करता है। 17 फरवरी को वह घर पर नहीं थे। इसी दौरान ससुर और देवर देर रात उसकी झोपड़ी में घुस आए। देवर ने उससे दुष्कर्म किया, उसके इस काम में ससुर ने भी उसकी मदद की। जब उसने पूरी घटना सास को बताई तो सास ने ननद, देवर, के साथ मिलकर उसे बेरहमी से पीटा। घटना की जानकारी जब उसके पिता को हुई तो 18 फरवरी को 112 पर शिकायत की। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने उससे व उसके पिता से नवाबगंज थाने जाने को कहा। जब वह नवाबगंज थाने पहुंची तो पुलिस ने साठगांठ कर उसे थाने से भगा दिया।

किसानों के पक्ष में फैसला...जमीन इफको के कब्जे में

किसानों का आरोप, अफसर ही नहीं चाहते उनकी समस्या का निदान हो, इसीलिए बरत रहे लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, आंवला

अमृत विचार: जमीनों को अवैध कब्जों से बचाने और मुक्त कराने के लिए चाहे जितने नियम-कानून बन जाएं। सरकारी स्तर पर कितने ही दावे किए जाएं, लेकिन रसूखदारों के आगे पूरी व्यवस्था बौनी नजर आती है। इनके लिए कोर्ट का आदेश भी कोई मायने नहीं रखता।

मामला आंवला के किसानों की जमीन पर इफको के कब्जे से जुड़ा है। इफको ने किसानों की कई बीघा जमीन पर सालों से अवैध कब्जा कर रखा है। हाईकोर्ट किसानों के पक्ष में फैसला सुना चुका है, लेकिन प्रशासन किसानों को उनकी जमीन वापस दिलाना तो दूर इफको के अधिकारियों के दबाव में इससे संबंधित जानकारी तक नहीं जुटा रहा। इफको प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारी हाईकोर्ट के आदेश को एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी दरकिनार कर मनमानी पर उतारू हैं।

इफको आंवला का मुख्य द्वार। ● अमृत विचार

भमोरा क्षेत्र के गांव नौगवां अहिरान के राम रहीश, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल के मुताबिक उनकी जमीन गाटा संख्या 234 रकबा 0.089 ग्राम चकरपुर रामनगर में है। इस पर इफको की आंवला इकाई ने अवैध कब्जा कर रखा है। सेंधा गांव के ओमशंकर सक्सेना का भी यही आरोप है कि खसरा संख्या 237 के रकबा 0.3040 पर कई साल से इफको का अवैध कब्जा है। नौगवां के वेदराम सिंह, सूरजपाल सिंह, ओमपाल सिंह, इस्लामाबाद के हिरान, वीरेन्द्र सिंह यादव की खसरा संख्या 51 रकबा 0.0760, धनपाल सिंह, सुखपाल सिंह, बालिस्टर सिंह, मैना देवी, बताशो देवी के खसरा संख्या 90 रकबा 0.4470, हरपाल, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार, फिरोज मोहम्मद, मोनिश आदि किसानों की जमीन भी इफको के कब्जे में है।

इफको संयंत्र का निर्माण 1984 में शुरू हुआ: इफको संयंत्र का निर्माण वर्ष 1984 में शुरू हुआ था। संयंत्र और टाउनशिप निर्माण और रेलवे लाइन बिछाने के लिए करीब 1279 एकड़ जमीन ली गई। इसमें करीब 496 एकड़ भूमि वनविभाग की, करीब 310 एकड़ भूमि संयंत्र के समीपवर्ती ग्राम सभाओं की और शेष जमीन 851 किसान परिवारों की है।

हाईकोर्ट ने एसडीएम को दिया कार्रवाई का निर्देश

हाईकोर्ट ने 17 जनवरी 2024 को इस संबंध में किसानों के पक्ष में फैसलाकर एसडीएम को कार्रवाई का आदेश दिया लेकिन अब तक इस आदेश का पालन नहीं हुआ। किसानों का कहना कि वे कई साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। एसडीएम के अलावा जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई, लेकिन उनकी जमीन इफको के कब्जे से मुक्त नहीं कराई जा सकी है। इस संबंध में इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी से बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

▸▸ 17 जनवरी को हाईकोर्ट ने दिया था आदेश, इफको प्रबंधन मनमानी पर अड़ा

> कोर्ट ने जगह चिन्हित करने को कहा है। शीघ्र जमीन चिन्हित कराई जाएगी। यदि इफको में किसानों की जगह पायी जाती है तो किसानों के हित में कार्रवाई की जाएगी।
> **–गोविंद मौर्य**, एसडीएम आंवला

सार-संक्षेप

सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को नोटिस जारी

कुआडंडा, अमृत विचार : सरकारी जमीन पर कब्जा करके गेहूं बोने वाले किसानों को राजस्व टीम ने पैमाइश के बाद एक सप्ताह में जमीन खाली करने की नोटिस दी, ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई होगी। सैदपुर कुर्मियान में प्रधान और लेखपाल ने मिलीभगत करके गांव के लोगों से पैसा लेकर फर्जी तरीके से चारागाह की जमीन आवंटित की थी। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने आरआई प्रेमपाल सिंह, लेखपाल शिव शंकर, कृपाल सिंह, विजेंद्र शर्मा, अवधेश शर्मा को स्थलीय निरीक्षण के लिए भेजा। पैमाइश के बाद सरकारी भूमि पर कब्जा कर गेहूं की बुवाई करने वाले किसानों को नोटिस देते हुए एक सप्ताह में सरकारी जमीन खाली करने का आदेश दिया गया। अन्यथा उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रोजगार मेले में 42 छात्रों का किया गया चयन

बहेड़ी, अमृत विचार : स्थानीय गन्ना उत्पादक डिग्री कॉलेज में कृषि विभाग की ओर से बीएससी (कृषि) उत्तीर्ण छात्रों के लिए दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कृषि विभाग की पहल पर एमकेडी काप प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने छात्रों का साक्षात्कार लिया, जिसमें 42 मेधावी छात्रों का नौकरी के लिए चयन किया गया। रोजगार मेले में कंपनी के प्रबंध निदेशक, कालेज प्राचार्य डॉ. हरिकेश सिंह और कंपनी के कोआर्डिनेटर डॉ. चंद्रशेखर आदि शामिल रहे। चयनित छात्रों को कॉलेज स्टॉफ की ओर से बधाई दी गई। रोजगार मिलने पर छात्रों के चेहरे पर खुशी स्पष्ट नजर आई।

तालाब में गंदा पानी आने से मछलियां मरीं

सेंथल, अमृत विचार : नगर पंचायत से निकलने वाला गंदा पानी तालाब तक पहुंच गया, जिससे तालाब में पल रही मछलियों की मौत हो गई, जिससे पालक को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। मछली पालक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर तालाब में गंदे पानी की रोक लगाने और मुआवजे की मांग की है। सेंथल के मोहल्ला हाकिम टोला निवासी मुस्तहसन रजा का ग्राम दुआवट में निजी तालाब है, जिसमें वह मछली पालन करते है। ग्राम दुआवट नगर पंचायत सेंथल से सटा हुआ है। कस्बे से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी का कोई सही इंतजाम नहीं है। जिसके चलते गंदा पानी खेतों से होता हुआ तालाब तक जा पहुंचा, जिससे तालाब का पानी मछलियों के लिए जहर बन गया और उसमें पल रही हजारों मछलियां मर गई। मछली पालक मुस्तहसन रजा ने बताया कि गंदे पानी की वजह से उसे चार लाख रुपये का नुकसान हुआ हैं।

समाजसेवी कराएंगे 250 कन्याओं के हाथ पीले

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के दलेलनगर निवासी समाजसेवी रमेश गंगवार 250 निर्धन कन्याओं के हाथ पीले कराकर उन्हें विदा करेंगे। 3 मार्च को निर्धन कन्याओं की शादी के लिए सहारा ग्रांउड पर तैयारियां शुरू होने लगी हैं। समारोह में शामिल होने के लिए अतिथियों को निमंत्रण पत्र भेजे जाने लगे है। समाजसेवी रमेश गंगवार कई वर्षों से गरीब कन्याओं की शादियां अपने खर्च पर कराते आ रहे हैं। भव्य समारोह में निर्धन कन्याओं के विवाह समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधि शामिल होते है। नव विवाहित जोड़ो को दहेज का सामान देने के साथ ही दोनों ही पक्षों से आने वाले अतिथियों के खाने और बैठने की व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद होती है।

वकीलों ने एसएसपी से की आंवला इंस्पेक्टर की शिकायत

आंवला, अमृत विचार : कुछ दिन पूर्व अधिवक्ताओं ने इंस्पेक्टर आंवला पर अभद्रता करने सहित विभिन्न आरोप लगाकर घेराव किया था। अधिवक्ता इस मामले में सीओ से भी मिले थे। शुक्रवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि एसएसपी से मिला और ज्ञापन सौंपकर इंसपेक्टर को आंवला से स्थानांतरण कराने की मांग की। आंवला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अगरपाल सिंह ने बताया कि आंवला इंस्पेक्टर का व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति सहीं नहीं है, जिससे अधिवक्ताओं में रोष है। इस मामले को लेकर सीओ आंवला से बात की गई थी। परंतु समाधान नहीं किया गया। अधिवक्ताओं से साथ किए गए दुर्व्यवहार के सन्दर्भ में तत्काल प्रभाव से प्रभारी निरीक्षक आंवला को हटाया जाए।

भाजपा नेता के घर से जेवर और नकदी चोरी

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : रिश्तेदारी में शामिल होने के लिए गुरुवार रात ईंध जागीर के मोहल्ला प्रकाश नगर निवासी भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के नगर अध्यक्ष मोहम्मद वाकर उर्फ कमल रिजवी परिवार सहित सेंथल गए थे। इस दौरान मौका पाकर उनके मेन गेट का ताला तोड़कर अन्दर घुसे चोरों ने संदूक में रखे लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर लिए। सुबह पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे कमल रिजवी ने बताया कि चोर कमरे के अन्दर रखी अलमारी का ताला तोड़कर 80 हजार की नकदी के साथ ही सोने के दो हार, दो जोड़ी झुमकी, एक जोड़ वाली, टीका, नथनी, चैन और चांदी की दो जोड़ी जेवरी, एक जोड़ा पांव का कोडा और कमरबंद गायब था। सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। भाजपा नेता ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चोरी की जानकारी देते परिजन।

प्रधान और बेटों ने पैमाइश कर रहे लेखपाल के साथ की मारपीट

संवाददाता, मीरगंज

▸▸ लेखपाल संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक कार्य से दूर रहने की दी चेतावनी

अमृत विचार : चकरोड की पैमाइश करने पहुंचे लेखपाल के साथ प्रधान ने बेटों के साथ मिलकर मारपीट की। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की। वहीं लेखपाल संघ ने शनिवार 10 बजे तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी हैं।

जनसुनवाई में मिली शिकायत के समाधान के लिए तहसील मीरगंज में तैनात लेखपाल गिरंद सिंह शुक्रवार दोपहर शीशगढ़ के गांव मीरपुर पैमाइश करने पहुंचे। वह ग्रामीण हरवीर के खेत को जाने वाले चकमार्ग की पैमाइश शिकायतकर्ता की मौजूदगी में कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम प्रधान राकेश कुमारी पत्नी शंकर लाल धीरेंद्र, बेटे अनिल, हरजेन्द्र के साथ मौके पर लाठी -डंडे के साथ पहुंचे और गाली देते हुए बोले कि तेरी हिम्मत कैसे हुई चकमार्ग नापने की, इतना कहकर लेखपाल पर हमला बोल दिया। मारपीट की लेखपाल के साथी अनुज ने फोन में रिकॉर्ड कर ली। प्रधान और उनके, बेटों ने अनुज का फोन छीनकर उससे भी मारपीट की। गांव का मानचित्र भी आरोपियों ने छीन लिया गया। दोनों किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे। थाना प्रभारी शीशगढ़ रविंद्र कुमार ने बताया राजस्व लेखपाल गिरंद सिंह की तहरीर के आधार पर राकेश कुमारी, धीरेंद्र, अनिल और हरजेन्द्र निवासी ग्राम मीरपुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा मीरगंज ने लेखपाल के साथ हुई मारपीट के संबंध में शनिवार को 10:00 बजे तक सभी दोषियों की गिरफ्तारी न होने की दशा में समाधान या थाना दिवस का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

एग्री स्टैक सर्वे नहीं करने पर 23 पंचायत सहायकों पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार: एसडीएम ने एग्री स्टैक सर्वे का काम करने से इनकार करने वाले 23 रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश जारी किए है।

एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि केंद्र सरकार की एग्री स्टैक रवि कॉप सर्वे 2024 का कार्य चल रहा है। उच्च अधिकारियों ने एक सप्ताह में सर्वे करने का निर्देश दिया है। परंतु सर्वेयर इस कार्य को करने से मना कर रहे है। एसडीएम ने ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद, रामनगर, मझगवां के बीडीओ को पत्र जारी कर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए है। एसडीएम ने बताया कि पंचायत सहायकों में अनुरुद्धपुर के देवेन्द्र कुमार, इन्चौर झूनानगर पूजा, मुगलपुर अमित कुमार, भूडा रिंकी देवी, जोगीठेर विजय कुमार, शेखूपुर खालसा अंजली कुमारी, महोलिया अमन चित्रांश, राजपुर कलां सुवोध कुमार, हाफिजगंज राजीव कश्यप, शीतल शर्मा, कटसारी रतन पाठक, कल्यानपुर हैबतपुर नरगिस, गुलडिया अरिल शायबानो, मलगांव स्वाती आदि के नाम शामिल है।

मीरगंज पुलिस ने तस्कर दबोचा, ढाई किलो अफीम बरामद

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज पुलिस ने गश्त के दौरान एक तस्कर को पकड़ा, तलाशी में उसके पास से ढाई किलो अफीम बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम अय्यूब उर्फ कल्लू निवासी मोहल्ला मिर्धान फरीदपुर बताया। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 25 लख रुपये बताई जा रही है। आरोपी ने बताया कि बरामद अफीम इंतजार निवासी मोहल्ला इस्लामनगर थाना फतेहगंज पश्चिमी की है। जिसे राहिल निवासी ग्राम गुलड़िया थाना मीरगंज को बेचने जितेंद्र निवासी ग्राम ढकिया फैजुल्लापुर थाना अलीगंज की बाइक से जा रहा था। मीरगंज पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपी के विरुद्ध चार मुकदमे और राहिल के विरुद्ध पांच और इंतजार के विरुद्ध एक मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मीरगंज कुंवर बहादुर सिंह, जयप्रकाश, ओमकुमार, आशीष कुमार समेत अन्य रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा छोटा पुत्र सौरभ एवं उसकी पत्नी शिवानी उनके बच्चे ओम व केशव मेरे कहने में नहीं गलत सोहबत में है। जिन्हें मैंने अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में इनके द्वारा किये गये कृत्य लेनदेन के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे जिसमें मेरा व मेरे अन्य परिवारीजनों का कोई सम्बंध सरोकार नहीं होगा। **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री प्यारेलाल निवासी सौरों, कासगंज**

सूचना
मैंने अपने पुत्र विशाल बाबू व उसकी पत्नी नीतू को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सुनीता रानी पत्नी विशन लाल मकान नं. 400 कुंवरपुर मौर्य सदन, बरेली (उ.प्र.)**

सूचना
मैंने अपने पुत्र अजीम व उसकी पत्नी निशा एवं उसकी पुत्री आयत को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **परवीन पत्नी स्व. शब्बीर खान निवासी- 52 महमूद नगर, नईबस्ती, थाना किला, बरेली (उ.प्र.)**

सूचना
मेरी माता का सही नाम *Suman Sambhaji Jagtap* व जन्मतिथी *06-01-1961* है नाकि *Sumen* व जन्मतिथी *01-07-1961* कृपया मेरे सैन्य अभिलेखों में सही करें। *No-6395281N, Hav Jagtap Anil Smbhaji, 506 ASC Bn. C/o 56 APO.*

सूचना
मेरे पिता का सही नाम *Sambhaji Dnyanu Jagtap* व जन्मतिथी *01-01-1948* है नाकि *Sambhaji* व जन्मतिथी *01-07-1956* कृपया मेरे सैन्य अभिलेखों में सही करें। *No-6395281N, Hav Jagtap Anil Smbhaji, 506 ASC Bn. C/o 56 APO.*

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

इंटरलॉकिंग में लगाई जा रही पीली ईंटें, वीडियो वायरल

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : गांव देहात में होने वाले निर्माण कार्यों में प्रायः खरा पीला ईंट का उपयोग होने की बात सामने आती है। ठेकेदार निर्माण कार्य कराने के बाद उसके पक्के होने का इंतजार किए बिना ही उस पर प्लास्टर करवा कर इतिश्री कर देते है।

जिम्मेदार भी जानकारी होने के बावजूद अपनी आंखें मूंद लेते हैं। शुक्रवार को नवाबगंज ब्लॉक के गांव आसपुर हसनअली में इंटरलाकिंग रोड की साइडों के निर्माण में लगाई जा रही पीली ईंट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वयरल कर दिया। इसके साथ ही इसमें जेई और ठेकेदार पर धांधली के आरोप लगाए गए है। वायरल पोस्ट में कहा गया है कि सूबे के मुखिया जहां जीरों टॉलरेंस नीति का अभियान छेड़े हुए है तो उनके कारिंदे उनकी इस नीति को पलीता लगा रहे है। इसकी विषय में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की जानकारी होने पर उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कराई है। पीली ईंट कर प्रयोग नहीं हो रहा है। छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

सड़क निर्माण में डाली गई पीली ईंट।

अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा जाफरी पार्क

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार : पुराने बिजली घर रोड और कब्रिस्तान रोड के मुहाने पर करीब डेढ़ दशक पूर्व बना मोहम्मदपुर चौराहे के निकट स्थित जाफरी पार्क जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

जब पार्क का निर्माण हुआ था तो उस समय आसपास के बुजुर्ग लोग शाम को यहां बैठकर गपशप करते थे। बच्चे भी पार्क में खेलने आते थे। जैसे -जैसे वक्त बीतता गया, पार्क उदासीनता की मार झेलता गया। हालत यह है कि न तो यहां सफाई होती है और न ठीक से बैठने की व्यवस्था है सीमेंट के बेंच जर्जर हो चुकी है जो कई बार बैठने के दौरान गिर जाते है। पार्क में धूल की परतें जमीं है। पार्क को देखकर नहीं लगता कि निर्माण के बाद से इसकी कभी रंगाई पुताई भी हुई। लोगों ने बताया कि नगरपालिका परिषद की सरकारें तो बदलती रही पर पार्क के जीर्णोद्धार की सुध किसी ने नहीं ली।

टूटी पड़ी पार्क में लगी बेंच।

बजरी से फिसलकर गिरे बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, घायल

आंवला, अमृत विचार : आंवला-भमोरा रोड पर सड़क किनारे पड़ी बजरी पर फिसलने से बाइक सवार सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। नगर के मोहब्बतगंज गौंटिया निवासी पूरनलाल इफको टाउनशिप के शॉपिंग सेंटर में कपड़ों पर प्रेस करने का काम करते हैं। शुक्रवार की दोपहर वह बाइक से इफको दुकान पर जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदपुर पथरा गांव में ओवरहेड टैंक निर्माण को लाई गई बजरी सड़क किनारे पड़ी होने से उनकी बाइक फिसल गई। वह सड़क पर गिर गए। पीछे से आए सीएनजी गैस के ट्रक से उनका हाथ कुचल गया। जिससे वह गम्भीर घायल हो गए।

हमेशा गुरु के बताए मार्ग पर चलें

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : कस्बे में चल रहे गायत्री महायज्ञ का शुक्रवार को पूर्णाहुति के बाद समापन हो गया। यज्ञ संपन्न होने के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। गुरुवार से शांतिकुंज हरिद्वार की टोली ने नगर के बाजार जनूवी मोहल्ले में 11 कुंडीय यज्ञ करा रही थी, जिसका शुक्रवार को पूर्णाहुति के बाद समापन हो गया।

पूर्णाहुति के बाद माता गायत्री की विशाल आरती की गई, इसके बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। पंडित श्रीनिवास पांडे ने यज्ञ स्थल पर पधारे यजमानों को बताया कि बिना गुरु के कोई भी कार्य सफल नहीं होता, इसलिए सभी सनातनियों को अपना गुरु अवश्य बनाना चाहिए। उन्होंने गुरु पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमेशा गुरु के बताए गए मार्ग पर ही चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर सनातनी को प्रतिदिन गायत्री यज्ञ और जाप करना चाहिए। पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, पंडित राजेंद्र शास्त्री पंडित उमेश शास्त्री ने शांतिकुंज से आए हुए सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान समाजसेवी अरुण मिश्रा, तरुण राज मिश्रा, पूनम मिश्रा, मनू गुप्ता समेत अन्य का सहयोग रहा।

गायत्री महायज्ञ में आहुति देते यजमान। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

चेयरमैन ने नए ट्यूबवेल का किया उदघाटन

आंवला, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 4 में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए एक ट्यूबवेलों का निर्माण कराया गया है। जिसका चेयरमैन सय्यद आबिद अली और सभासद मधुसूदन सिंह के पिता रामपाल सिंह ने संयुक्त रुप से स्टार्टर का बटन दबाकर आरंभ किया। चेयरमैन ने बताया कि यह वार्ड ऊंचाई पर होने के कारण पानी की दिक्कत होती थी। अब यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इस दौरान सभासद मधुसूदन सिंह, रामबीर प्रजापति समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सुबह 11 बजे तक नहीं खुले बैंक, लोग परेशान

क्योलड़िया, अमृत विचार : क्योलड़िया बाजार में बैंक ऑफ बड़ौदा का गेट सुबह 11 बजे तक नहीं खुले, बैंकिंग कार्य से पहुंचे उपभोक्ता काफी देर तक परेशान रहने के बाद एक स्थानीय बीजेपी नेता से फोन कराके पता करना चाहा तो कर्मचारी ने बताया शाखा प्रबंधक किसी से फोन पर बात नहीं करते यह कहकर फोन काट दिया। ब्लॉक भदपुरा के गांव क्योलड़िया में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा है। उपभोक्ता शुक्रवार सुबह बैंक समय से पहुंच गए थे, लेकिन शाखा प्रबंधक से लेकर कर्मचारी तक 11:00 बजे तक नहीं आए, इस वजह से बैंक के गेट पर ताला लटकाता रहा। उपभोक्ताओं ने भाजपा के युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री कपिल गंगवार को फोन कर बैंक बंद होने की सूचना दी। उन्होंने ने शाखा प्रबंधक को फोन कर जानकारी लेनी चाही तो उनका फोन नहीं उठा। 11 बजे बैंक खुली तो उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई, ऊपर से कर्मचारियों का लापरवाही भरा रवैया जारी रहा, इससे ग्राहकों में आक्रोश दिखाई दिया।

सदर बाजार में मनाई गई संत गाडगे की जयंती

कैंट, अमृत विचार : कैंट के सदर बाजार स्थित धोबी पंचायत घर में शुक्रवार को जिला धोबी महासभा ने संत बाबा गाडगे की 148वीं जयंती मनाई। इस मौके पर धोबी महासभा के महामंत्री ओम प्रकाश कन्नौजिया ने लोगों को संबोधित करते हुए संत गाडगे के जीवन पर प्रकाश डाला। उनका जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले में स्थित शौणे गांव में एक धोबी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम झिंगरा और मां का नाम सखुबाई था। संत गाडगे ने महाराष्ट्र में कुष्ठ रोगियों के लिए तीन कुष्ठ आश्रम बनवाएं, उनके खाने-पीने की वस्तुएं दवा, वस्त्र आदि जरूरतों की वस्तुओं की व्यवस्था की। इस सबसे प्रभावित होकर महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय संत की उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में राधेश्याम कनौजिया, विनोद कुमार, सत्य प्रकाश कनौजिया उर्फ सोनू, गुड़िया, अशोक कुमार, सुखलाल, दीपचंद, विजय, दीपक, शीला देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

उपेंद्र पाल डी ट्रिपल सी योजना में चयनित



नवाबगंज, अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन नगरीय निदेशालय की ओर से संचालित डी ट्रिपल सी (डेडीकेटेड कंट्रोल कमांट सेंटर) योजना के तहत नगरों में सुबह 5 से 8 बजे तक सफाई व्यवस्था की मंडल और जिले के अधिकारियों की ओर से मानीटरिंग की जा रही है। शुक्रवार सुबह इस योजना के तहत एडवोकेट उपेन्द्र पाल सिंह को चुन कर सफाई व्यवस्था पर उनके विचार व सुझाव लिए गए। जिसकी आनलाइन मानीटरिंग डीसीसीसी के हेड प्रवीन श्रीवास्तव व डिवीजनल कोआर्डीनेटर अरुणेश मिश्रा ने की इस मामले में 1533 टोल फ्री नम्बर के बारे में जानकारी दी गई तथा अगले शुक्रवार को ईओ प्रियंका मिश्रा, पम्प आपरेटर अरुण देव व कमल कुमार के साथ ही सफाई प्रभारी अमर सिंह को दायित्व सौंपा गया है।

छात्रों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

मीरगंज, अमृत विचार : मुक्ता प्रसाद डिग्री कॉलेज शाही में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन किया गया, इसमें स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने कनूनगला गांव में जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं के साथ प्राचार्य डॉ. महेश पांडे ने ग्रामीणों को गांव के विकास की योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर मुक्ता प्रसाद डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ.शबाब मियां, लवप्रीत सिंह, बनवारी लाल, विपिन पांडेय आदि उपस्थित रहे।

अयोध्या जा रही बस अनियंत्रित होकर खाई में पलटी, 15 घायल

चीख -पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं को बस से निकाला

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : श्रीरामलला के दर्शन करने बदायूं से अयोध्या जा रही श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस खाईं में पलट गई। साथ में चल रहे बदायूं के विधायक ने श्रद्धालुओं को दूसरी बस से अयोध्या लेकर रवाना हुए।

लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुलासनगरा गांव के सामने बदायूं के दातागंज क्षेत्र के श्रद्धालुओं से भरी बस शुक्रवार सुबह अयोध्या जाते समय करीब 10 बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटी। बस में 42 श्रद्धालु सवार थे, जिसमें पंद्रह को हल्की- फुल्की चोटें आईं। बदायूं की कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सुनौला निवासी चालक सुनील और बस का मालिक हादसे के बाद मौके से फरार हो गए। हादसे के बाद मची चीख- पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को बस से बाहर निकाला, सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी होने पर बदायूं के सदर विधायक महेश्वचन्द्र गुप्ता भी पहुंच गए। उन्होंने दूसरी बस की व्यवस्था करके श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या रवाना हुए। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर फतेहगंज पूर्वी श्यामवीर सिंह और थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि कुछ श्रद्धालुओं को हल्की चोट लगी थी। सभी श्रद्धालुओं को अयोध्या भेज दिया गया है। पुलिस ने बस को खाई से निकलवाया।

▸▸ बदायूं विधायक दूसरी बस से श्रद्धालुओं को लेकर हुए रवाना

खाई में पलटी पड़ी बस। ● अमृत विचार

ट्रक से कुचलकर युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

भमोरा, अमृत विचार : आंवला से बदायूं गिट्टी लेकर जा रहे ट्रक ने भमोरा चौराहे पर खड़े युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार सुबह आंवला रोड से बजरपुट (गिट्टी) लेकर आ रहा एक ट्रक जैसे ही भमोरा चौराहे पर बदायूं के लिए मुड़ा, सामने खड़ा युवक उम्र लगभग 45 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया। पहिए के नीचे आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। थाना गेट से महज 20 मीटर की दूरी पर हुई घटना के काफी देर बाद एक एसआई पहुंचे, कुछ देर बाद फोर्स के साथ एसएचओ भमोरा परमेश्वरी घटनास्थल पर पहुंची और अग्रिम कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

पति को नाबालिग दिखाकर कराया बैनामा, रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : एक महिला ने ससुरालियों पर पति को नाबालिग दर्शाकर उसकी जमीन को जेठानी के नाम बैनामा कराने का आरोप लगाया। महिला ने पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर 7 ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंदौसी संभल के ग्राम ऐतोल निवासी पूजा रानी ने बताया कि उसकी शादी 11 मई 2023 को सिरौली के गांव आलमपुर कोट निवासी दीनदयाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसके ससुराली दहेज में कार आदि की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। उसके पति ने दहेज का विरोध किया और वह 14 मई 2023 मायके चली आई। उसने आरोप लगाया कि उसके ससुरालियों ने जमीन की खातिर 30 मई 2023 को उसके पति की हत्या कर दी, और साजिश रचकर उसके पति को नाबालिग दिखाकर उसकी जमीन में सास को संरक्षिका दर्शाकर उसकी जमीन का जेठानी को 19 जून 2023 को रजिस्टर्ड बैनामा करा दिया। जबकि वह पति की जमीन की मालकिन है। पुलिस ने पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर ओमवती, अमृतलाल, कमलेश, ओमपाल आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई।

छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष नेकचलनी की सजा

विधि संवाददाता, बरेली अमृत विचार : किशोरी से छेड़छाड़ के अभियुक्त सीबीगंज मोहल्ला खलीलपुर निवासी ठाकुर दास मौर्य (45) को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरिप्रसाद ने तीन वर्ष नेकचलनी की सजा सुनाई है। आरोपी प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में जिला परिवीक्षा अधिकारी के समक्ष हाजिर होकर नेकचलनी का प्रमाणपत्र प्राप्त करेगा। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था कि पति की मृत्यु हो चुकी है। जीवनयापन करने के लिए घरों पर काम करती है। उसकी तीन बेटियां 15, 10 व 9 वर्ष की हैं। किराए के मकान में रहती है। मकान मालिक का साला ठाकुरदास मौर्य लगातार आता रहता है। उसने बड़ी बेटी के नहाते समय फोटो खींच लिए। फिर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। ऐसा न करने पर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। 29 जून 2021 की शाम को फिर बेटी के फोटो खींच रहा था, तभी देख लिया। मोबाइल दिखाने को कहा तो हाथापाई करके जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। शासकीय अधिवक्ता ने 6 गवाह पेश किए।

तरुणी सम्मेलन में संस्कृति और संस्कारों पर दिया जोर

आंवला, अमृत विचार : महिला समन्वय समिति बृज प्रांत की ओर से तरुणी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति, संस्कारों को आगे बढ़ाने और सोशल मीडिया को लेकर जागरूक किया गया। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ रजनी खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. विमला गुप्ता ने कहा कि हमें अपने गौरवशाली अतीत को नहीं भूलना चाहिए। हजारों महिलाओं ने अपना बलिदान देकर भारत माता को सुरक्षित रखने का कार्य किया। इसलिए भारतीय महिलाओं का आदर्श बॉलीवुड अभिनेत्रियां नहीं हो सकती, बल्कि सीता और जीजाबाई जैसी माताएं हमारी प्रेरणा स्रोत हैं। महिला समन्वय प्रमुख चंद्रप्रभा और प्रोफेसर शालिनी सिंह ने कहा की बेटी ही अपने परिवार का मान सम्मान रखती है और मायके व ससुराल के बीच में संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण करती है। इस दौरान सीमा सक्सेना, आरती यादव, सुमन लता, राजेश्वरी वर्मा, खुशी शर्मा, आरएसएस जिला प्रचारक धर्मेंद्र कुमार, सह जिला संघ चालक सुरेंद्र सिंह, दिशा सिंह, आयुषी आदि मौजूद रहे।

किसान के घर से दो भैंस चुरा ले गए चोर

देवरनियां, अमृत विचार : एक पशुपालक ने शुक्रवार को बहेड़ी एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर देवरनियां पुलिस की शिकायत की, कि उसके घर से 8 जनवरी की रात चोरों ने उसकी दो भैंस चुरा ली थी, आहट होने पर उसकी नींद खुली तो उसने एक चोर को पहचान लिया, चोरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनीं। देवरनियां के गांव बैकर नंदा निवासी रामपाल के मुताबिक उसकी दो भैंसे घर के बाहरी हिस्से मे बंधी थी। कमरे में वह परिवार के साथ सो रहा था। 8 जनवरी की रात नकाबपोश चोरों ने दरवाजा तोड़कर बंधे भैंसे खोल लिए। जिनकी कीमत अस्सी हजार है।

चोरी का सामान बेचने जा रहे दो चोर गिरफ्तार

मीरगंज, अमृत विचार : शाही पुलिस ने ग्राम बुझिया जागीर नहर की पुलिया से किशन निवासी ग्राम जिया नगला थाना शेरगढ़ और राकेश निवासी ग्राम कुड़का थाना शेरगढ़ को गिरफ्तार किया। एक आरोपी महेश भागने में कामयाब रहा। दोनों के पास चोरी का सामान जिसमें एक कार, दो बाइक, पांच कट्टे चावल, सात सिलाई मशीन, एक इनवर्टर एक बैटरी, चार पंखे समेत अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपी किशन पर थाना शाही में छह मुकदमे और राकेश पर अलग-अलग थानों में 13 मुकदमे दर्ज है। फरार आरोपी महेश उर्फ लोचन के विरुद्ध 17 मुकदमे दर्ज हैं। राकेश भांजे महेश के साथ मिलकर बाइक से घूम-घूमकर रेकी करते थे और रात में जाकर चोरी कर लेते थे।

सभासद भूपेन्द्र सिंह की मृत्यु के बाद रिपोर्ट हत्या में तरमीम

▸▸ किराए के विवाद में ब्यूटी पार्लर संचालिका ने परिजनों के साथ की थी मारपीट

नवाबगंज, अमृत विचार : सभासद भूपेन्द्र सिंह राठौर पर हुए जानलेवा हमले के बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में सभासद की पत्नी की ओर से आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सभासद की मौत के बाद पुलिस ने मामले को हत्या में तरमीम करते हुए 302 की धारा बढ़ा दी है। मालूम हो दुकान पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में सभासद की किराएदार ब्यूटी पार्लर संचालिका और उसके परिजनों ने सभासद दंपती पर जानलेवा हमला करते हुए सभासद के सिर में हथौड़े और लोहे की राड से हमला किया था। सभासद ने इलाज के दौरान लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 15फरवरी को दम तोड़ दिया। मामले में सभासद की पत्नी की ओर से ब्यूटी पार्लर संचालिका मधु उर्फ माधुरी गंगवार, उसकी बहन, भाई और मां के साथ ही 15 अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने पार्लर संचालिका के साथ ही उसके भाई और बहन को जेल भेज दिया था जो अभी भी जेल में ही हैं। सभासद की मौत के बाद पूरे नगर में हमलावरों के विरुद्ध आक्रोश फैल गया। शोक व्यक्त करने पहुंचे सांसद सन्तोष गंगवार के समक्ष भाजपा के एक प्रभावी नेता पर हत्या कराने का आरोप लगाते हुए उस पर कार्रवाई की मांग भी की थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले को हत्या में तरमीम करते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 302 लगा दी है।

शरीयत के दायरे में मनाई जाए मुकद्दस शब-ए-बारात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ कब्रिस्तान में अगरबत्ती और मोमबत्ती जलाने से बचें

▸▸ जुमा की नमाज में जागरूकता के लिए की तकरीर

अमृत विचार : शाबान का महीना शुरू हो चुका है। वहीं, कब्रिस्तान भी सजाए जाने लगे हैं। शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान मस्जिदों में शब-ए-बारात की फजीलत बयान की गई। लोगों से शरीयत के दायरे में रहकर शब-ए-बारात मनाने की अपील की गई।

इसी कड़ी में कोतवाली स्थित मोती मस्जिद में हाफिज चांद खान ने तकरीर में कहा कि इस्लामिक कैलेंडर का आठवां महीना शाबान है। रविवार को शब-ए-बारात की मुकद्दस रात होगी। इस रात की इबादत एक हजार महीने की इबादत के बराबर है। लिहाजा, ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। रिश्तेदार या पूर्वजों की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ें। कहा कि इस मुबारक रात में कोई ऐसा काम बिल्कुल न करें, जिससे किसी शख्स को तकलीफ हो। बेवजह बाइक पर घूमना फिरना और स्टंटबाजी से बचें। आतिशबाजी बिल्कुल न करें, कब्रिस्तान के अंदर अगरबत्ती और मोमबत्ती नहीं जलाना चाहिए, बल्कि गेट के बाहर लगाएं। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने नगर निगम से मांग करते हुए कहा कि गली मोहल्लों में साफ सफाई और प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए।

कार्यालय ग्राम पंचायत धनौर जागीर, वि.खं. भदपुरा (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	पूरन लाल सेठ के घर से माखन लाल के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य	5,70,000/-

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म सीलबंद निविदा दिनांक 24.02.2024 से दिनांक 25.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं। जो उसी दिन दिनांक 25.02.24 को सायं 4:00 बजे निविदादाता व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

प्रधान-अनीता देवी — सचिव-प्रिंस कुमार चौहान

बेटी का आधार कार्ड सुधरवाने गई महिला लापता, पति ने दी तहरीर

नवाबगंज, अमृत विचार : बेटी का आधार कार्ड सुधरवाने 12 दिन पहले घर से गई महिला अभी तक नहीं लौटकर आई परेशान पति ने थाने में तहरीर देकर बेटी और पत्नी को खोजने की गुहार लगाई। नवाबगंज के गांव अख्त्यारपुर नवदिया के एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह करीब 14 वर्ष पूर्व हुआ था। उसके पांच बच्चे हैं और वह मेहनत करके परिवार का भरण -पोषण करता है। उसकी पत्नी अक्सर फोन पर बात करती रहती थी जब वह एतराज करता तो लड़ाई-झगड़ा करती। वह चार माह पूर्व क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव कुइंया बन्नई के एक युवक के साथ भाग चुकी थी। 11 फरवरी को सुबह करीब 6 बजे बोली कि वह मायके बेटी का आधारकार्ड सुधरवाने जाएगी और दोपहर तक लौट आएगी। शाम को जब वह घर लौटा तो उसे वह नहीं मिली। उसने फोन कर ससुराल में जानकारी की तो कोई पता नहीं चला। अगले दिन उसने पत्नी व उसके साथ गई ढाई साल की बेटी को तलाश किया पर कोई पता नहीं चला। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। उसे आशंका है कि उसकी पत्नी जिससे फोन पर बात करती थी वह उसे बहला फुसलाकर बेटी के साथ ले गया है। उसकी पत्नी और बेटी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। पुलिस ने महिला व उसकी बेटी की तलाश शुरू कर दी है।

छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान

मीरगंज : स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के छात्रों ने गांव दियोसास एवं बलुपुरा में सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत जागरूकता अभियान चलाया।

सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 6, कायदा 1 व 5)

नम्बर मुकदमा T202312610402126

अदालत श्रीमान असि.कलेक्ट्रेट./उप जिलाधिकारी जिला शाहजहाँपुर बाबूराम आदि बनाम रूकुमापाल आदि धारा 116 उ.प्रा.रा.सं.साकिन रम्पुरा त. बरूआ मुद्दालेह हरगाह उक्त वादी ने, रामविलास व श्रीमान पुत्रगण हरीराम निवासी ग्राम पियरिया पर. व तहसील जलालाबाद जिला शाह. के आपके नाम एक नालिस के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह 26.02.2024 ई. बवक्त 10 बजे दिन अदालत मार्फत वकील जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और रउमूरान अरून मुताल्लिके मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमलादस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताइए अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजबूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके सम्प्रक्ष और होगा। मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज 22.2.2024 को व बतारीख ई. जारी किया गया।

न्यायालय उप जिला अधिकारी महोदय तहसील जलालाबाद जिला शाहजहांपुर

न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी सदर, बरेली

मु.नं. 129 T-200312130106267 सन् 2023

भूरे हुसैन बनाम जाबिर हुसैन आदि

अं. धारा- 116 U.P.R.C. 2006

राजस्व ग्राम-कुंवरपुर बंजरिया, बरेली

प्रतिवादीगण:- 1. जाबिर हुसैन 2. नन्हें हुसैन 3. रिजाकत हुसैन उर्फ रिफाकत हुसैन पुत्रगण शब्बीर हुसैन निवासीगण- कुंवरपुर बंजरिया, बरेली 4. ग्राम प्रधान कुंवरपुर बंजरिया, बरेली

आपके नाम एक नालिश वास्ते 16 U.P.R.C. 2006 (बंटवारा) के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 19.03.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में वखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 23.02.2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

जज

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर

पत्रांक : के.जी.बी.बी./एस.एस.ए./8793-99/2023-24 दिनांक : 23.02.24

के.जी.बी.वी. में चयन हेतु काउन्सिलिंग की संशोधित विज्ञप्ति

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ व लेखाकार के पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 26.02.2024 को अनन्तिम सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग किये जाने के सम्बन्ध में विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला व अमृत विचार में दिनांक 20.02.2024 को प्रकाशित करायी गयी थी। अपरिहार्य कारणों से काउन्सिलिंग की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह काउन्सिलिंग दिनांक 01.03.2024 दिन मंगलवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे विकास भवन सभागार, शाहजहाँपुर में आयोजित की जायेगी। शेष नियम व शर्तें पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 20.02.2024 के अनुसार रहेगी।

(रणवीर सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
शाहजहाँपुर

कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ

पत्रांक : 1024/जि.पं./नि.अनु./2023-24 दिनांक : 23.02.2024

ई-निविदा सूचना

उ.प्र. शासन के आदेश सं. 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त, 2019 व शासनादेश सं. 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाइड) अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 03 कार्यों पर मानक के अनुसार ई-निविदायें प्राप्त न होने की दशा में उक्त 03 कार्यो की पुन: ई-निविदायें दिनांक 02.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर अपलोड करने हेतु आमंत्रित की जाती है जो इसी दिनांक 02.03.2024 की दोपहर 02:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ में खोली जायेगी। निविदा शुल्क की धनराशि आर.टी.जी.एस. (RTGS)/एन.ई.एफ.टी. (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं. 09830100009167 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBOBADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की यूनिक नम्बर रसीद व 2% (दो प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ-2 जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण-पत्र, आयकर व ठेकेदारों का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। सन्दर्भित वेबसाइट पर निविदा दिनांक 24.02.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे से देखी व अपलोड की जा सकती है। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। लेपन कार्य हेतु मैक्सफाल्ट व इमल्शन सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा क्रय कर भुगतान से पूर्व सी.आर.सी. कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा सी.आर.सी. का सत्यापन उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। हॉटमिक्स पद्धति से कराये जाने वाले कार्यो का हॉटमिक्स प्लान्ट से अनुबन्ध अनिवार्य होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in व BADAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है।

(मासूम रजा) अभियन्ता जिला पंचायत, बदायूँ — (सुरेन्द्र कुमार दूबे) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, बदायूँ — (वर्षा सिंह) अध्यक्ष जिला पंचायत, बदायूँ

जिला जज ने लोक अदालत को लेकर दिए निर्देश

विधि संवाददाता, बरेली : जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में पांच से सात मार्च तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत और नौ मार्च को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायालय सभागार में बैठक हुई। जिला जज ने दोनों लोक अदालतों में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर अधीनस्थों को वादाकारों को सम्मन एवं नोटिस भेजे जाने का आदेश दिया। नोडल अधिकारी लोक अदालत अरविंद कुमार यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्य प्रकाश आर्य मौजूद रहे।

विद्यालय संचालक से ठग लिए रुपये

नवाबगंज, अमृत विचार : साइबर ठगों ने एक विद्यालय संचालक को कॉल कर खुद को आईसीआईसीआई बैंक का कर्मचारी बताकर भेजे गए लिंक को डाउनलोड कर पिन बनाने को कहा। इस दौरान कॉलर ने उससे कहा कि लिंक न बनाने पर उसका क्रेडिट कार्ड बंद हो जाएगा। कॉलर की बात पर भरोसा कर विद्यालय प्रबंधक तौकीर अहमद ने लिंक को डाउनलोड कर लिया। जिसके बाद उसके कार्ड से मर्चेंट पार्क प्लस, एजूकेशन, बयूम टैक लि .पर दस बार में 97571 रुपये निकाल लिए। इस दौरान कॉलर ने उसका मोबाइल हैक कर लिया। जब उसके पास रुपये निकलने का मेसेज आया तो उसे ठगी होने की जानकारी हुई। जब अज्ञात से उसने रुपये निकलने को लेकर बात की तो गालियां देने के साथ ही कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। तौकीर अहमद ने नवाबगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

बैंक ऑफ़ इंडिया — रिश्तों की जमापूंजी

गाजियाबाद अंचल

गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस

एतद्द्वारा निम्नलिखित स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं, उनके कानूनी वारिसों, स्वर्ण आभूषणों / गहने / सिक्कों के व्यवसाय में लगे व्यक्तियों और आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि बैंक द्वारा बार-बार अनुस्मारक / नोटिस के बावजूद, निम्नलिखित उधारकर्ता बैंक को अपना बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं।

एतद्द्वारा यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि यदि वे अपने संबंधित स्वर्ण ऋण खातों (अद्यतन ब्याज और सभी लागत शुल्क/व्यय सहित)में अपनी सभी बकाया राशि **दिनांक 12.03.2024 तक** जमा करने में विफल रहते हैं, तो **दिनांक 13.03.2024 को शाम 4.00 बजे** उनके गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण/गहने/सिक्के सार्वजनिक नीलामी के लिए शाखा परिसर में रखे जाएंगे। इसके लिए, संबंधित उधारकर्ताओं को हुई किसी भी असुविधा या क्षति के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में किसी भी उधारकर्ता के किसी भी आरोप या अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

बोली में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) शाखा प्रबंधक के पास निर्धारित समय/तिथि से पहले बयाना राशि के रूप में जमा करना चाहिए। अंतिम बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों को 48 घंटे के भीतर पूरी राशि बैंक में जमा करने में सक्षम होना चाहिए, ऐसा नहीं करने पर बैंक में जमा उनकी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि इस प्रकार निकाली गई बोली का मूल्य कम या अपर्याप्त पाया जाता है। इसके अलावा, यदि आवश्यक हो, तो बैंक उपरोक्त निर्धारित नीलामी की तिथि, समय या स्थान को बदलने या बिना कोई कारण बताए उसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रचलित दर पर टी डी एस एवं बिक्र्य मूल्य पर 3% की दर से जी एस टी लागू / देय होगा।

शाखा	खाता संख्या	उधारकर्ता का नाम	पता
बरेली	784077610000721	समिया जीशान पत्नी मो. जीशान	272,नवादा शेखन, पुराना शहर, बरेली
बरेली	784077610000089	रेशमा पत्नी अकीम शेख	मकान 212, केम्फर स्टेट कॉलोनी, रामपुर रोड, बरेली
बरेली	784077610000064,71	अवरार पुत्र जलालुद्दीन	सनैय्या धन सिंह, सराए तल्फी मुस्तकिल, बरेली

शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, बरेली

कार्यालय-प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली-243001

सूचना

डाक अदालत

डाक सेवाएं देश के सामाजिक आर्थिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और यह लगभग सभी नागरिकों के जीवन से जुड़ी हुई हैं। डाक विभाग के उपभोक्ताओ को पूरी संतुष्टि वाली सेवाएं प्रदान करने की कोशिशों के बावजूद भी कभी-कभी डाक सेवाओं में कुछ कमियां रह जाती हैं जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती हैं। डाक विभाग इन शिकायतों को प्रभावी तरीके से निपटाने के लिए समय-समय पर डाक अदालत का आयोजन करता है, जहाँ विभाग के अधिकारी असंतुष्ट ग्राहकों से मिलते हैं और उनकी शिकायतों से जुड़े विवरण मांग कर शीघ्र उनका निवारण करने की कोशिश करते है।

डाक मंडल बरेली के प्रवर अधीक्षक दिनांक 07.03.2024 को दोपहर 03:00 बजे अपने कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन करेंगे। डाक अदालत में बरेली डाक मंडल से जुड़ी डाक सेवाओं की उन शिकायतों पर विचार किया जाएगा, जिनका निवारण छ: हफ्तों में नही किया जा सका है। डाक मंडल बरेली के तहत आने वाले डाकघरों की सेवाओं से सम्बंधित सभी शिकायतों पर डाक अदालत में विचार किया जाएगा। शिकायत में मनीआर्डर/बचत बैंक खाता/स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पत्र/ पार्सल/प्रमाण पत्र के पूर्ण विवरण के साथ उन अधिकारियों के नाम और पद का विवरण देना होगा जिनके समक्ष पहली पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवाओं से सम्बंधित अपनी शिकायत प्रवर अधीक्षक डाकघर, बरेली मंडल बरेली, हेड पोस्ट ऑफिस कैम्पस, बरेली-243001 के पते पर दिनांक 29.02.2024 तक या उससे पहले भेज सकते हैं। जिस लिफाफे में शिकायत पत्र भेजें, उस पर "डाक अदालत" अवश्य अंकित करें। दिनांक 29.02.2024 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर डाक अदालत में विचार नहीं किया जायेगा।

प्रवर अधीक्षक डाकघर
बरेली मण्डल बरेली-243001

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023

आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहाँपुर
कम्फर्ट्स लिमिटेड की इकाई
भारत सरकार का उपक्रम
रक्षा मंत्रालय

पत्रांक सं. : 015/वाईएंडई/शॉप टेंडर दिनांक : 22.02.2024

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयुध निर्माणी शाहजहाँपुर में स्थित इस्टेट एरिया के कॉमसासु कॉम्प्लेक्स में स्थित दुकानों के लिये निविदा आमंत्रित की जा रही है। आयुध निर्माणी शाहजहाँपुर शाहजहाँपुर द्वारा दी गई शर्तो को पूरा करने वाले निविदाकार भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये यार्ड एंड इस्टेट अनुभाग से किसी कार्य दिवस में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

निविदा फार्म का मूल्य रू. 500/-

निविदा के साथ जमा करने वाली सुरक्षा राशि रू. 5000/-

निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 05.03.2024 सायं 17:00 बजे

निविदा खुलने की तारीख 06.03.2024 सायं 15:30 बजे उपरोक्त अंकित तिथि के उपरांत प्राप्त निविदा पत्र मान्य नहीं होगा।

(प्रकाश प्रभाकर)
उप महाप्रबन्धक
कृते व. महाप्रबन्धक

कार्यालय नगर निगम, बरेली

ई-निविदा सूचना

पत्रांक 193/का.अधी./न.नि.ब./2023-24 दिनांक : 23.02.2024

नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के माध्यम से कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रति नग कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:/etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट http:/nagarnigambareilly.com पर देखा जा सकता है। निविदा मूल्य+जी.एस.टी. के माध्यम से नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से ही देय होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी। तथा एफ.डी.आर. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य RTGS के माध्यम से ई-टेण्डर नगर निगम, बरेली के नाम देय होगी।

ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	24-02-2024 - (03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	24-02-2024 - (04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	11-03-2024 - (10:00 AM)
तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	12-03-2024 - (12:00 PM)
वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	तकनीकी मूल्यांकन के बाद

क्र. सं.	कार्य का नाम	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य+18% GST	अवधि
1	नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर IIP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने हेतु कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित करने के सम्बन्ध में।	35,000.00	1666+300 = 1966	15 दिवस

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

कार्यालय अधीक्षक
नगर निगम, बरेली।

बैंक में फर्जी खाता खोलकर गबन किए फीस के 19 लाख

कार्यवाहक प्रधानाचार्य, प्रवक्ता आदि के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में विवादों का नाता खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच बैंक में फर्जी खाता खोलकर निर्धारित शुल्क, अतिरिक्त शुल्क व पीटीए की 19 लाख की रकम कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने अपने सहयोगी प्रवक्ता, व्यायाम शिक्षक व परिचारक के साथ मिलकर गबन कर ली।

इसका खुलासा होने पर कॉलेज के प्रबंधक ने गुरूवार को हैदरगढ़ कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी, कूटरचना, कूटरचित दस्तावेज को असली बताकर प्रयोग,

लोक सेवक द्वारा आपराधिक न्याय भंग, चोरी , शांतिभंग व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कराया।

मामला हैदरगढ़ के रनापुर स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज का है। यहां के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके कॉलेज के खाता कोआपरेटिब बैंक में है। इस खाते के अलावा कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने कूटरचित दस्ताबेज से फर्जी खाता खुलवा लिया। इसके बाद वर्ष 2022-23 में निर्धारित शिक्षण शुल्क की 9,11400 रुपये, बच्चों को डरा धमकाकर प्रति छात्र 400 रुपये अतिरिक्त शुल्क के रूप में वसूल गए 787200 रुपये तथा पीटीए की 193200 रुपये की धनराशि को गबन कर लिया गया। कार्यावाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने अपने सहयोगी प्रवक्ता भगत सिंह, व्यायाम शिक्षक राकेश सिंह और परिचारक मथुरा प्रसाद मौर्य के साथ मिलकर इस दौरान कुल 18 लाख 91 हजार 804 रुपये की धनराशि का गबन किया गया।

राहुल गांधी आज बहन की ससुराल से निकालेंगे न्याय यात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने जा रहे हैं। शनिवार को राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका वाड्रा की ससुराल से यात्रा की शुरूआत करेंगे। जिसमें राहुल के साथ उनकी बहन और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल रहेगी। इसके अलावा कई अन्य कांग्रेसी नेता भी इस यात्रा में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को राहुल गांधी और प्रियंका की सुरक्षा टीम मुरादाबाद पहुंची और उन्होंने यात्रा के लिए होमवर्क तैयार कर लिया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले शुक्रवार को महानगर पहुंचे कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे न्याय यात्रा रामपुर रोड से शुरू की जाएगी। जिसमें राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी दोपहर 12 बजे तक रहेंगे। यहां से यात्रा अमरोहा होते हुए संभल जाएंगी।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख को 10 साल की सजा, 56 हजार जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीए हत्याकांड में भी सात साल की सजा, बलरामपुर जेल में बंद है पूर्व ब्लॉक प्रमुख कौशिक

अमृत विचार : पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक को कोर्ट ने मजदूर को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, उन पर 56 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख महानगर के सीए हत्याकांड, कुशांक गुप्ता मर्डर मामले और भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड का मास्टरमाइंड भी है। सजा सुनाने के बाद पूर्व ब्लॉक प्रमुख को वापस बलरामपुर की जेल में भेज दिया गया।

जिले के थाना मूंढापांडे क्षेत्र निवासी ईंट भट्ठा मजदूर ओमप्रकाश ने 25 मार्च 2023 को थाने में तहरीर देकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख व भाजपा नेता ललित कौशिक समेत तीन लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें ओमप्रकाश ने आरोप लगाया था कि थाना सिविल लाइंस के नवीन नगर निवासी ललित कौशिक, मूंढापांडे निवासी सतीश सिंह, मूंढापांडे के ग्राम प्रधान के पति शिवकुमार ने उसका अपहरण कर बंधक बना लिया था। जिसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या पांच ज्ञानेंद्र सिंह यादव की अदालत में चल रही थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कौशल गुप्ता ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों ने ललित कौशिक के खिलाफ गवाही दी। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर ललित कौशिक को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। दोषी पूर्व ब्लाक प्रमुख जिला बलरामपुर की जेल में बंद है।

सार-संक्षेप

शासनादेश ऑनलाइन होने पर ही माना जाएगा वैध

लखनऊ, अमृत विचार : शासन ने सभी विभागों से जारी होने वाले रोजाना के शासनादेशों को ऑनलाइन अपडेट न करने पर सख्त रूख अपनाया है। अब कोई भी शासनादेश तबतक वैध नहीं माना जाएगा, जबतक उसे पोर्टल पर अपलोड करके ऑनलाइन नहीं कर दिया जाएगा। दरअसल, पहले से ही शासन के स्पष्ट आदेश के बाद भी कई विभाग शासनादेशों को ऑनलाइन अपलोड नहीं कर रहे थे। इसे लेकर सचिवालय प्रशासन सख्त रूख अपनाया है। प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने सभी अपन मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को संबोधित आदेश में कहा है कि शासनादेश के ऑनलाइन जारी करने और शासनादेश की वेबसाईट http://shasanadesh.up.gov.in अपलोड करने की व्यवस्था के संबंध में पहले भी आदेश जारी होते रहे हैं। शासन ने स्पष्ट कर रखा है कि एक मार्च 2014 के बाद किसी भी शासनादेश को वैध तभी माना जाएगा, जब वह संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध हो।

विश्व हिन्दू परिषद के दिग्गजों का जमावड़ा आज

अयोध्या, अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद के अखिल भारतीय प्रन्यासी मंडल और केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक शनिवार से 28 फरवरी तक कारसेवकपुरम् में होगी। इसे लेकर वृहद स्तर पर तैयारी की गई है। बैठक को लेकर विहिप के शीर्ष पदाधिकारियों का आना शुरू हो गया है। मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान विहिप की अखिल भारती बैठक एक दो बार तो हुई, लेकिन अखिल भारतीय प्रन्यासी मंडल की बैठक नहीं हुई। पहली बार शनिवार से होने जा रही है। बताया कि कारसेवकपुरम् में बैठक की समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। लगभग 400 प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था वाटर एंड एयर प्रूफ पंडाल में की गई है।भोजन और निवास की व्यवस्था भी हो चुकी है।

बरेली जोन बना ओवरऑल चैंपियन

लखनऊ, अमृत विचार : युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश की देखरेख में आयोजित किए गए तीन दिवसीय सीनियर वर्ग की ग्रामीण खेल लीग का समापन समारोह शुक्रवार को हुआ। इस प्रतियागिता में बरेली जोन को ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फुटबाल के महिला वर्ग में वाराणसी जोन चैंपियन और मेरठ जोन उपविजेता बना। पुरुष वर्ग में बरेली जोन चैंपियन और गोरखपुर जोन उपविजेता रहा। अंतिम दिन बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई बैडमिंटन की स्पर्धा में आगरा जोन के पुनीत हिरानी चैंपियन बने। उन्होंने लखनऊ जोन के ईश्वर सिंह को हरायय। महिला एकल में बरेली जोन की पारस ने बाजी मारी। मेरठ जोन की गायत्री उपजेता रही। पुरुष युगल वर्ग में आगरा जोन को स्वर्ण और मेरठ जोन को रजत पदक मिला। महिला युगल में मेरठ जोन ने बाजी मारी। लखनऊ जोन की टीम रनर अप रही। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक (प्रशासन), युवा कल्याण अशोक कुमार कनौजिया ने विजेताओं को प्रमाणपत्र, मेडल और पुरस्कार प्रदान कर किया गया।

राजभवन में होगा पूर्व राज्यपाल का सम्मान

लखनऊ, अमृत विचार : पूर्व राज्यपाल राम नाईक 24 फरवरी से तीन दिन प्रदेश के भ्रमण पर रहेंगे। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनीत होने पर 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पूर्व राज्यपाल को राजभवन में सम्मानित करेंगी। इसी दिन पूर्व राज्यपाल राजधानी के रामलीला मैदान पर 101 गरीब- अनाथ लड़किओं के 'बेटी बचाओ' कार्यक्रम के तहत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा कैफी आजमी अकादमी में शारिब रुदौलवी पुरस्कार कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

दो बाइकों की भिड़ंत में चार की मौत, एक घायल

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना मोहम्मदाबाद के गांव भरतपुर रसूलपुर के रहने वाले बृजमोहन (23) अपने चचेरे भाई अजय (18) के साथ फतेहगढ़ में अपनी बुआ के यहां से भरत पुर आ रहे थे। इस दौरान फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास बने जायका होटल के पास आमने-सामने दो बाइकों में टक्कर हो गई। इससे दोनों मोटर साइकिलों पर सवार पांच युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। जब तक लोग उपचार के लिए ले जाते तब तक चार की मौत हो गई।

किसानों के प्रदर्शन को लेकर रहें अलर्ट : डीजीपी

लखनऊ, अमृत विचार : पुलिस महनिदेशक प्रशांत कुमार ने किसानों के धरना-विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस अफसरों को अलर्ट किया है। आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था के मसले पर प्रदेश भर के अफसरों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही लोकसभा चुनाव की बाबत सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रुप देने को ताकीद किया। उन्होंने आगामी त्योहार के मद्देनजर पूर्व में दर्ज विवादित प्रकरणों का समय से निस्तारण करने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर पीस कमेटी के पदाधिकारियों तथा व्यापारिक संगठनों से साथ गोष्ठी कर उसमें उठाए गए महत्वपूर्ण बिन्दुओं को भी समय निराकरण कराने का निर्देश दिया।

छह का लैब टेस्ट, जारी किया तीन हजार उत्पादों का हलाल प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हलाल प्रमाण पत्र में एसटीएफ के हाथ कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। इसमें हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया ने जिन 3000 उत्पादों को हलाल प्रमाण पत्र जारी किया था। उनमें से सिर्फ छह का ही लैब टेस्ट कराया गया था। इन जांच के साक्ष्य मिले है। बाकी अन्य उत्पादों जांच कराए जाने के प्रमाण नहीं मिले। प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली की गई। वहीं, कोर्ट दायर याचिका का जवाब भी तैयार किया जा रहा है।

स्पेशल टास्क फोर्स ने हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली करने के मामले में हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया, मुंबई के अध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ हजरतगंज थाने में पिछले साल नवंबर माह में केस दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में अध्यक्ष मौलाना हबीब युसुफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुइदशीर सपाडिआ, जनरल सेक्रेटरी मो. ताहिर जाकिर हुसैन चौहान और ट्रेजरार मो. अनवर शामिल है। चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट के चीफ महमूद मदनी को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया।

25 लाख उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ जल्द

लखनऊ, अमृत विचार : केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से प्रदेश के 25 लाख उपभोक्ताओं को जल्द लाभ मिलेगा। योजना के तहत एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के छतों पर सोलर पैनल लगाने के तय लक्ष्य में अकेले 25 फीसदी हिस्सेदारी प्रदेश को दी गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि योजना को संचालित करने की जिम्मेदारी यूपीनेडा को दी गई है। यूपीनेडा ने केंद्र सरकार की ओर से तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए बिजली वितरण कंपनियों को लक्ष्य वितरित कर दिया है।

थाने में युवक की पिटाई करते वीडियो हुआ वायरल, इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: थाने की दीवारों पर मानवाधिकारों के पालन के लंबे-लंबे बोर्ड जरूर लगे हैं, लेकिन उनके पालन की जमीनी हकीकत कोसों दूर है। हाल ही में ऐसा थाना मझगईं का एक वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में प्रभारी निरीक्षक एक युवक को थप्पड़ों से पीटते नजर आते हैं।

हालांकि वीडियो को एसपी ने गंभीरता से लिया और और प्रभारी निरीक्षक को लाइनहाजिर कर सीओ पलिया को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। तीन दिन पहले थाना मझगई

युवक की पिटाई करते इंस्पेक्टर के वायरल वीडियो का फुटेज।

पुलिस एक युवक को पकड़कर थाने लाई थी। उसे थाने के कार्यालय में बिठाया गया था। गुरुवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। यह वीडियो थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे का है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कंप्यूटर के सामने एक महिला आरक्षी बैठी है और वह अपना कार्य कर रही है।

इसी बीच प्रभारी निरीक्षक अवध सिंह सेंगर और दो सिपाही कार्यालय में घुसते हैं। इस पर महिला आरक्षी कुर्सी छोड़कर खड़ी हो जाती हैं। उसके बगल में कुछ दूर बैठे युवक के पास प्रभारी निरीक्षक जाते हैं, जबकि दोनों सिपाही कुछ दूरी पर खड़े रहते हैं। कुछ देर तक इंस्पेक्टर युवक से बातचीत करते हैं और कक्ष से बाहर की तरफ चल देते हैं। कमरे के दरवाजे तक जाने के बाद फिर वापस आकर युवक को कई थप्पड़ जड़ते दिखाई पड़ते हैं। कुछ लोगों का कहना है इंस्पेक्टर रुपये की मांग कर रहे थे।

10 जिलों ने ज्यादा डिलीट किए जॉब कार्ड

लखनऊ, अमृत विचार : मनरेगा में किसी कारण शिफ्ट या मृत श्रमिकों के जॉब कार्ड 10 जिलों में सर्वाधिक डिलीट किए गए हैं। इसमें पारदर्शित बरती गई या नहीं इसका संज्ञान लेकर परीक्षण कराने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग ने दिए हैं। जिलों में मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड डिलीट करने हैं। उनमें वह श्रमिक श्रामिल हैं जो कहीं शिफ्ट हो गए या फिर उनकी मृत्यु हो गई है। या फिर ग्राम पंचायत नगर में शामिल होने के कारण काम नहीं कर रहे हैं।

100 प्रत्याशियों की होगी भारतीय जनता पार्टी की पहली सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मार्च के पहले हफ्ते में पहली सूची जारी करने की तैयारी
- पहली सूची में उप्र. में हारी 14 लोस सीटों के प्रत्याशियों के होंगे नाम

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा की पहली सूची में करीब 100 प्रत्याशियों के नाम होने की भी बात कही जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा फोकस है। इसके अलावा कई प्रदेशों की हारी हुई सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। उप्र में भी भाजपा के 14 प्रत्याशी पिछले लोकसभा चुनाव में हार गए थे। साथ ही 10 सीटों पर उनकी जात का अतंर भी कम था। ऐसी सीटों को लेकर भाजपा नेतृत्व ज्यादा सतर्क है। मिशन-80 साधने के लिए भाजपा इन सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मौका देना चाहता है, ताकि कोई कोर कसर न रहे।

प्रदेश की 10 लोकसभा सीटें जीतने में छूट गए थे पसीने: उप्र में सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को पिछली बार 10 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए पसीने बहाने पड़े थे। इसमें मछलीशहर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को महज 181 वोटों से जीत मिली थी। जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर संजीव बालियान मात्र 6,526 वोटों से जीते। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर भी राजेंद्र अग्रवाल मात्र 4,729 वोटों से जीत पाए। सपा की गढ़ रही कन्नौज सीट पर भी पिछली बार भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को मात्र 12,353 वोटों से हराया था। चंदौली लोकसभा सीट पर महेंद्र नाथ पांडेय करीब 14 हजार वोट से जीते थे। सुल्तानपुर में मेनका गांधी भी महज 14,526 वोटों से जीत सकीं। बलिया में भी सिर्फ 15,519 वोटों से वीरेंद्र सिंह मस्त जीते। बदायूं में संघमित्रा मौर्य को 18,454 वोटों से जीत हासिल हुई। बागपत सीट पर सत्य पाल सिंह भी मात्र 23,502 वोटों से जीत पाए थे। दूसरे स्थान पर रालोद के जयंत चौधरी थे, जो अब भाजपा गठबंधन के तहत यह सीट ले सकते हैं। फिरोजाबाद सीट पर भाजपा के चंद्रसेन जौदान 28,781 वोटों से जीते थे। उनकी जीत का अहम फैक्टर था कि बागी होकर शिवपाल सिंह यादव ने ताल ठोकी थी।

उत्तराखंड

गौरव योजना से होगा छात्रों-युवाओं का कौशल विकास

देहरादून, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्य सेवक सदन सभागार में छात्रों एवं युवाओं के कौशल विकास के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की गौरव योजना और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना एवं शोध अनुदान वितरण का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से उच्च शिक्षा में शोध को एक नई दिशा मिलेगी। उच्च शिक्षण संस्थाओं का गुणात्मक विकास होगा और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे निश्चित रूप से उच्च गुणवत्ता के शोध से संबंधित व्यक्ति और संस्थान की पहचान स्थापित होगी बल्कि मानवता के लिए नए अवसरों और विकल्पों की तलाश होगी।

सरकारी विभागों में 10 साल से कार्यरत दैनिक-संविदा कर्मचारी होंगे नियमित

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट ने विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए सरकार को दिया आदेश

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने सरकारी विभागों में दैनिक वेतन, संविदा पर 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कर्मचारियों के विनियमितीकरण के लिए सरकार की ओर से वर्ष 2013 में बनाई गई नियमावली को चुनौती देती याचिकाओं को निस्तारित करते हुए 4 दिसंबर 2018 से पूर्व जिन दैनिक वेतन,तदर्थ व संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति दी गई है, उनको नियमित ठहराया है जबकि शेष कर्मचारियों को 2013 की नियमावली के अनुसार 10 साल सेवा दैनिक वेतन, संविदा में पूरी होने के बाद ही

नियमित करने को कहा है ।

हाईकोर्ट ने सरकार की 31 दिसंबर 2013 की नियमावली के क्रियान्वयन पर 4 दिसंबर 2018 में रोक लगाते हुए सरकारी विभागों, निगमों, परिषदों और अन्य सरकारी उपक्रमों में कार्यरत दैनिक कर्मचारियों के नियमितीकरण पर रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की खंडपीठ ने सौड़ बगड़ (जिला नैनीताल) निवासी नरेंद्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी के हिमांशु जोशी व अन्य की याचिका पर सुनवाई की।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार निगमों, विभागों, परिषदों और अन्य सरकारी उपक्रमों में बिना किसी चयन प्रक्रिया के कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जा रहा है। जिससे उनका हित प्रभावित हो रहा है। इस मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमा देवी बनाम कर्नाटक राज्य मामले में दिए निर्देशों के क्रम में 2011 में कर्मचारी नियमितीकरण नियमावली बनाई। जिसके तहत 10 वर्ष या उससे अधिक समय से दैनिक वेतन, तदर्थ, संविदा कर्मियों को नियमित करने का फैसला लिया।

किच्छा में आग लगने से लाखों का खड़ा गन्ना खाक

किच्छा, अमृत विचार : सूर्यनगर क्षेत्र में झाड़ियों में लगी आग खेतों तक पहुंच गई और देखते ही देखते करीब आठ एकड़ में खड़ी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। अग्निकांड में करीब 9 लाख रुपये का गन्ना खाक हो गया। दमकल टीम एवं ग्रामीणों ने तत्परता के साथ साहस का परिचय देते हुए कई मवेशियों एवं झोपड़ियों को जलने से बचा लिया। सूचना पर चौकी पुलिस सहित किच्छा से पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। कोतवाली अंतर्गत कलकत्ता फॉर्म चौकी क्षेत्र के ग्राम सूर्यनगर चमन नगर गांव में अचानक झाड़ियों में आग लगने के बाद तेज हवा के चलते गन्ने के खेत में आग भड़क गई।

बनभूलपुरा में रुपये बांटने वाले सलमान का एनजीओ होगा सीज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: हैदराबाद निवासी एक एनजीओ संचालक पर पुलिस ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। सलमान खान की हैदराबाद से आकर बनभूलपुरा में रुपये बांटते हुए वीडियो वायरल हुई थी। वीडियो में वह आपत्तिजनक बातें बोलता हुआ भी नजर आ रहा है। सलमान का बैंक खाता और एनजीओ सीज करने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

हैदराबाद निवासी सलमान खान बनभूलपुरा पहुंचा। उसने अपने हल्द्वानी आगमन पर भी सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट की थी। बनभूलपुरा पहुंचने पर उसने लोगों को बैग में रखे रुपये बांटना शुरू कर

दिए। इससे जुड़ी वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित की गईं। 20 फरवरी को पुलिस ने सलमान को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि कुछ ही घंटे बाद उसे छोड़ दिया गया। सलमान की ओर से जारी किए गए वीडियो में दंगाइयों का समर्थन किया जा रहा है। साथ ही तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पोस्ट की गईं हैं। साथ ही उन वीडियो पर कमेंट भी काफी आपत्तिजनक किए गए हैं।

खुद को मसीहा के तौर पर पेश कर रहा सलमान

हल्द्वानी। सलमान खान ने बनभूलपुरा प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर जो पोस्ट डाली हैं, उसमें वह स्वयं को मसीहा के तौर पर प्रस्तुत कर रहा है। उसके वीडियो में कहीं भी हिंसा को गलत नहीं बताया गया है बल्कि पुलिस और प्रशासन को ही दोषी बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कर्फ्यू के बाद अब बनभूलपुरा समेत पूरे शहर में शांति है। ऐसे में डर है कि सलमान खान जैसे लोगों के कृत्य शहर का माहौल फिर से बिगाड़ सकते हैं।

चारधाम यात्रा दुर्घटना मुक्त होनी चाहिए: रतूड़ी

देहरादून, अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए दो माह के भीतर यात्रा रूट पर जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को सचिवालय में विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं के लिए ऑनलाइन यात्रा रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहन देने, वीआईपी

दर्शन के कारण जनसामान्य को किसी तरह की परेशानी नहीं होने के निर्देश दिए। यात्रा रूट में दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि रूट पर क्रश बैरियर लगाए जाएं और पुलिस एवं परिवहन की संयुक्त टीम पिछले वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों का डेथ ऑडिट करें। यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए हर हाल में 15 अप्रैल तक सड़कों की मरम्मत, पैच वर्क किए जाए।

फुटवियर की दुकान में धधकी आग से लाखों का नुकसान

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक फुटवियर की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान को अपने आगोश में ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। अग्निकांड से लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। खेड़ा बस्ती निवासी मोहम्मद जमील अहमद की राजा कॉलोनी गोल मढ़ैया में दुकान है और भारत फुटवियर के नाम से कारोबार करते हैं।

मलिक का घर नजूल भूमि पर तो शिक्षण संस्थाएं ट्रस्ट के नाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- प्रशासन के वसूली को छूटे पसीने मलिक की अचल संपत्ति और बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की आरसी तो काट दी गई है लेकिन प्रशासन के लिए वसूली करना उतना ही मुश्किल हो रहा है जितना पुलिस के लिए मलिक को पकड़ना है। अब प्रशासन वसूली के लिए मलिक की अचल संपत्ति और बैंक खातों की जानकारी जुटा रहा है।

नगर निगम ने बीती 8 फरवरी को कंपनी बाग, बनभूलपुरा में हुए बवाल में अब्दुल मलिक को मुख्य आरोपी मानते हुए नगर निगम की जेसीबी, वाहनों व अन्य उपकरणों की क्षतिपूर्ति के लिए 2.44 करोड़ की आरसी काटी थी। जिला प्रशासन ने इसकी संस्तुति करते हुए तहसील को भेजी। बीते गुरुवार को आरसी हल्द्वानी तहसील पहुंच गई। शुक्रवार को साइटेशन काट दिया गया। वहीं, तहसील प्रशासन ने वसूली के लिए चल-अचल संपत्ति की जांच शुरू की। पुलिस पूर्व में ही अब्दुल मलिक की चल संपत्ति कुर्क कर चुकी है, इसलिए तहसील प्रशासन ने अचल संपत्ति कुर्की की योजना बनाई। जब

अब्दुल मलिक का घर। ● अमृत विचार

उसकी संपत्ति की जांच की गई तो तहसील प्रशासन के अधिकारी दंग रह गए। उसकी आजाद नगर लाइन नंबर-8 स्थित आलीशान कोठी भी नजूल भूमि पर बनी हुई है। इस भूमि को फ्रीहोल्ड नहीं कराया गया है। मलिक के जितने भी शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, सभी मरियम ट्रस्ट के नाम से संचालित हो रहे हैं। मलिक के नाम कोई भी वैध अचल संपत्ति नहीं मिल सकी है। ऐसे में प्रशासन को समझ नहीं आ रहा है कि मलिक से वसूली कैसे की जाए। अब प्रशासन मलिक की चल-अचल संपत्तियों, बैंक खातों की जानकारी लेने में जुट गया है। यदि कोई वैध संपत्ति, बैंक खाते मिलते हैं तो वसूली की जाएगी। इधर, शुक्रवार को तहसील में साइटेशन काटने के बाद आरसी तामील कराने के लिए अमीन मलिक के लाइन नंबर-8 स्थित मकान पहुंचे लेकिन वह नहीं मिला। सूत्रों की मानें तो नियमानुसार 7 दिन की मोहलत दी जाती है यदि फिर भी संबंधित व्यक्ति नहीं मिलता है तो नोटिस चस्पा किया जाता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मलेन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

> बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और लृ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

प्रसंगवश

क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।

संजय वर्मा
इंदौर

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

आस्था से खिलवाड़ क्यों

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहाः 'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहाः 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछाः 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

सोशल फोरम

दिल्ली घेरने की जिद

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।

मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

-फेसबुक वॉल से

नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो ' फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुई, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए। नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे' हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

समतल हो गई दुनिया

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैं: चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिले। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।

ब्रज क्षेत्र के सभी 13 लोकसभा क्लस्टरों की बैठक में माइक्रो मैनेजमेंट पर हुई विस्तृत चर्चा

मोदी की गारंटी के साथ ग्राउंड जीरो पर काम करें कार्यकर्ता : बी एल संतोष

संवाददाता, अलीगढ़

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के शंखनाद से पहले भाजपा संगठन अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटा है। इसी को लेकर 23 फरवरी को ब्रज क्षेत्र के सभी 13 लोकसभा क्लस्टरों की बैठक अलीगढ़ में हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए करीब 30 बिंदुओं पर चर्चा की ।

रामघाट रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से इस बैठक का पहला सत्र शुरू हुआ। बीएल संतोष ने बैठक में मौजूद लोकसभा क्लस्टर जिला प्रभारी, क्लस्टर प्रभारी ,लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, लोकसभा विस्तारक, जिला अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष, विधानसभा संयोजक व विधानसभा प्रभारी को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। हमारी तैयारी जमीनी स्तर पर कितनी है हमें यह विश्लेषण करना होगा। बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा की पिछले 10 वर्ष में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश हित और लोक हित में बहुत काम किए हैं।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष को स्मृति चिन्ह भेंट करते ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य एवं अलीगढ़ जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह लाला व अन्य। ● अमृत विचार

- **हर दरवाजे पर दस्तक देकर प्रत्याशी कमल का निशान बताएं**
- **मोदी की गारंटी के साथ मतदाता से मिलें कार्यकर्ता**

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जिन लाभार्थियों को मिला है क्या पार्टी कार्यकर्ता उनके संपर्क में है हमें निरंतर प्रत्येक मतदाता के संपर्क में रहने की आवश्यकता है हमें इस आत्मविश्वास से बचना चाहिए की हमने हाल ही में राम मंदिर का निर्माण हुआ है और राम मंदिर का निर्माण होने के बाद मतदाता हमसे पूरी तरह सहमत सहमत है और हमें मतदान करेगा । प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह चुनाव को किसी भी प्रकार से हल्के में ना लें चुनाव को पूरी गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत करना है। दो सत्रों में हुई बैठक के दौरान बीएल संतोष ने चुनाव के माइक्रो मैनेजमेंट पर चर्चा की।

उन्होंने एक-एक वोट की कीमत को पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को समझाया। लोकसभा प्रत्याशियों को लेकर उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रत्याशी कौन है यह पार्टी संगठन समय आने पर तय करेगा लेकिन प्रत्याशी एकमात्र कमल का फूल है जिसका प्रचार प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर करना है । उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान घर-घर गांव-गांव जाने के कार्यक्रम बूथ सम्मेलन लोकसभा संपर्क कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता के सामने पार्टी कार्यकर्ता को जाकर कमल के फूल का प्रचार करना है ।

बैठक में ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, ब्रज क्षेत्र महामंत्री राकेश मिश्रा , नागेंद्र सिकरवार, एटा लोकसभा प्रभारी नागेंद्र दुबे गामा, फिरोजाबाद लोकसभा संयोजक वृंदावन लाल गुप्ता, कासगंज जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी सहित ब्रज क्षेत्र के 13 लोक सभा क्षेत्रों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

सार-संक्षेप

11 विभागों में जल्द शुरू होगी खेलकोटे की भर्ती

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के 11 सरकारी महकमों में खेल कोट में होने वाली भर्ती फिर जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए खेल विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सभी विभागों में एक से दो प्रतिशत खिलाड़ियों भर्ती की जाएगी। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार इसके लिए 11 सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों की जानकारी मांगी गई हैं, जहां पर खिलाड़ियों की तैनाती की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लेने के लिए जहां तमाम संस्थान तैयार रहते हैं वहीं राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की तैनाती नहीं हो पाती। ऐसे में इस बार राष्ट्र और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों की तैनाती की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वन, परिवहन, खेल, पुलिस, सुरक्षा बल और रेलवे के साथ अन्य विभागों में तैनाती की जाएगी। अभी तक रेलवे और पुलिस और सुरक्षा बलों में खिलाड़ियों की तैनाती हो रही है। जिन विभागों में खेल कोटे में भर्ती नहीं हो रही है, उनके विभागाध्यक्षों से संपर्क किया जाएगा। खेल कोटे में खाली पदों की जानकारी ले कर उसे भरने के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। कई विभागों में पिछले तीन दशकों से खेल कोटे की भर्तियां नहीं हुई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से भी विभागों में खिलाड़ियों की तैनाती के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

मां ने प्रेमी से कराई थी बेटे की हत्या

प्रतापगढ़,एजेंसी : अवैध सम्बन्ध की जानकारी होने पर मां ने प्रेमी से मिलकर बेटे की हत्या करवा दी। दस दिन के अन्दर ही बाघराय पुलिस ने आज मामले का खुलासा करते हुए बच्चे के शव को बरामद कर लिया। घटना थाना क्षेत्र के बाघ राय के लच्छीपुर (जलालपुर) गांव की है। जलालपुर गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा की पत्नी अंजू देवी का प्रयागराज जिले के होलागढ़ क्षेत्र के अहिबी का पुरवा पुरवनारा निवासी पप्पू उर्फ अमरेष कुमार विश्वकर्मा से अवैध सम्बन्ध था। मृतक अमित (7) ने इसे देख लिया था और कहा था कि वह इसे पिता को बता देगा। तभी से दोनों हत्या की योजना बनाने लगे। 13 फरवरी को आरोपित अमरेस अपने रिश्तेदार जलालपुर निवासी श्रीराम विश्वकर्मा के यहां शादी में गया था। मृतक की मां भी बेटे अमित के साथ वहां गयी थी। वहीं पर पप्पू ने योजना बनाकर अपने चार अन्य साथियों के साथ उसका अपहरण कर लिया। चारों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को सूखे नाले में एक गड्ढे में मिट्टी से ढक दिया। घटना की बाघराय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने लिखाई थी। सुरागकशी करते हुए पुलिस ने अमरेश (पप्पू) को धर दबोचा। उसने पुलिस को बताया कि अमित ने मुझे अंजू के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था।

विधान परिषद: 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

लखनऊ, अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चार मार्च से मतदान शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन की अधिसूचना चार मार्च की जाएगी। इसी दिन से प्रत्याशी नामांकन शुरू कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी। 5 मई को विप के इन सदस्यों का कार्यकाल होगा समाप्त- डॉ. महेंद्र सिंह, भाजपा, मोहसिन रजा, भाजपा, अशोक कटियार, भाजपा,अशोक धवन, भाजपा,बुक्कल नवाब, भाजपा,यशवंत, भाजपा,विजय बहादुर पाठक, भाजपा,विद्यासागर सोनकर, भाजपा,डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, भाजपा,निर्मला पासवान, भाजपा,आशीष पटेल, अपना दल, नरेश उत्तम पटेल, सपा और भीमराव अंबेडकर, बसपा।

पुलिस भर्ती बोर्ड को मिले पेपर लीक के 1500 सबूत

जांच में लग रही है पेपर लीक के आरोपों पर मुहर, एक सप्ताह में बोर्ड ले सकता है बड़ा फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों पर भर्ती को हुई परीक्षा में पेपर लीक संबंधी लगभग डेढ़ हज़ार सबूत शुक्रवार को ऑनलाइन बोर्ड के पास पहुंचे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से गठित जांच समिति इन कथित सबूतों का परीक्षण करने के बाद जल्दी ही फैसला सुनाएगी। बोर्ड को समिति की रिपोर्ट और संबंधित कंपनी के जवाब का भी इंतजार है।

वहीं दूसरी ओर सूत्रों पर कान दें तो एसटीएफ भी अब दबी जुबान पेपर लीक के आरोपों पर मुहर लगा रही है। सूत्र तो यहां तक दावा कर रहे हैं, इस बाबत एसटीएफ की ओर से बोर्ड को अपनी जानकारी साक्षा की है। ऐसे में एक सप्ताह के भीतर बोर्ड की ओर से कोई बड़ा फैसला आने की उम्मीद जतायी जा रही है।

उधर, उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के अफसरों से अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से शुक्रवार को मुलाकात की। सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती बोर्ड को ज्ञापन दिया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती बोर्ड को पेपर लीक के सबूत भी दिए। भर्ती बोर्ड के अफसर से मुलाकात के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया गया है।

भर्ती बोर्ड ने मांगे थे साक्ष्य: दरअसल, परीक्षा की शुचिता पर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। कथित पेपर लीक को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में धरना-प्रदर्शन भी होने लगे हैं। हालांकि कुछ दिन पहले ही मामले की जांच के लिए बोर्ड ने एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता एक कमेटी गठित की थी, लेकिन फिर भी परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराए जाने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन की खबरें आ रही है। ऐसे में बोर्ड ने गुरूवार को पत्र जारी कर सभी से शुक्रवार की शाम छह बजे तक बोर्ड की मेल पर कथित पेपर लीक की बाबत साक्ष्य मांगे थे। साथ ही आश्वस्त किया है कि उन साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में फैसला किया जाएगा।

परीक्षा से पहले ही पेपर व्हाट्सएप पर?: वहीं 18 फरवरी को दूसरी पॉली में हुई परीक्षा के दौरान पकड़े गए अभ्यर्थी सत्य अमन कुमार के पास से मिली हाथ से लिखी हुई नकल की पर्ची की पुसिलिया जांच भी पेपर लीक होने के आरोपों पर मुहर लगाती है। मोहनलालगंज में तैनात इंस्पेक्टर की ओर परीक्षा अधिनियम में दर्ज कराई एफआईआर की तहरीर में लिखा गया कि हस्तलिखित प्रश्न पत्र जो परीक्षार्थी के मोबाइल पर आया है, उसका मिलान परीक्षार्थी की मूल प्रश्न पुस्तिका से किया गया तो प्रश्न संख्या अलग-अलग है, लेकिन प्रश्न सभी मैच कर रहे हैं। पकड़े गए अभ्यर्थी ने पुलिस की पूछताछ में कबूला था कि उसके दोस्त ने व्हाट्सएप पर उसे पेपर परीक्षा से पहले ही भेज दिया था जिसकी पर्ची उसने तैयार की थी।

पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी

प्रयागराज, एजेंसी : प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन यहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट के सामने शुक्रवार को जारी रहा। प्रतियोगी छात्र अभिनव द्विवेदी ने संवाददाताओं से कहा, "समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ जारी आंदोलन में हमारी मांग है कि यह परीक्षा निरस्त की जाए और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत को हटाया जाए।

अभ्यर्थियों से पेपर लीक का साक्ष्य मांगना तानाशाही

प्रयागराज, अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्रारंभिक परीक्षा-2023 पेपर लीक मामले को लेकर अभ्यर्थियों का चल रहा विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। शुक्रवार को हजारों की संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे। आयोग की सूचना पर पहुंचे एसीपी सत्येन्द्र तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और आयोग गेट के साथ रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। एसीपी अभ्यर्थियों को समझाते रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी दोबारा परीक्षा कराये जाने की मांग पर अड़े रहे,हंगामा करते रहे। अभ्यर्थियों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। 11 फरवरी को आरओ/एआरओ का पेपर लीक हुआ था। जिसको लेकर अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग के गेट पर पहुंचकर पेपर को रद्द करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद आयोग के द्वारा नोटिस जारी कर साक्ष्य मांगा गया था। साक्ष्य प्राप्ति के बाद भी आयोग की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। आयोग के इस रवैये को अभ्यर्थियों ने तानाशाही माना है। आयोग की उदासीनता से अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को करीब 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी आयोग गेट पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। भीड़ व बवाल देख आयोग ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी सत्येंद्र तिवारी ने फोर्स के साथ पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों का कहना कि पहले पेपर को रद्द किया जाए और फिर से पेपर कराया जाए। साक्ष्य देने की जरूरत क्या है, जब पेपर पहले से ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर टहल रहा है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 29 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं पर शुक्रवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने मामले को आगामी 29 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में भी हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाओं की पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष की ओर से बहस की गई। वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिया कि केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ जमीन शाही ईदगाह को दी गई थी। मालूम हो कि विवादित भूमि को हिंदू पक्ष अपना बताता है।

वर्ग पहेली-352

बाएं से दाएं

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।

5. डरावना, भयानक।

6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।

7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

ऊपर से नीचे

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।

2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।

3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।

5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



वर्ग पहेली - 351 का हल

1 अं	त	र	2 अ	य	3 न
शु			म		वी
मा		4 वि	ल	स	न
ला			ता		ता
	5 सु	खा	स	न	
	दि				6 ख़ा
7 ति	न	क	ना		लू

सुडोकू-69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1		6			7		
		2		1	5	8		
		6		9				
			1			9		
6		1				3		2
		7		4	8			
		4		6		1		
			8			2	3	
		8			2		5	

सुडोकू - 68 का हल

1	5	9	3	2	4	6	8	7
6	7	3	8	9	1	5	4	2
2	8	4	5	6	7	9	3	1
7	4	5	6	8	9	1	2	3
3	9	6	4	1	2	8	7	5
8	1	2	7	3	5	4	6	9
4	2	7	1	5	6	3	9	8
5	6	8	9	7	3	2	1	4
9	3	1	2	4	8	7	5	6

यूपी बोर्ड: दूसरे दिन 28 हजार और बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

एजेंसी

प्रयागराज : यूपी बोर्ड परीक्षा में सख्ती के चलते दूसरे दिन शुक्रवार को 28 हजार बच्चे परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे। इस बीच शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा कराने की दिशा में बोर्ड ने एक और कदम उठाते हुये कंमाड एवं कंट्रोल रूम की भी निगहबानी शुरू कर दी है। बोर्ड सचिव ने अपने ही कक्ष में एक बड़ी स्क्रीन लगाकर कंट्रोल रूम पर नजर रखने की व्यवस्था कर दी है।

मोबाइल फोन से भी 24 घंटे निगरानी की जा रही है। शुक्रवार को चार लाख 47 हजार परीक्षार्थियों को एक्जाम में सम्मिलित होना था लेकिन 28,513 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहले दिन तीन लाख 33 हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। पूरे प्रदेश में मात्र एक नकलची पकड़ा गया। छद्म परीक्षार्थी भी नदारत रहे। सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा व्यवस्था को लगातार अपडेट किया जा रहा है। सचिव कक्ष में पूरे प्रदेश के कंमाड एवं कंट्रोल रूम की निगरानी के लिए एक नया कंट्रोल रूम बना दिया गया है। यहां से सचिव एवं उनके अधीनस्थ अधिकारी भी नजर रखे हुए हैं। सचिव अपने मोबाइल से भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी कैमरे से दृष्टि रखी जा रही है।

राज्यसभा: इरफान सोलंकी नहीं डाल सकेंगे वोट

कानपुर। सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी की राज्यसभा चुनाव में मतदान करने संबंधी याचिका शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। उनके वकील मो. आसिफ की तरफ से झारखंड का हवाला दिया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे। जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी एक महिला की झोपड़ी में आग लगाने सहित कई मामलों में इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से सपा विधायक महराजगंज जेल में बंद हैं।

सीट बंटवारे पर छलका सलमान खुर्शीद का दर्द

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **निराश होकर कहा, टूट सकता हूं लेकिन झुकूंगा नहीं**

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के बीच सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस के उन नेताओं में नाराजगी पैदा हो गई है, जो चुनाव लड़ना चाह रहे थे, पर गठबंधन में सीट सपा के खाते में चली गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट के जरिये कहा कि टूट सकता हूं लेकिन झूकंगा नहीं।

उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद से उनके रिश्तों के कितने इम्तहान का सामना करना पड़ेगा? सवाल उनका नहीं, पर हम सब के मुस्तकाबिल का है। आने वाली नस्लों का है। किस्मत के फैसलों के सामने कभी झुका नहीं। उन्होंने लिखा- टूट सकता हूं, झुकूंगा नहीं। तुम साथ देने का वादा करो, मैं नगमें सुनाता रहूं। मालूम हो कि प्रदेश की कुल अस्सी लोकसभा सीटों में कांग्रेस के खाते में 17 सीटें व सपा के खाते में 63 सीटें आई हैं, जिसमें सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन सपा ने फर्रुखाबाद से नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी घोषित कर रखा है। ऐसे में खुर्शीद के चुनाव लड़ने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन में ग्रहण लग सकता है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-पूर्णिमा 17 .59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- गुरु रविदास जयंती। दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 22 .20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।

वृष — आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।

मिथुन — आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

कर्क — आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।

सिंह — आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

कन्या — आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।

तुला — आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

वृश्चिक — आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

धनु — आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

मकर — आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।

कुंभ — आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

मीन — आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **खेल** — सुबह : 10 .00
- **शान** — रात : 07 .00

SONY MAX
- **परिनीता** — सुबह : 09 .21
- **हुड़दंग** — शाम : 05 .24

SONY PIX
- **एनाकोंड्रास** — सुबह : 10 .13
- **जर्नी 2** — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- **गंगाजल** — सुबह : 10 .30
- **कहो ना...प्यार है** — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- **गब्बर इज बैक** — सुबह : 09 .36
- **देवदास** — रात : 09 .24

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर,नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,142.80	22,212.70
बढ़त	15.44	4.75
प्रतिशत में	0.02	0.02

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 24 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 1835, राज श्री 1330, फ़ॉर्चून कि. 1700, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1445, सूरज 1415, अवसर 1555, राग गोल्ड 1520, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450।

मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

नई दिल्ली। सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	71,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,650
गिन्नी (प्रति नग)	47,400-47,600
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,000
चांदी तैयार	72,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	712 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,850
चांदी आभूषण	71,900।

रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

मुंबई, एजेंसी

- बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।

ट्राई ने फोन पर कॉलर का नाम दिखाने वाली सेवा की सिफारिश की

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क में कॉल करने वाले शख्स का नाम फोन स्क्रीन पर दर्शाने वाली सेवा शुरू करने की सिफारिश की है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी सिफारिश में कहा कि 'कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन' (सीएनएपी) अनुपूरक सेवा के तहत मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था शुरू की जाए। हालांकि यह सुविधा ग्राहक के अनुरोध पर ही सभी दूरसंचार कंपनियां मुहैया कराएंगी। इस सुविधा के शुरू होने पर अक्सर आने वाली अनचाही कॉल से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी।

मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

इंदौर, एजेंसी

- इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म

भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

राष्ट्रीय

संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

कोलकाता। ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

कोलकाता। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

एक नजर

नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थपित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

जयपुर। जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

हैदराबाद। तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

राहुल का संबल बनें कार्यकर्ता : कमलनाथ

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे पार्टी नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होकर उनका 'संबल' बनें। कमलनाथ ने शुक्रवार को अपनी एक्स पोस्ट में कहा, 'मध्य प्रदेश की जनता और कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगवानी के लिए उत्साहित हैं। अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ हम सबके नेता राहुल गांधी जी पूरे देश में सड़कों पर उतरकर एक निर्णायक लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं।'

कमलनाथ के पिछले कुछ दिन से कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलें जोरों पर थीं। ऐसे में उनके इस यात्रा में शामिल होने पर भी शंका के बादल छाए हुए थे।

होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

हावड़ा/कोलकाता। भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस छापेमारी के दौरान कथित तौर पर भाजपा नेता द्वारा संचालित होटल से कई लड़कियों और महिलाओं को बचाया गया।

पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट

नई दिल्ली। खुद को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया, लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

किसानों की उच्चतम न्यायालय से गुहार

दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति के लिए केंद्र को दें निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

किसानों को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की गुहार लगाते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रबंध निदेशक एग्नोस्टोस थियोस की ओर से दायर जनहित याचिका में आंदोलनकारी किसानों के दिल्ली में प्रवेश रोकने के लिए सड़कों से की गई बैरिकेडिंग हटाने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की गुहार लगाई गई है।

थियोस ने आंदोलनकारी किसानों के जबरन बंद किए गए सोशल मीडिया खातों को चालू करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की याचना की है। याचिका में दावा किया गया है कि किसानों को बिना किसी उचित कारण के दिल्ली में प्रवेश करने से रोकना देशभर में स्वतंत्र रूप से यात्रा करने के उनके अधिकारों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने केंद्र के अलावा हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली सरकारों को पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकारों ने शांतिपूर्वक विरोध कर रहे किसानों के खिलाफ आंसू गैस, रबर बुलेट छर्रों आदि के उपयोग जैसे आक्रामक और हिंसक उपायों को अपनाया।

गुजरात: नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

गांधीनगर। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में 350 करोड़ का ड्रग्स जब्त करने में एक और बड़ी सफलता मिली है। संघवी ने एक्स पर पोस्ट में शुक्रवार को कहा है कि गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली किनारे पर छापा मारकर नौका से 350 करोड़ रुपये के हेरोइन ड्रग्स के 50 किलो सीलबंद पैकेट जब्त किए हैं। ऑपरेशन को एसओजी एवं एनडीपीएस की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए नौ लोगों को पकड़ लिया है। उन्होंने कहा है कि गुजरात पुलिस की सतर्कता से ड्रग्स के खिलाफ का यह बहुत बड़ा अभियान सफलता की नई मंजिल की ओर बढ़ रहा है।

विशेष योजनाएं लागू करने के निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि बेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख-कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, "यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर है कि वह वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें। पीठ ने कहा, "जब खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'अधिकार आधारित दृष्टिकोण' के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है और जब लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते उक्त अधिनियम के तहत अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी भारत संघ और राज्यों द्वारा बनाई और कार्यान्वित की गई हैं, तो हम उस संबंध में कोई और दिशा देने का प्रस्ताव नहीं करते।"

डब्ल्यूपीएल 2024 का आगाज

बेंगलुरु : बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 के उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार की शाम हुआ ।इस दौरान कई सिने कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से मैच देखने आए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस मौके पर बीसीसीआई सचिव जय शाह, अभिनेता शाहरुख खान, वरुण धवन, शाहिद कपूर और डब्ल्यूपीएल टीमों की कप्तान स्मृति मंधाना (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर), हरमनप्रीत कौर (मुंबई इंडियंस), मेग लैनिंग (दिल्ली कैपिटल्स), बेथ मूनी (गुजरात जाइंट्स) के साथ), एलिसा हीली (यूपी वारियर्स) मौजूद रहीं ।वहीं डब्ल्यूपीएल का पहला मैच दिल्ली और मुम्बई के बीच खेला गया है। ● एजेंसी

मुंबई इंडियन ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से रौंदा

बेंगलुरु, एजेंसी

यास्तिका भाटिया (57 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (55 रन) अर्धशतकीय पारी और आखिरी गेंद पर संजीवन संजना के छक्के की बदौलत मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया है। 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने पहले ओवर में हेली मैथ्यूज (0) का विकेट गंवा दिया। यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट ने दूसरे विकेट लिए 49 रन जोड़े। अरुंधति ने नैट साइवर ब्रंट (19 रन) को बोल्ड किया। भाटिया ने 45 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। एमेलिया केर 24 रन पर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर ने 34 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। अमनजोत कौर 3 और संजीवन संजना 6 बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट

पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली की अरुंधति रेड्डी और ऐलिस कैप्सी ने दो-दो, शिखा पांडे और मरीजन्न काप ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले ऐलिस कैप्सी 75 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारी और जेमिमाह रॉड्रिग्स के 42 रन की मदद से दिल्ली ने मुंबई को 172 रन का लक्ष्य दिया था। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरी दिल्ली ने तीसरे ही ओवर में शेफाली वर्मा (1 रन) का विकेट गंवा दिया। 11वें ओवर में कप्तान मेग लानिंग 31 रन बना आउट हुई। ऐलिस कैप्सी और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने टीम को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। ऐलिस कैप्सी ने 53 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्कों की मदद से 75रनों की पारी खेली। वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 24 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। मरीजन्न काप 16 रन बनाकर आउट हुई। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट और एमेलिया केर ने दो-दो विकेट और शबनीम इस्माइल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती

अलान्या (तुर्की), एजेंसी । पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी । भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4 -3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी । इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा । फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा । भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाएं । आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी । प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा । भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है ।

टर्किश कप

कपूर, संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

मस्कट । भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं । स्पेन के डेविड पुईग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई । अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं । अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं । हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं । उन पर कट से चूकने का खतरा है ।

अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली । एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए । शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया । हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा । पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था । शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11-5, 4 -11, 4 -11, 8-11 से हार गए ।

एफआईएच प्रो लीग : ऑस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर

राउरकेला । पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी । भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई । भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है । अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी । इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था । आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा ।

रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाशदीप का दमदार आगाज

चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाशदीप ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे । उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं। दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला।

बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे । पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए । इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।

टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन। ● एजेंसी

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड			302/7 (90 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जाक क्रॉली बो आकाश दीप	42	42	6/1
बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप	11	21	1/0
ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप	00	02	0/0
जो रूट नाबाद	106	226	9/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन	38	35	4/1
बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा	03	06	0/0
बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज	47	126	4/1
टॉम हार्टली बो सिराज	13	26	1/1
ओली रॉबिनसन नाबाद	31	60	4/1

अतिरिक्त : 11, **विकेट पतन :** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी :** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

मुश्किलों के बाद आकाशदीप को मिली मंजिल

रांची । इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे। उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते।

सफलता दिवंगत पिता को की समर्पित

रांची । तेज गेंदबाज आकाश दीप ने टेस्ट पदार्पण में 3 विकेट के शानदार प्रदर्शन को अपने पिता को समर्पित किया, जिनका 2015 में निधन हो गया था । उन्होंने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि उन्होंने अपने पिता के 'जीवन में कुछ कर दिखाने' के सपने को पूरा कर दिया है । आकाश दीप ने पिता रामजीत सिंह का लकवा मारने के बाद निधन हो गया और छह महीने के अंदर ही आकाश दीप ने अपने बड़े भाई को खो दिया । आकाश दीप ने कहा कि एक साल में पिता और बड़े भाई को गंवा देने के बाद मैं कुछ करना चाहता था और मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया । मेरे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था, बस कुछ हासिल कर सकता था ।

बॉलीवुड हलचल

राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज

मुंबई । भोजपुरी अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2.0 रिलीज हो गया है । इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है । गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है । हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरू हो जाती है । इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे । यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं । हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे ।

सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है । सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है । 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है । करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया । इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है । गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं । फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है ।यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है । वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है । फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी ।

जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल

मुंबई । स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा . लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है । जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया । अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है । कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं । हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी । हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है । हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे । इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है । मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है । इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग ' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी । यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है ।

करिश्मा कक्कड़ और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज



मुंबई । गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है । भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है । इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि ...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा ... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा ... होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा ... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से ... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं । इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है । वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं । मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है ।

नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज

मुंबई । गायक-अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है । होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं । यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है । नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये । अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं ।सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है ।आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं । फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है । गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं । संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं । प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है । गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

चीनः बांध के निर्माण को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का विरोध प्रदर्शन

बीजिंग। चीन अक्सर अपने आक्रामक रुख के लिए सुर्खियों में रहता है। आए दिन चीन अपने पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद को लेकर बवाल खड़ा करता रहा है। अब चीन के सुरक्षा अधिकारी अपने ही देश के भीतर उठ रही विरोध की आवाज को कुचलने का काम कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में एक विशाल बांध के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन को दबाने के लिए चीन के सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बौद्ध भिक्षुओं और स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। तमाम प्रदर्शनकारियों का मानना है कि अगर यहां बांध का निर्माण होता है, तो जल क्षेत्र में छह बौद्ध मठ डूब जाएंगे और दो गांवों को विस्थापित होना पड़ेगा।

शादी को अवैध करार देने के फैसले को इमरान-बुशरा ने दी चुनौती

इस्लामाबाद। कई मामलों में जेल की सजा काट रहे

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के अलग-अलग निचली अदालत में गैर इस्लामिक शादी मामले में फैसले को चुनौती दी है। दरअसल, इस मामले में दोनों को सात साल की जेल की सजा हुई थी और कोर्ट ने उनकी निकाह को भी अवैध घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में, पिछले साल नवंबर में बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मेनका द्वारा दायर एक मामले में इस महीने की शुरुआत में सुनवाई हुई।

पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाला पत्रकार गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाले पत्रकार पर कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। टीवी एंकर और यूट्यूबर इमरान रियाज खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रियाज खान का कहना है कि उन्हें झूठे केस में गिरफ्तार किया गया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक हैं। पंजाब की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था की ओर से कहा गया है कि इमरान रियाज खान और उनके पिता पर चकवाल में धाराबी झील से संबंधित एक अनुबंध को अधिक कीमत पर हासिल करने का आरोप है।

पाकिस्तानः चुनाव में धांधली के आरोप से पलटे पूर्व नौकरशाह

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह लियाकत अली चट्ठा अपने बयान से पलट गए। पूर्व नौकरशाह ने आरोप लगाया था कि रावलपिंडी से 13 प्रत्याशियों को जबरन विजेता घोषित किया गया। उन्होंने कहा है कि वह अपने दावों पर अत्यंत शर्मिंदा हैं। मीडिया के अनुसार रावलपिंडी के पूर्व कमिशनर लियाकत ने कहा, 'मैं अपने काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं को अधिकारियों के सामने समर्पित करता हूं। घटनाक्रम पर पीएमएलएन ने इमरान की पार्टी पर चुनाव को विवादास्पद बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

आदित्य-एल1: पेलोड ने दी सूर्य से आने वाले सौर वायु प्रभाव की जानकारी

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत सेंसरों ने कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभाव का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। इसरो के एक बयान में कहा गया है, 15 दिसंबर, 2023 को सीएमई, एक एकल घटना थी। इस अवधि के दौरान पीएपीए अवलोकनों ने कुल इलेक्ट्रॉन और आयन गणना में अचानक वृद्धि देखी गई।"

इसरो के अनुसार, पेलोड के उन्नत सेंसर एक ऊर्जा और द्रव्यमान विश्लेषक है जिसे कम ऊर्जा सीमा में सौर पवन इलेक्ट्रॉनों और आयनों के इन-सीटू माप के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें दो सेंसर हैं: सौर पवन इलेक्ट्रॉन ऊर्जा जांच और सौर पवन आयन संरचना विश्लेषक शामिल है। एकत्र किए गए डेटा से कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से 15 दिसंबर, 2023 और 10-11 फरवरी, 2024 के दौरान हुई घटनाओं की घटना का पता चला है। बता दें, पेलोड के

उन्नत सेंसरों को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला और एवियोनिक्स इकाई द्वारा विकसित किया गया है। इसरो के बयान में कहा गया है कि पीएपीए द्वारा की गई जानकारियां अंतरिक्ष मौसम की स्थिति की निगरानी में इसकी प्रभावशीलता और सौर घटनाओं का पता लगाने और विश्लेषण करने की क्षमता पर जोर देते हैं। गौरतलब है कि, पीएसएलवी-सी57 रॉकेट द्वारा आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को इसरो द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान सूर्य का अध्ययन करने के लिए सात पेलोड ले गया है।

गाजा में 90 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार

राफा/तेल अवीव। मिस्र की सीमा से सटे राफा शहर में 14 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। यहां रहने वाले अधिकांश लोग वो हैं, जो उत्तर गाजा में इजराइली सेना के हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए बेघर होने के बाद यहां पहुंचे हैं। दुनियाभर से मिलने वाली राहत में कटौती के बाद यहां रहने वाले 90 फीसदी लोग भूखमरी का सामना कर रहे हैं। हर रोज हजारों परिवारों के बच्चों और महिलाओं को पेट भर खाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इजराइली हमलों के बाद यहां गिनी-चुनी बेकरी बच्ची है, जहां खाने के लिए हंगामा सामान्य है। गाजा में चल रही जंग के चलते 23 लाख की आबादी वाले गाजा के 80 फीसदी लोग बेघर हो गए हैं।

रमजान से पहले सभी बंधक रिहा करे हमासः इजराइल

इजराइल की युद्ध कैबिनेट में शामिल बेनी गेंज ने चेतावनी दी है कि अगर रमजान से (संभवतः 10 मार्च) से पहले हमास ने सभी बंधकों को रिहा नहीं किया तो राफा में इजराइली सेना कार्रवाई शुरू कर देगी। बेनी गेंज को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का करीबी माना जाता है। वहीं, अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल प्रशासन ने फैसला किया है कि रमजान के दौरान फिलिस्तीनी लोगों को अल अक्सा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर तनाव बढ़ गया है।

अब तक कितने लोगों की हुई मौत

गाजा में मरने वाले लोगों की संख्या 29 हजार के पार हो गई है। हमास के कब्जे वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 24 घंटे में 107 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ 7 अक्टूबर से अब तक मरने वालों का आंकड़ा 29,092 हो गया है। वहीं, 69 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों और घायलों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। वहीं, इजराइल में हमास के हमले में 1200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया है। इनमें से 130 से ज्यादा लोग अभी भी हमास के कब्जे में हैं।

जबरन रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती

रणधीर जायसवाल ने कहा- युवाओं को वापस लाने के लिए रूस के संपर्क में भारत सरकार

जंग से दूर रहें युवा, विदेश मंत्रालय ने की अपील यूक्रेन सीमा पर घायल हुआ कासगंज का युवक

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग में जबरन रूसी सेना में भारतीय युवाओं को भर्ती किए जाने पर विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीयों से अपील की है जंग से दूर रहें, और सावधान रहें।

रूस में फंसे भारतीयों के मामले में विदेश मंत्रालय ने मदद का भरोसा दिलाया है। सरकार ने कहा है कि रूसी सेना के साथ सपोर्ट स्टाफ के रूप में काम कर रहे लोगों को सुरक्षित भारत लाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत भारतीयों को जल्द मुक्त कराने के लिए मॉस्को से लगातार संपर्क में बनी हुई है। भारत ने अपने नागरिकों से कहा है कि रूस के साथ जारी युद्ध के कारण हिंसाग्रस्त इलाकों में जाने से बचें।

विदेश मंत्रालय का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि कुछ भारतीय युद्धग्रस्त इलाकों में रूसी सेना के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा, सरकार इस बात से अवगत है कि कुछ भारतीय रूसी सेना में सहायक पदों पर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास नियमित रूप से इस मामले पर संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की शीघ्र वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं।

युद्ध के बीच रूस ने परमाणु बल को किया आधुनिक : पुतिन

रूस-यूक्रेन जंग को शनिवार को दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस बीच पुतिन ने कहा, विपरीत परिस्थितियों में भी रूस ने अपने रणनीतिक परमाणु बल के आधुनिकीकरण का 95 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। रूसी वायुसेना को हाल ही में उन्नत क्षमताओं वाले चार तरह के नए सुपरसोनिक बमवर्षक विमानों की आपूर्ति की गई है। ज्यादा ऊंचाई पर आवाज से तेज गति से उड़ने वाले ये विमान परमाणु हथियारों से हमला करने में सक्षम होते हैं। पुतिन का यह बयान रूस द्वारा अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती की चर्चाओं के बीच आया है। राष्ट्रपति पुतिन ने अपने देश की परमाणु क्षमता पर यह बयान शुक्रवार को रूसी सेना के वार्षिक डिफेंडर आफ द फादरलैंड डे के अवसर पर दिया है। उन्होंने साफ किया कि रूस की परमाणु क्षमता धरती, आकाश और समुद्र में सर्वोत्कृष्ट है और उसका आधुनिकीकरण कर उसे हमेशा विश्व में सबसे आगे रखा जाएगा।

रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे 100 से ज्यादा भारतीय

रूस की सेना की तरफ से 100 से ज्यादा भारतीय युद्ध लड़ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया है कि पिछले एक साल के दौरान सौ से ज्यादा लोगों को मॉस्को स्थित भर्ती केंद्र से भर्ती किया गया था। रिपोर्ट में सामने आया है कि रूसी सेना के साथ लड़ने वाले अधिकांश भारतीय युद्ध शुरू होने के बाद टूरिस्ट वीजा पर रूस गए थे। रूसी सेना का कॉन्ट्रेक्ट एक साल का है और किसी भी व्यक्ति को 6 माह से पहले न तो छुट्टी मिलती है और न ही वह सेना छोड़ सकता है। सेना में शामिल होने वाले भारतीय युवाओं को 1.95 लाख रुपये मासिक वेतन और 50 हजार से अतिरिक्त बेनिफीट का प्रावधान है। हेल्पर के रूप में भर्ती होने के बाद कहां तैनात किया जाएगा, यह फैसला कमांड लेती है। उन्हें युद्ध के मोर्चे या फिर पोर्टर का काम करने के लिए कहा जा सकता है।

कासगंजः रूस-यूक्रेन सीमा पर अरबाब को किया तैनात

कासगंज, अमृत विचार : विदेश में लाखों रुपये के मानदेय पर हेल्पर की नौकरी दिलाने के नाम पर एजेंट ने कासगंज के युवक को रूसी सेना में भर्ती करा दिया। परिजनों से तीन लाख 80 हजार रुपये भी ठग लिए। युवक को रूसी सरकार ने यूक्रेन की सीमा पर तैनात कर दिया, युद्ध के दौरान वह घायल हो गया। बता दें, कासगंज के गंजडुंडवारा कस्बे के रहने वाले अशरफ हुसैन का बेटा अरबाब हुसैन पिछले वर्ष 11 नवंबर को बाबा ब्लॉग नाम की एजेंसी के संपर्क में आया। एजेंसी ने अच्छे मानदेय पर रूस में हेल्पर की नौकरी का झांसा दिया। एजेंट अरबाब को रूस ले गया, खुद वापस भारत लौट आया। लेकिन कुछ माह बाद अरबाब का फोन आया तो उसने बताया कि उसे वहां जबरन सेना में भर्ती किया गया है। जब इस बात का विरोध किया तो पासपोर्ट और वीजा जब्त कर लिया। इसके बाद से परिजन लगातार उससे संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन रूस सरकार ने उससे संपर्क नहीं होने दिया है। इसको लेकर परिवार के लोगों का बुरा हाल है। परिजनों ने देश के प्रधानमंत्री से गुहार लगाई है कि उनके लाडले को वापस भारत लाया जाए।

सरोगेसी कानून शीर्ष कोर्ट के सवाल के बाद हुआ संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाने के बाद सरोगेसी नियमों में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके बाद यदि पति-पत्नी में से कोई चिकित्सीय समस्या से पीड़ित है तो उन्हें दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति होगी। बता दें, केंद्र सरकार ने हाल ही में किराए की कोख यानी सरोगेसी से जुड़े नियम 7 में बड़ा बदलाव किया है।

इन नियमों के बदलाव से देश के लाखों ऐसे दंपती को भी राहत मिलेगी, जो अपने घर में किलकारी सुनना चाहते हैं। सरोगेसी कानून के तहत, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब तक बने कानून के अनुसार स्पर्म और एग सेल्स पति-पत्नी का ही होना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने इन नियम में अब संशोधन कर दिया है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की एक पीठ ने पिछले साल दिसंबर में दो दर्जन से अधिक याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिए मां बनने के लिए दाता अंडे (एग) का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हुए कहा था कि इस तरह के नियमों से सरोगेसी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा।

- केंद्र ने सरोगेसी से जुड़े नियम 7 में किया बड़ा बदलाव

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले के नियमों में संशोधन किया है, जिसमें कहा गया था कि सरोगेसी से गुजरने वाले जोड़ों के पास इच्छुक जोड़े से दोनों युग्मक होने चाहिए। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि कई महिलाओं द्वारा शिकायतों के बावजूद निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने पिछले महीने कहा था कि सरकार पिछले साल सरोगेसी कानून में लाए गए संशोधन पर पुनर्विचार कर रही थी। गौरतलब है कि 14 मार्च, 2023 को सरोगेसी पर नियम 7 में किए गए संशोधन के बाद शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गईं। अदालत ने कई महिला याचिकाकर्ताओं को दाता अंडे प्राप्त करने और सरोगेसी पर रोक लगाने वाले नियम के बावजूद आगे बढ़ने की अनुमति दी थी।

सड़कों पर उतरे हजारों लोग...

ब्रातिस्लावा : यूरोपीय देश स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हजारों लोग अभिव्यक्ति की आजादी के लिए सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। करीब 55 लाख की आबादी वाले स्लोवाकिया में हर साल 21 मार्च को 'फॉर डिसेंट स्लोवाकिया' रैली का आयोजन होता है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर के बीच एक खोजी पत्रकार और उसकी मंगेतर की हत्या की छठी बरसी मनाने के लिए स्लोवाकिया के दर्जनों शहरों और कस्बों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। बता दें, 21 फरवरी 2018 को वेल्का मैका शहर में 27 वर्षीय जान कुसियाक और मार्टिना कुशनिरोवा की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ● एजेंसी

भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता हैः मुरलीधरन

रियो दि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी

दुनियाभर में संघर्ष के बीच भारत ने ब्राजील में जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक ढंग से संबोधित कर, साझा जमीन तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को कूटनीति से हल करने और इजराइल-हमास संघर्ष पर द्वि-राष्ट्र समाधान पर भरोसा जताया। भारत का जोर पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के प्रयासों पर रहा।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 की भूमिका' शीर्षक वाले सत्र में बोलते हुए, मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं को छुआ और उन पर भारत के रुख की पैरवी की।

- जी-20 बैठक में विदेश राज्य मंत्री बोले- इजराइल हमास युद्ध का द्वि-राष्ट्र समाधान निकालें

उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है और हमें पश्चिम एशिया में युद्ध को और अधिक फैलने से रोकने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए, उन्होंने समुद्रों में सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया और समुद्री मार्गों की सुरक्षा जरूरी बताई। उन्होंने भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक रूप से संबोधित करने और आम जमीन खोजने की जरूरत पर भी ध्यानाकर्षित किया।

गुजारा भत्ते की राशि के लिए नीतीश भारद्वाज की पत्नी अदालत पहुंचीं

भोपाल। अभिनेता नीतीश भारद्वाज की आईएएस पत्नी स्मिता भारद्वाज ने मुंबई की एक पारिवारिक अदालत में आवेदन देकर आग्रह किया है कि उनके पति लंबे समय से अपनी बेटियों को प्रतिमाह दस-दस हजार रुपये नहीं दे रहे हैं। इसलिए उनकी संपत्ति बेच दी जाए। स्मिता का अपने पति के खिलाफ तलाक का मामला चल रहा है। उनके वकील चिन्मय वैद्य ने मुंबई के बांद्रा में एक पारिवारिक अदालत में दरख्वास्त देने की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि प्रति बेटी 10 हजार रुपये यानी दो बेटियों के लिए प्रतिमाह 20 हजार रुपये के अंतरिम आदेश पर दिसंबर 2022 से बहुत बकाया हो गया है, जिसे प्राप्त करने की कार्यवाही की गई है।

चीन से रिश्तों में संतुलन बनाना आसान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है। शुक्रवार को कूटनीतिक विमर्श रायसीना डायलाग के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्ते को लेकर चीन 'माइंड गेम' (दिमाग का खेल) खेल रहा है। लेकिन भारत के पास भी संतुलन बनाने के लिए दूसरे विकल्प मौजूद हैं।

भारतीय विदेश मंत्री ने बेहद साफगोई से स्वीकार किया कि दोनों देशों के लिए द्विपक्षीय रिश्तों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है और यह आसान नहीं होगा। रायसीना डायलाग के एक सत्र के दौरान विदेश मंत्री से यह पूछा गया था कि क्या भारत व चीन के तनावपूर्ण रिश्तों में संतुलन बनाना संभव होगा। इसके जवाब

- रायसीना डायलॉग में चीन को जयशंकर की दो टूक- बोले-खेला जा रहा है माइंड गेम



रायसीना डायलॉग कार्यक्रम में जयशंकर के साथ मौजूद अन्य गणमान्य।

जयशंकर ने कहा, दोनो देशों के बीच माइंड गेम होगा और यह सिर्फ इन दोनों देशों के बीच होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह माइंड गेम नहीं होनी चाहिए। उनका यह जवाब तब आया है जब दो दिन पहले ही भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने के लिए सैन्य वार्ता संपन्न हुई है और इसमें कोई नतीजा निकलने का संकेत नहीं मिला है। मई, 2020 से ही दोनो देशों के बीच सीमा विवाद चल रहा है। भारत के पूर्वी लद्दाख से सटे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कई जगहों पर दोनों देशों की सेनाएं अभी भी कुछ दूरी पर तैनात हैं। संतुलन साधने के लिए दुनिया के दूसरे हिस्सों में उपलब्ध अवसरों के बारे में संभवतः विदेश मंत्री का मंतव्य क्वाड संगठन का है जिसका गठन भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान व ऑस्ट्रेलिया को मिला कर किया गया है। ये चारों देश हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों पर लगाम लगाने की मंशा रखते हैं, ताकि इस महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र को कारोबार व आवागमन के लिए सुरक्षित रखा जा सके। जयशंकर ने इन आशंकाओं को भी परोक्ष तौर पर खारिज कर दिया कि चीन एक बड़ी आर्थिक शक्ति है, तो भारत पर वह दबाव बना सकेगा।

सरकार के कहने पर एक्स से कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गएः मस्क

नई दिल्ली, एजेंसी। अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने पहली बार दावा किया है कि भारत सरकार के आदेश पर कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। साथ ही पोस्ट भी हटाई गई हैं। एक्स ने अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट पर लिखा, 'हम इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं।

- सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर लगाया आरोप यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है

यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। भारत सरकार के आदेश के अनुसार यदि कंपनी एक्स कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक नहीं करती तो उस पर जुर्माने और जेल की सजा हो सकती है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि ब्लॉक किए अकांउट और पोस्ट भारत में नहीं देखे जा सकेंगे। अन्य देशों में इन्हें देखा जा सकेगा। एक्स ने दावा किया कि कानूनी बाध्यता के कारण वह सरकारी आदेश सार्वजनिक नहीं कर सकती। हालांकि, उसका मानना है कि पारदर्शिता के लिए इसे सार्वजनिक करना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक हाई कोर्ट में एक्स की सरकार के खिलाफ अर्जी लंबित है।

इस पर 20 मार्च को सुनवाई होगी। मीडिया के अनुसार, किसान आंदोलन के चलते सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 177 अकाउंट्स ब्लॉक करने के आदेश दिए हैं।

अमेरिका के निजी स्पेसक्राफ्ट की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग

वाशिंगटन। अमेरिका की निजी कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। अमेरिका का ओडीसियस अंतरिक्ष यान गुरुवार को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया।

विज्ञान अंतरिक्ष के विशाल तारों में सोने चांदी की तलाश, वैज्ञानिकों ने नए शोध में लगाया पता

न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचारः पृथ्वी पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी कहां से आया होगा। यह ऐसा प्रश्न है जिसका हल ढूंढने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनरत हैं। अब नए शोध से पता लगा है कि दो न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से सोना चांदी जैसे बहूमूल्य धातुओं की उत्पत्ति संभव है।

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन दिन पर दिन घटते जा रहे हैं, जबकि आबादी का लगातार विस्तार हो रहा है। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि वस्तुओं की मांग बढ़नी है। मगर प्राकृतिक संसाधनो की आपूर्ति कैसे हो। जिसके चलते वैज्ञानिको की नजरें ब्रह्मांड में जा टिकी है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी हमारे नजदीकी ग्रहों व पिंडो पर लगातार अध्ययन कर रहे हैं और

न्यूट्रॉन स्टार की टक्कर का चित्र।

अंतरिक्ष यान भेजकर धातुओं को धरती पर लाने के प्रयास कर रहे हैं। हमारी धरती पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी के भंडार लगातार कम होते जा रहे हैं। इनकी आपूर्ति को लेकर अध्ययन जारी हैं। अब एक नया शोध किया गया है। नेचुरल साइंस विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो ब्रैडली शेरिल की टीम ने पांच आधार पर यह शोध किया है। जिसमे उनका कहना है कि दो न्यूट्रॉन तारे की टक्कर ब्रह्मांड के सबसे भारी तत्वों का संश्लेषण करती है यानी निर्माण होता है। शोधकर्ताओं ने पांच नए आइसोटोप संश्लेषित किए हैं जो मृत तारों के तत्वों को पृथ्वी पर लाने में मदद कर सकते हैं। इस शोध से वैज्ञानिकों यह समझने के लिए एक कदम आगे बढ़ सकते हैं कि कैसे अति-घने, मृत तारों के बीच टकराव से सोने और चांदी जैसे भारी तत्व बन सकते हैं। बहरहाल यह शोध ब्रह्मांड से बहूमूल्य धातुओं की तलाश में पहला कदम है। इस दिशा में प्रयास जारी रखे जाएंगे तो निश्चित ही भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

तारों की टक्कर से ही तत्वों की उत्पत्ति संभव

अब तक के शोध बताते हैं कि भारी तत्वों की उपत्ति तारों से ही होती है। पृथ्वी मे सोना व चांदी भी इन्ही से आया होगा। मगर एक सामान्य तारे से यह उपलब्ध नही हो सकते। इनकी उत्पत्ति तभी संभव है, जब दो विशाल तारों की अंतिम अवस्था में टक्कर हो। तभी उच्च स्तर पर बने ताप से इन तत्वों की उपत्ति संभव है। एक सामान्य तारे से सिर्फ लोहे जैसे धातु ही बन सकती है। नए शोध से इसकी पुष्टि हुई है।

लव जिहाद-धर्मांतरण को लेकर कोटा के तीन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

कोटा, एजेंसी। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि धर्मांतरण एवं 'लव जिहाद' में कथित तौर पर शामिल रहने और प्रतिबंधित 'जिहादी संगठनों' से संबंध रखने के आरोप में सरकारी स्कूल के दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया तथा एक शिक्षिका के खिलाफ जांच शुरू की गई है।

दिलावर ने शुक्रवार को जारी एक वीडियो बयान में कहा कि सांगोद स्थित खजूरी ओदपुर गांव के एक सरकारी माध्यमिक स्कूल के तीन शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है।

सांगोद के एक स्थानीय समूह सर्व हिंदू समाज द्वारा इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपे जाने के बाद शिक्षकों के खिलाफ मंत्री ने कार्रवाई का आदेश दिया। मंत्री ने कहा कि स्कूल में हिंदू लड़की का नाम उसके स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) पर मुस्लिम कर दिया गया। उन्होंने कहा लव जिहाद की साजिश की जा रही है तथा हिंदू लड़कियों को नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने दो शिक्षकों फिरोज खान और मिर्जा मुजाहिद को निलंबित करने का आदेश दिया है और एक शिक्षिका शबाना के खिलाफ कार्रवाई जारी है।